सूर्योदय 5:28 सूर्यास्त 7:06

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19.0 न्यू | 29.4 अधि |
| धर्मशाला | 21.5 न्यू | 34.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73719.03 |
| निफ्टी | 22466.10 |
| सोना 72,030 | चांदी 89,100 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 18 मई, 2024 | 5 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 150, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702




विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार की जरूरत: निर्मला सीतारमण

पृष्ठ 14 पर


अनंत ज्ञान अपील: हर वोट है कीमती, इसे व्यर्थ न जाने दें


## आज का मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु VS चेन्नई सुपर किंग्स

समयः रात 7:30 बजे (बेंगलुरु)

## न्यूज शॉर्ट्स

### राहुल गांधी पर एक हजार रुपए का जुर्माना



**रांची।** मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने के लिए झारखंड हाईकोर्ट में दायर याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से समय मांगे जाने पर उन पर एक हजार रुपए जुर्माना लगाया है। यह मामला वर्ष 2018 का है। राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है।

### शेख शाहजहां की 14 करोड़ की संपत्ति जब्त



**कोलकाता।** ईडी ने संदेशखाली मामले के अभियुक्त शेख शाहजहां की करीब 14 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। इनमें जमीन और बैंक में जमा पूंजी शामिल है। शाहजहां के परिवार की संपत्तियों को भी जब्त कर लिया गया है। इससे पहले इसी मामले में करीब 12.5 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई थी। शाहजहां के अलावा उनके भाई आलमगीर शेख की भी संपत्ति जब्त कर ली गई है।

### नेपाल में भी एमडीएच और एवरेस्ट मसाले बैन

**नई दिल्ली।** देश एवं दुनिया में स्वाद एवं सुगंध के लिए मशहूर भारतीय मसाले हानिकारक कीटनाशक पाए जाने के बाद से लगातार विवादों के घेरे में है। नेपाल ने भी भारत के दो मसाला ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट की बिक्री, खपत तथा आयात पर रोक लगा दी है। इससे पहले अप्रैल में सिंगापुर, हांगकांग एवं में एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ प्रोडक्ट्स में पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की लिमिट से ज्यादा मात्रा होने के कारण उन्हें बैन किया था।

### सुप्रीम कोर्ट से हेमंत सोरेन को राहत नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हेमंत सोरेन के जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले पर सुनवाई की। अदालत ने इस मामले में हेमंत सोरेन को राहत नहीं दी है। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई 21 मई को निर्धारित की है। अब वेकेशन कोर्ट में इस मामले की सुनवाई की जाएगी।

### केजरीवाल के निजी सचिव को फिर नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव को एक बार फिर नोटिस जारी कर शनिवार को पेश होने को कहा है। अगर वे आज भी पेश नहीं होते तो आयोग के सदस्य उसके घर जाकर उनसे सवाल जवाब करेंगे। शुक्रवार को उन्हें राष्ट्रीय महिला आयोग के दफ्तर पेश होना था, लेकिन वह पेश नहीं हुए।

### मणिकर्ण घाटी में महिला ट्रैकर की मौत

**कुल्लू।** मणिकर्ण घाटी के महिला ट्रैकर की गिरने के कारण मौत हो गई है। पति-पत्नी मणिकर्ण-खीर गंगा ट्रैक पर पैदल जा रहे थे। पति-पत्नी जब आइस प्वाइंट पर पहुंचे तो महिला शौच के लिए एक तरफ गई, जहां एक पेड़ और बालन पड़ा हुआ था। महिला ज्यों ही लकड़ी पर बैठी तो महिला लकड़ी के साथ ही खाई की तरफ गिर गई। महिला को जब बाहर निकाला तो महिला की मौत हो चुकी थी। मृतक महिला की पहचान सुंदरी देवी (31) पत्नी निर्मल निवासी गांव व डाकघर दयोट तहसील मुल्थान जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू भेज दिया है। उसके बाद शव को परिजनों को सौंपा जाएगा।

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के बाराबंकी, फतेहपुर और हमीरपुर में की ताबड़तोड़ रैलियां

# आरक्षण को बदलकर कांग्रेस और सपा करना चाहती हैं पाप : मोदी

**एजेंसी, बाराबंकी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूपी के बाराबंकी, फतेहपुर और हमीरपुर में ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां की। इस दौरान उन्होंने हमीरपुर में चुनावी रैली के दौरान कहा कि आपको कांग्रेस से सावधान करने आया हूं। कांग्रेस वाले आपका वोट तो ले लेते हैं, लेकिन सरकार में आते ही सौगात उनको बांटते हैं, जो उनके लिए वोट जिहाद करते हैं। इस बार तो सपा-कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही इरादे साफ कर दिए।

मोदी ने कहा, 'मैंने सपा से कहा था कि आप दिन-रात पिछड़ों की बात करते हैं। आप हिम्मत करके इस षड्यंत्र का विरोध करिए, लेकिन ये सपा वाले मुंह पर ऐसा ताला लगाकर बैठ गए कि मुंह खोलने को तैयार नहीं हैं। क्या ये सपा वालों को भी माफ कर सकते हैं। साथियों कांग्रेस और सपा आरक्षण को बदलकर



पाप करना चाहती हैं। कांग्रेस आपका आरक्षण खत्म कर रही है। सपा उसका समर्थन कर रही है। कांग्रेस कह रही है कि वह सबकी संपत्ति की जांच कराएगी।

फिर आपकी संपत्ति में से एक हिस्सा अपने, जो वोट जिहाद करने वाले हैं, उनको दे देंगे। क्या आप सरकार को अपनी संपत्ति छीनने देंगे? उन्होंने कहा कि इन लोगों ने कर्नाटक में रातों-रात मुसलमानों को ओबीसी बना दिया। वहां के पिछड़े आरक्षण से वंचित रह गए। अब यही मॉडल पूरे देश में लागू करना चाहते हैं।

संविधान बदलकर एससी-एसटी और ओबीसी का पूरा आरक्षण मुसलमानों को देना चाहते हैं। इससे पहले, मोदी ने फतेहपुर और बाराबंकी में भी चुनावी रैली की। फतेहपुर में कहा कि कांग्रेस ने इज्जत बचाने के लिए मिशन-50 रखा है। कांग्रेस-सपा दोनों की कुंडली मिलती है। दोनों भ्रष्टाचार के लिए राजनीति में हैं।

बाराबंकी में उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस वाले सरकार में आए तो फिर से रामलला को टेंट में भेज देंगे। राम मंदिर पर बुलडोजर चला देंगे। इन्हें योगी से ट्यूशन लेनी चाहिए कि बुलडोजर कहां चलाना है और कहां नहीं।

### पानी की समस्या पर खर्च किए 40 हजार करोड़

**पीएम मोदी** ने कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना पर भी काम शुरू हो गया है। केन बेतवा लिंक कैनाल हमारी सरकार ने पानी की समस्या दूर करने के लिए शुरू की थी। इसके लिए 40 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। हमने जल जीवन मिशन शुरू किया। हमने लोगों के घरों तक नल से जल पहुंचाया। हमने इस क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में पानी की टंकियां बनवा दीं। आज इस क्षेत्र के 400 गांवों तक पानी का कनेक्शन पहुंच गया है।

# केजरीवाल और 'आप' के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

## ईडी की 8वीं चार्जशीट में दिल्ली के सीएम का नाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



शराब घोटाला में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने शुक्रवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में आठवीं चार्जशीट दाखिल की। इस चार्जशीट में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) का नाम पहली बार आरोपी के तौर पर दर्ज है। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी और ईडी की रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि वह केजरीवाल और 'आप' को जल्द ही शराब नीति मामले में आरोपी बनाएगी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने बताया कि हमने केजरीवाल और 'आप' के खिलाफ चार्जशीट दायर की है।

ईडी ने यह बात कथित दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को दी गई चुनौती पर सुनवाई के दौरान कही। राजू ने दावा किया कि जांच एजेंसी के पास यह दिखाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि केजरीवाल ने 100 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग की थी और इसका इस्तेमाल आप ने गोवा विधानसभा चुनाव अभियान में किया।

### ईडी ने जताया पर्याप्त सबूत होने का दावा

**ईडी** ने कहा कि हमारे पास सबूत हैं कि अरविंद केजरीवाल एक सात सितारा होटल में रुके थे, जिसके बिल का आंशिक भुगतान मामले के एक आरोपी ने किया था।

# कांग्रेस और विकास का दूर-दूर तक नाता नहीं : अनुराग

## केंद्रीय मंत्री ने कहा-विपक्ष के पास न नेता है, न नीति और नीयत में भी खोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर लगातार चुनाव प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने प्रचार के दौरान मीडिया से बात करते हुए विपक्ष पर जमकर तंज कसा। उन्होंने कहा कांग्रेस और विकास का दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है।

उन्होंने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रायबरेली में होने वाली जनसभा पर कहा, विपक्ष के पास न नेता है, न नीति है और नीयत में भी खोट है। सब एक-दूसरे से अलग लड़ रहे हैं। पंजाब, पश्चिम बंगाल में यह अलग लड़ रहे हैं। दिल्ली में इनके अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया। पांच साल में 10 प्रधानमंत्री ये लोग बनाना चाहते हैं, लेकिन इनकी इच्छा कभी पूरी नहीं होगी। वहीं, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर अनुराग ने कहा कि मैं पहली बार देख रहा हूं कि किसी को भ्रष्टाचार के मामले में जेल भेजा गया हो और कोर्ट ने प्रचार के लिए कुछ दिनों की जमानत दे दी हो और वह व्यक्ति यह कहकर वोट मांग रहा हो कि मुझे वोट दो ताकि मुझे जेल न जाना पड़े। ऐसे में यह साफ दिखता है कि कोई कितना मतलबी इंसान हो सकता है।

पूरी दिल्ली में इन लोगों ने अराजकता फैलाई है। भ्रष्टाचार के नए मामले आए दिन आते रहते हैं। ये भ्रष्ट सरकार के भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं, जो जेल में जाने से बचने के लिए जनता से गुहार लगा रहे हैं।

ये देश के लिए नहीं सोच रहे हैं। ये आज भी अपने लिए ही सोच रहे हैं।

### सीएम के सामने एक महिला सांसद के साथ मारपीट हुई और वह चुप



आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवल मारपीट मामले में अनुराग ठाकुर ने कहा कि कोई भी महिला सांसद के सहयोग में नहीं आया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्यसभा सांसद के साथ जो मारपीट हुई, वह एक सीएम के घर पर हुई है। सीएम के सामने एक महिला सांसद के साथ मारपीट की गई है और वह चुप हैं।

विपक्षी गठबंधन भी अब चुप है। संदेशखाली मामले पर भी वह चुप ही थे। न तो उन्हें संदेशखाली में किसी महिला की चीख सुनाई दी और न ही करोड़ों के 'शीश महल' में स्वाति मालीवाल की चीख सुनाई दी। अनुराग ने कहा कि कानून बनाने वाले ही महिलाओं को पीट रहे हैं, जिसने महिला पर हमला किया वह सीएम के साथ घूम रहा है।

ऐसे लोगों को बचाने के लिए विपक्षी गठबंधन क्यों मजबूर है। सवाल यह है कि महिला सांसद को क्यों पीटा गया? यह सीएम की जिम्मेदारी है कि वह अपने सहयोगी को पुलिस के सामने पेश करें।

# निजी स्वार्थ की राजनीति करने वालों को सबक सिखाए जनता : सुक्खू

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि जो व्यक्ति आम और गरीब व्यक्ति के वोट बटोर कर अपने निजी स्वार्थ की राजनीति करते हैं, उन्हें अब सबक सिखाने का बेहतर समय आ गया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि पैसे के दम पर राजनीतिक करना जिनकी नियती बन चुका है, उनका छुपा हुआ मुखड़ा अब सार्वजनिक हो गया है। समय पर यदि सबक जनता नहीं सिखाएगी तो फिर ईमानदार और भ्रष्टाचारी में कोई फर्क नहीं नजर आएगा। कैप्टन रंजीत सिंह बेहद ईमानदार व्यक्ति हैं। (अनंत ज्ञान)

### भाजपाइयों ने थामा कांग्रेस का दामन

**सुखविंद्र** सिंह सुक्ख के दौरे के दौरान जोल पलाही, खैरी गोशाला, कक्कड़, ऊटपुर, ऊहल व पटनौण में अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा। भाजपाइयों ने सुक्खू के 15 महीनों के कार्यकाल में हुए कार्यों और सरकार की नीतियों में आस्था जताई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में शामिल हुए भी भाजपा कार्यकर्ताओं व युवाओं को उचित मान सम्मान मिलेगा। उनके सभी जायज कार्यों को किया जाएगा।



मुख्यमंत्री के साथ कैप्टन रंजीत सिंह राणा का स्वागत करते लोग।

# लोकसभा के लिए 37 व विधानसभा उपचुनावों के लिए 25 प्रत्याशी मैदान में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा व छह विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए आज छह नामांकन वापस लिए गए हैं। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि नामांकन वापसी के उपरान्त अब संसदीय क्षेत्रों के लिए 37 व विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के लिए 25 उम्मीदवार मैदान में हैं। आज संसदीय क्षेत्र शिमला में दो, कांगड़ा में एक जबकि हमीरपुर और मंडी से कोई भी नामांकन वापसी नहीं हुई।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्रों के उप चुनावों के लिए सुजानपुर और गगरेट में दो-दो जबकि धर्मशाला, लाहौल-स्पीति, कुटलैहड़ तथा



बड़सर से कोई भी नामांकन वापस नहीं हुआ।

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से 10 उम्मीदवार अब मैदान में हैं, जिनमें भाजपा के राजीव भारद्वाज, कांग्रेस के आनंद शर्मा, हिमाचल जनता पार्टी के नारायण सिंह डोगरा, बसपा की रेखा रानी, केहर सिंह व अचल सिंह निर्दलीय, भुवनेश कुमार राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी, जीवन कुमार अखिल भारतीय परिवार पार्टी, देव राज राष्ट्रीय समाज दल तथा एडवोकेट संजय शर्मा अब मैदान में हैं।

# जोगिंद्रनगर में आग बुझाते जिंदा जला बुजुर्ग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर की पंचायत भराड़ू के अलगाबाड़ी गांव में हुए अग्निकांड में 70 वर्षीय बुजुर्ग के जलने से मौत हो गई, जबकि बाप को बचाने के प्रयास में बेटा भी झुलस गया। यह दर्दनाक हादसा शुक्रवार को उस समय पेश आया जब अलगाबाड़ी निवासी अनिरुद्ध चौधरी अपनी गोशाला की छत में रखे भूसे में लगी आग को बुझाने का प्रयास कर रहा था।

आग बुझाने के प्रयास में वह खुद ही आग की चपेट में आ गया। बाप को बचाने के प्रयास में बेटा सुरेश चौधरी भी आग से झुलस गया, जिसे जोगिंद्रनगर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस तथा दमकल विभाग के प्रयासों से आग पर काबू पाया गया व अनिरुद्ध के शव को निकाला गया। जोगिंद्रनगर के तहसीलदार मुकुल शर्मा ने बताया कि पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि मुहैया करवाई है। थाना प्रभारी अश्वनी शर्मा ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया, पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है। शव को नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर पोस्टमार्टम के लिए लाया गया और पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### बाप को बचाने के प्रयास में बेटा भी झुलसा



अलगाबाड़ी गांव में आग पर काबू पाते दमकल विभाग के कर्मचारी व पुलिस।

भाजपा के दो बागी नेताओं पर एक्शन

# राकेश और मार्कंडेय छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने धर्मशाला और लाहौल-स्पीति में पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे राकेश चौधरी और रामलाल मार्कंडेय को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया।

धर्मशाला से राकेश चौधरी और लाहौल-स्पीति से रामलाल मार्कंडेय 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार थे, लेकिन इन दोनों को हार का सामना करना पड़ा था। इसी साल 27 फरवरी को राज्यसभा उपचुनाव में धर्मशाला और लाहौल-स्पीति से कांग्रेस





विधायकों सुधीर शर्मा और रवि ठाकुर ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया था, जिसके चलते विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी थी। बाद में इन दोनों ने भाजपा की सदस्यता ले ली।

भाजपा ने उपचुनावों में इनकी जगह सुधीर शर्मा और रवि ठाकुर को टिकट दिया हैं। इसके विरोध के चलते राकेश और मार्कंडेय ने बतौर आजाद प्रत्याशी अपना नामांकन किया है।

**हाय गर्मी** शुक्रवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा, 23 तक गर्मी ऐसे ही सताएगी

# हिमाचल में और चढ़ा पारा, ऊना @$43.2^0$

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मई माह में पिछले तीन दिन से पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को दिन चढ़ते ही तेज धूप खिल गई, जिसने दिन भर लोगों को बेहाल कर दिया।

प्रदेश में शुक्रवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। चार स्थानों पर अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। ऊना में अधिकतम तापमान जहां 43.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया तो वहीं हमीरपुर के नेरी में भी पारा 43.1 रहा। धौलाकुआं और बिलासपुर में पारा 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नौ स्थानों



पर अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो मैदानी इलाकों में 23 मई तक गर्मी इसी तरह परेशान करेगी। रात को भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। पालमपुर का न्यूनतम तापमान 20.5, जबकि कांगड़ा का 20.4 डिग्री दर्ज किया गया।

### उच्च और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश संभव

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम बदल सकता है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ 18 से 22 मई तक अधिक सक्रिय होगा। उच्च पर्वतीय और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश की संभव है। इससे प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत मिलेगी, हालांकि, सूबे के मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना नहीं है। छह जिलों शिमला, सिरमौर, सोलन, कुल्लू, मंडी और चंबा में कुछ स्थानों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### अधिकतम तापमान डिग्री सेल्सियस में

| | |
|---|---|
| ऊना | 43.2 |
| नेरी | 43.1 |
| धौलाकुआं | 41.7 |
| बिलासपुर | 41.7 |
| बरठीं | 39.6 |
| सुंदरनगर | 38.8 |
| कांगड़ा | 38.6 |
| चंबा | 36.8 |
| हमीरपुर | 36.0 |

# चारधाम यात्रा में वीआईपी दर्शन पर 31 मई तक रोक

**एजेंसी, देहरादून**



चारधाम यात्रा के लिए केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में श्रद्धालुओं की भीड़ प्रशासन के लिए लगातार चुनौती बन रही है। भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने 3 बड़े आदेश दिए हैं। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा है कि चारों धाम के मंदिरों के 50 मीटर के दायरे में रील्स या वीडियो बनाने पर पाबंदी लगाई गई है।

साथ ही वीआईपी दर्शन पर लगी रोक को भी 31 मई तक बढ़ा दिया है। पहले यह रोक 25 मई तक लगाई गई थी। इसके अलावा सरकार ने यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए ऋषिकेश और हरिद्वार में लगाए गए काउंटर को भी तीन दिन तक बंद कर दिया है। यानी अब श्रद्धालु सिर्फ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ही कर सकेंगे।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : *editoranantgyaan @gmail.com* पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## चुनावी चुटकी

### सपेरे ने पिटारा खोल दिया



**सपेरे** पिटारा खोल रहे हैं, सांपों से कुछ बोल रहे हैं। बीन के सुर खोल रहे हैं, सांप भी विष घोल रहे हैं। फुंकार भी हमने सुनी है उनकी, पहचान कोबरा बनी है जिनकी। सपेरे ने करतब दिखाया है, कुछ को खूब भाया है। सफेद बालों वाला कोबरा ऐसा उन्होंने पाला है, अपने काले कारनामे से कर चुका वह घोटाला है। बंद सलाखों में भी नहीं समझा, राजा का दुश्मन ऐसा पुराना है। जिस सपेरे ने इसको पाला, दोस्ताना उससे पुराना है। किसी चुनाव की बेला पर प्रकट होता बहूरूपिया सांप है, सपेरे को भी है मालूम उसका वह किसी का भी नहीं आप है। इच्छाधारी इस नाग की ऐसी है विचित्र कहानी, पिटारे में रहकर जिसको भी डसा उसने नहीं मांगा पानी। सफेद कोबरा की यह प्रजाति, विलुप्त होने की कगार पर है। नहीं छोड़ा विष उगलना, आदत में जो शुमार है। बूढ़ी हो चुकी है काया, छूट रही नहीं मोह माया। रौनकी ताऊ ने भी बोला है, इस सांप ने अक्सर विष घोला है। राजनीति के सपेरों ने, इसकी आदत बिगाड़ी है। लाल बत्ती में भी चलता था, यह सांप ऐसा खिलाड़ी है, जिसने पिटारे से इसको निकाला, वह भी कोई अनाड़ी है। जब जब इसने जहर उगला, अपनी ही हालत बिगाड़ी है। सुर्खियों में रहने के लिए अब तक किए हैं उल्टे काम, बेहोशी का नाटक करके करता रहा है रास्ते जाम। कर्मचारियों का हितैषी बनकर, शोषण करता रहा है जमकर। अब जिनका भी हितैषी बना है, उन्होंने न जाने इसे क्यों चुना है।

**-राजेश शर्मा**

### विरोधी भी बचाने लगे सरकार!

**अब** यह अफवाह किसने फैला दी कि कुछ विरोधी भी सरकार को बचाने में लगे हैं। अब सुना यह जा रहा था कि विरोधी सरकार गिराने जा रहे हैं। शोर तो सुना है, लेकिन आंकड़ों की गणना में तो सरकार चार जून के बाद भी कहीं नहीं जा रही है। इतना ही नहीं ग्रह नक्षत्र भी इतने खराब नहीं हैं। सुक्खू सरकार के हनुमान बनकर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री घूम रहे हैं। विरोधी पक्ष से ही कहीं बात लीक हुई है। अब विरोधी क्यों चाहेंगे कि सरकार अपने बल पर खड़ी रहे। छह की छह सीटें जीतने पर भी सरकार किसी बुलडोजर की टक्कर से भी गिरने की स्थिति में नहीं है, लेकिन कुछ हल्ला मचा रहे थे कि चार जून को प्रदेश में भी नई सरकार बनेगी। समझ में नहीं आ रहा है कि कौन से आंकड़े जोड़े जा रहे होंगे। नौ की स्थिति देख कोई हिम्मत भी करने की नहीं सोचेगा। ऐसे में ख्याली पुलाव पकाया जा रहा है। हो भी सकता है कि सरकार की खुद मर्जी नहीं होगी तो वह गिर जाएगी, लेकिन अभी उनकी ऐसी नियत ही नहीं दिख रही है। अब जब मामला सिर से ऊपर चला गया तो रौनकी ताऊ का सहारा लेना पड़ा है। रौनकी ताऊ सेरी, चौगान, मैक्लोडगंज और रिज का चक्कर लगाकर आए हैं। अफवाह तो ताऊ ने भी नहीं फैलाई है। ताऊ साफ बोल रहे हैं कि अफवाह में उनका कोई हाथ नहीं है। अब ताऊ को सरकार के एक विरोधी नेता की बात पता चली है। इस नेता ने अपनी पत्नी का बहनों वाली योजना का फार्म भरवाया है। उनकी पत्नी ने ही अब सरकार बचाने का अभियान चलाया है।

# प्रदेश में एक ही परिवार सत्ता का ठेकेदार : कंगना रनौत

**अनंत ज्ञान, आनी**



आनी में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत का स्वागत करते समर्थक।

कांग्रेस पार्टी परिवारवाद से ग्रस्त पार्टी है। दिल्ली की तरह हिमाचल में भी केवल परिवार के सदस्यों का ही बोल बाला है। यह बात भाजपा की मंडी लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत ने आनी विधानसभा क्षेत्र के जगातखाना में एक चुनावी नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कही।

कंगना ने कहा कि भाजपा जमीन से जुड़े लोगों को पार्टी में तरजीह देती है, न कि किसी परिवार विशेष के चंगुल में फंसती है। इसका उदाहरण आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार हैं, जो एक मजदूर के बेटे हैं, जयराम ठाकुर एक मिस्त्री के बेटे हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद रेलवे स्टेशन पर चाय बेचा करते थे।

कंगना रनौत ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका परिवार सत्ता का ठेका लेकर बैठा है। इनके परिवार को सत्ता की कितनी भूख है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इनके परिवार से 6 बार मुख्यमंत्री, 8 बार सांसद रह चुके हैं, माता वर्तमान में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष की कुर्सी पर हैं, जबकि खुद विक्रमादित्य सिंह दो बार विधायक रहते हुए इस बार कैबिनेट मंत्री हैं, लेकिन सत्ता की भूख में अब सांसद भी बनना चाहते हैं। कंगना ने कहा कि मैं पूछना चाहती हूं कि क्या प्रदेश में इस परिवार ने ही सत्ता का ठेका ले रखा है क्या बाकी कांग्रेसी युवा नेता नहीं बचे हैं। कंगना रनौत ने कहा कि विधानसभा चुनावों के वक्त कांग्रेस ने प्रदेश की भोलीभाली जनता को झूठे वादे करके ठगा और सत्ता हासिल की थी, लेकिन अबकी बार प्रदेश की जनता विधानसभा चुनावों की तरह धोखा नहीं खाना चाहती।

# जनजातीय क्षेत्रों के विकास में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदानः विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



उदयपुर में चुनावी जनसभा के दौरान विक्रमादित्य समर्थकों के साथ।

मंडी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्रों के विकास में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि रोहतांग सुरंग का निर्माण इस क्षेत्र के लिए कांग्रेस की बहुत बड़ी देन है।

भाजपा का इसमें कोई भी योगदान नहीं है, सिवाए इसके की उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। तत्कालीन यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने इस के लिए बजट दिया और तत्कालीन यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस ऐतिहासिक टनल का शिलान्यास किया था। शुक्रवार को लाहौल-स्पीति जिले के उदयपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह का जनजातीय क्षेत्रों से बहुत ही लगाव था। वह इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं से भली भांति परिचित थे और समय-समय पर उन्हें दूर करते थे। आज इस क्षेत्र में जितना भी विकास हुआ है, वह सब वीरभद्र सिंह की देन है।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में नौतोड़ वन अधिकार अधिनियम, एफआरए प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पारित कर दिया है और यह अभी प्रदेश के राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए लंबित पड़ा है। उन्होंने कहा चूंकि इस अधिनियम को प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने पारित किया है, इसलिए राज्यपाल को इसको अपनी मंजूरी देनी ही पड़ेगी।

विक्रमादित्य सिंह ने लाहौल-स्पीति विधानसभा उपचुनाव में अनुराधा राणा को भी भारी बहुमत से विजय बनाने का आग्रह किया।

# जनता को असल मुद्दों से भटका रही बीजेपी : नरेंद्र तोमर

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के नेताओं की संयुक्त पत्रकार वार्ता आयोजित हुई। इस दौरान इंडिया गठबंधन से जुड़े नेता भाजपा पर जमकर हमलावर हुए और कहा कि भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठबंधन मजबूती से चुनावी लड़ाई लड़ेगा।

मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता नरेंद्र तोमर ने बताया कि शिमला संसदीय सीट से विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के लिए गठबंधन से जुड़े तमाम नेता चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं, ताकि शिमला संसदीय सीट से बढ़त मिल सके। उन्होंने कहा किइ भाजपा लोगों को असम मुद्दों से भटका रही है। भाजपा हमेशा देश में विकास के लिए कांग्रेस को कोसती है, मगर हकीकत यह है कि स्वतंत्रता के बाद देश में जो विकास हुआ, उसमें कांग्रेस पार्टी का विशेष योगदान है।

पत्रकार वार्ता में सीपीआई नेता राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि 2014 के बाद देश में हालात बिगड़े हैं और देखने को मिला है कि देश का संविधान खतरे में है। उन्होंने कहा कि संविधान को बदलने की बात की जा रही है और संविधान से धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद को हटा दिया जाएगा।

# गारंटी देने वाली सरकार ने छीनीं लोगों की सुविधाएंः जयराम

## बोले- हमने विकास को प्राथमिकता दी और कांग्रेस ने प्रतिशोध की राजनीति की

**अनिल शर्मा, मंडी**



चुनाव प्रचार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि जब प्रदेश के लोगों ने मुझे सरकार में रहकर सेवा का मौका दिया तो मैंने पूरे प्रदेश के एक समान विकास को अपना लक्ष्य बनाया। बिना किसी भेदभाव के काम किया। जनहित को सर्वोपरि रखा। समाज के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए हिमाचल को शिखर की ओर ले जाने का काम किया।

पांच साल के कार्यकाल में रिकॉर्ड सड़कें बनाईं, हिमकेयर, गृहिणी, सहारा, शगुन, स्वावलंबन जैसी योजनाओं से प्रदेश के लोगों को सशक्त करने का काम किया। सामाजिक सुरक्षा के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बजट को तीन गुना से भी ज्यादा बढ़ा दिया, लेकिन कांग्रेस सरकार ने लोगों को दस झूठी गारंटियां देकर सत्ता हासिल की और सत्ता में आते ही हमारी सरकार द्वारा जनहित के लिए चलाई जा रही योजनाओं को बंद करने के लिए उनके बजट को रोक दिया।

उन्होंने कहा कि हमने बिना कोई गारंटी दिए जनहित में दर्जनों योजनाएं दीं, जिससे लाखों की संख्या में लोग और उनके परिवार लाभान्वित हुए, लेकिन गारंटी देने वाली सरकार ने वह सुविधाएं आप से छीन लिया। इस छीना-झपटी को ही कांग्रेस विकास कह रही है। आज लोगों को न हिमकेयर से निशुल्क इलाज मिल रहा है और न ही सहारा पेंशन। (अनंत ज्ञान)

### डेढ़ हजार संस्थान किए डिनोटिफाई

**जयराम** ठाकुर ने कांग्रेस द्वारा प्रदेश में कार्यरत डेढ़ हजार संस्थानों को डिनोटिफाई करने पर मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पूर्व की स्व. वीरभद्र सिंह की सरकार ने चुनाव आचार संहिता के लागू होने के ठीक पहले 21 डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा की थी, कोई बजट प्रावधान नहीं किया था, जब हमें मौका मिला तो हमने उन्हें बंद नहीं किया, बल्कि उन्हें चलाए जाने की व्यवस्था की। अब हिमाचल के लोगों की बारी हैं। ऐसी सरकार और ऐसे लोगों की तालाबंदी करें। क्योंकि अब देश में सिर्फ एक ही गारंटी चल रही है, मोदी की गारंटी।

# सुख की सरकार में सुख किसी को नहीं मिलाः सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा।

धर्मशाला उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा का चुनाव प्रचार शुक्रवार को बूथ लेवल पर जारी रहा। सुधीर शर्मा ने धर्मशाला क्षेत्र के तहत आते गढ़ सुकड़ बूथ नंबर 38 और बूथ नंबर 56 ढगवार में सुबह सवेरे लोगों से वोट मांगें।

बूथ अध्यक्षों के नेतृत्व में यहां गांव के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं भी जानीं। ग्रामीण प्रधान, महिलाएं और बाकी गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे और सुधीर शर्मा को उनकी जीत को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि 15 महीने में मुझे बदलाव करना पड़ा। क्योंकि जब धर्मशाला के मुद्दों को लेकर और रोजगार को लेकर आवाज उठाई तो सुक्खू सरकार में कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुख की सरकार तो आई लेकिन सुख किसी को नहीं मिला। धर्मशाला और कांगड़ा के कई बच्चे बाहर राज्यों में नौकरी करते हैं। ज्यादातर कमाई खाने रहने में चली जाती है। ऐसे में जल्द केंद्रीय विश्वविद्यालय तथा आईटी पार्क जैसे रुके कामों को हरी झंडी देनी होगी।

# वह दिन दूर नहीं, जब सुधीर शर्मा भाजपा से भी करेंगे गद्दारीः जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



चुनाव प्रचार अभियान के तहत कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी।

सुधीर शर्मा ने धर्मशाला नगर निगम निर्माण के दौरान लोगों के विरोध के बावजूद जबरदस्ती खनियारा, सकोह और सिद्धपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों को निगम में शामिल कर दिया, लेकिन सिद्धपुर से महज 50 मीटर दूर अपने घर को निगम से बाहर रखा। हालात यह हो गए हैं कि ग्रामीणों को एक पशुशाला तक बनाने में भी दिक्कतें आ रही हैं।

छोटे से छोटे निर्माण कार्य के लिए उन्हें नक्शे अप्रूव करवाने पड़ रहे हैं, इससे ग्रामीणों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ रहा है। यह बात शुक्रवार को आयोजित विभिन्न नुक्कड़ सभाओं के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने कही। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब सुधीर शर्मा भाजपा से भी गद्दारी करेंगे। इस मौके पर देवेंद्र सिंह जग्गी के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी, बाघणी पंचायत प्रधान सुरेश पप्पी, पूर्व प्रत्याशी विजय इंद्र कार्ण, महापौर नीनू शर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनीत धीमान, राकेश सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं सेवादल सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में मांगे वोट



**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिक्षा मंत्री व शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी रोहित ठाकुर व शिमला लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने शुक्रवार को कोठखाई तहसील के उबादेश क्षेत्र की ग्राम पंचायत रतनाड़ी में चुनावी जनसभा की।

रतनाड़ी पंचायत में आयोजित जनसभा में जन संपर्क अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजन से जनसंपर्क किया व उनका आशीर्वाद लिया। जनसभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में प्रचार व मतदान करने की अपील की, इस दौरन ठियोग विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व सीपीआईएम के नेता राकेश सिंघा और ब्लॉक कांग्रेस जुब्बल नावरा कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा जी भी मौजूद रहे।

# चार जून को गठबंधन का धड़ा होगा धराशायीः बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चुनावों की नामांकन प्रक्रिया के बाद चुनाव की तस्वीर साफ हो चली है। उन्होंने कहा कि चार जून को गठबंधन का धड़ा धराशायी हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि मंडी, हमीरपुर, शिमला और धर्मशाला में जो भाजपा के नामांकन के कार्यक्रम हुए उन्होंने कांग्रेस पार्टी की नींद उड़ा दी है और उनकी बौखलाहट बाहर निकल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां देश आगे बढ़ रहा है, वहीं हिमाचल प्रदेश भी तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। एक बार यदि नजर दौड़ाई जाए तो किरतपुर से मनाली फोरलेन हाईवे पर तो 5-6 टनलों और गोबिंदसागर पर बने बड़े-बड़े पुलों ने दूरियों को पाटने का काम किया है। इसी तरह से कांगड़ा से शिमला, मंडी फोरलेन नेशनल हाईवे हिमाचल की तस्वीर को बदलते व दूरियों को समाप्त करते हुए दिखाई देते हैं। वहीं, कांग्रेस की जो वर्तमान प्रदेश सरकार है, वह केवल विकास की राह में रोड़े अटकाने के अलावा कुछ नहीं कर रही है। केंद्र से जो राशि मोदी दे रहे हैं, उसे वह गड्ढे में डाल रहे हैं। 1786 करोड़ रुपए आपदा राहत में दिया, जिसे कांग्रेस सरकार ने भाई-भतीजावाद में बर्बाद कर दिया और गरीब देखता रह गया।

# एससी/एसटी, ओबीसी के आरक्षण पर है कांग्रेस की बुरी नजर : राकेश जम्वाल



**सुंदरनगर।** कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन चुनाव जीतने के लिए तरह-तरह के भ्रामक प्रचार भाजपा के बारे में कर रही है, परंतु देश की जनता 4 जून को एक बार फिर मोदी को चुनकर उन्हें प्रधानमंत्री बनाएगी। भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने इलाका चरखड़ी गांव फेगल, घाड़ी, शरचा, उकड़ी, बाड़ी में जनसंपर्क करते हुए कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा लोगों में भय और भ्रम फैलाते फिर रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी एससी, एसटी और ओबीसी विरोधी हैं और संविधान को खत्म कर देगी, लेकिन सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में एससी एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का पांच प्रतिशत आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देने का काम किया है।

# कांग्रेस के चुनावी पोस्टर में पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह को नहीं मिली जगह

**अनंत ज्ञान, नाहन**



कांग्रेस के चुनावी पोस्टर से गायब पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का फोटो।

देशभर में चुनावी बेला चरम पर है। इस दौरान तमाम राजनीतिक दलों द्वारा अपनी शीर्ष नेतृत्व समेत पूर्व में शीर्ष पदों पर रही हस्तियों को भी प्रचार-प्रसार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश का 6 बार नेतृत्व करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री और आधुनिक हिमाचल के निर्माता कहे जाने वाले वीरभद्र सिंह को हाशिए पर धकेल दिया है।

चुनावी पोस्टर में जहां पहले नंबर पर कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी को स्थान दिया है, वहीं राहुल गांधी और सोनिया गांधी को भी शीर्ष पर रखा गया है, जबकि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चौथे स्थान पर तरजीह दी गई है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजीव शुक्ला, हिमाचल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी इस चुनावी पोस्टर में स्थान दिया गया है। यही नहीं, नाहन कांग्रेस मंडल द्वारा जो चुनावी पोस्टर जारी किया गया है, उसमें स्थानीय विधायक अजय सोलंकी और शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। वीरवार को कांग्रेस भवन में आयोजित विपक्षी गठबंधन की संयुक्त पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पार्टी द्वारा जो चुनावी बैनर लगाया गया था, इस चुनावी बैनर में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को कहीं भी स्थान नहीं मिला है।

इस बारे में जब मीडिया कर्मियों द्वारा पत्रकार वार्ता में मौजूद मंडल कांग्रेस अध्यक्ष और अन्य कांग्रेस नेताओं से पूछा तो उन्होंने इसे हंसी में डालते हुए कहा कि हो सकता है कि भूल से पूर्व मुख्यमंत्री की फोटो छूट गई हो।

**सियासत**

## कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा बोले- भाजपा की सोच समावेशी नहीं, संकुचित

# भाजपा की सोच देश और राज्यों में खींच रही लकीर

**एमएम डैनियल, चंबा**



जो चार सीटें पार का ख्वाब संजोए बैठे हैं और दस सालों के बाद फिर एक ही नाम लोगों को गुमराह कर जुमलों की राजनीति पर वोट मांग रहे हैं, उन्हें कह दें कि हवाओं ने रुख बदल लिया है व देश में बड़ा बदलाव आने वाला है।

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने कहा कि भाजपा की सोच समावेशी नहीं है, बल्कि संकुचित है। भाजपा की संकुचित विचारधारा के चलते देश और राज्यों के अंदर लकीर खींची जा रही है। भाषा और विचार थोप कर देश कमजोर किया जा रहा है। दक्षिण और उत्तर के राज्यों में लकीर खींच दी गई है और देश के कई राज्य जिनका अपना स्वाभिमान है, अपनी आवाज है, अपनी भाषा है वे बेचैन हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार इस बात को नहीं समझ रही है कि उसकी इस सोच के चलते देश में कितनी गंभीर चुनौती पैदा हो रही है। कड़वी भाषा बोल कर और दूसरों को अपमानित करके देश खोखला और कमजोर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर रोज एक ही बात कह रहे हैं, ऐसा दर्शाया जा रहा है जैसे सब कुछ ठीक है, मगर ऐसा नहीं है। चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने कहा कि हम भी अपना घोषणा पत्र लाए हैं भाजपा भी लाई है, मगर भाजपा के घोषणा पत्र में पिछले दस साल में किए गए वादों को पूरा करने का जिक्र तक नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2014 में एक साल में दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया, मगर आज देश की बेरोजगारी रिकार्ड स्तर पर पहुंच चुकी है। अकेले केंद्र सरकार के ही विभागों में 30 लाख सरकारी नौकरियां खाली पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इन पदों को भरने का वचन दिया है। इसी तरह महंगाई कम करने का वादा पूरा नहीं किया, जबकि महंगाई आसमान छू रही है। उन्होंने कहा कि आज देश को आगे ले जाने वालों का अपमान किया जा रहा है। जो राष्ट्र निमार्ताओं और शहीदों का अपमान करता है देश उसे माफ नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि हम उनके दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए काफी हैं। उन्होंने भाजपा व पीएम मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि 2014 से पहले की सरकारों ने जो काम किया है उससे बड़ा काम करके दिखाओ। बच्चा भी जब बार-बार फेल होता है तो उसके सब्जेक्ट बदल दिए जाते हैं, मगर मौजूदा केंद्र सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए झूठ बोल रही है और धर्म व संप्रदाय के नाम पर देश को बांटने का प्रयास कर रही है। उन्होंने अंग्रेजी की एक कहावत का हिंदी में अनुवाद करते हुए कहा कि कुछ लोगों को सारे समय नहीं ठग सकते, सब लोगों को कुछ समय तक ठग सकते हैं, सारे लोगों को सारे समय के लिए नहीं ठग सकते। उन्होंने कहा कि सत्तारुढ़ सरकार सोच रही है कि इस देश के लोगों को कुछ नहीं पता लगेगा, वादा करो और भूल जाओ फिर अगली वार आओ और नया वादा करो, लेकिन इन्होंने जो वादे किए थे वह उनकी रोजी रोटी ओर बच्चों के भविष्य से जुड़े हैं, जनता इन्हें भूलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है, जो काम उन्होंने केंद्रीय मंत्री रहते हुए किए वे जनता के सामने हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी ने जिला चंबा को लेकर अपनी योजनाओं का खुलासा करते हुए कहा कि चंबा पिछड़ा इलाका है। इस इलाके की अपनी खूबियां और संभावनाएं हैं। यहां बहुत काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे यहां की प्राथमिकताओं पर कागज जारी करेंगे। (अनंत ज्ञान)

मतदान का संदेश



जागरूकता अभियान



गोहर : 'मा भी पाणा वोट' स्वीप कार्यक्रम के तहत महानाटी डालते एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट व अन्य तथा मतदान के लिए शपथ लेते लोग सामूहिक चित्र में।

# राजेंद्र राणा के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पूर्व विधायक व सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने भाजपा मंडल की अगुवाई में शुक्रवार को सुजानपुर में रोड शो किया, जिसमें सैकड़ों की तादाद में वर्करों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

सुजानपुर बाजार में डोर-टू-डोर इस रोड शो के दौरान स्थानीय दुकानदारों और जनता से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने राजेंद्र राणा को फूल मालाओं से लाद दिया और उन्हें ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया। इस रोड शो के दौरान स्थानीय लोगों और पार्टी वर्करों का उत्साह देखते ही बनता था। उन्होंने अपने और अनुराग के लिए वोट मांगे।

राजेंद्र राणा 11 बजे मुरली मनोहर मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर भगवान से आशीर्वाद लेकर रोड शो शुरू किया। यहां उनका लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सुजानपुर बस स्टैंड मुख्य बाजार अन्य चौक चौराहों से निकलकर भाजपा प्रत्याशी ने लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर एक शीतला माता मंदिर में भी शीश नवाया।



भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के रोड शो में मौजूद कार्यकर्ता व लोग।

भाजपा ने व्यापारी वर्ग एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात कर रोड शो के बहाने अपना शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजेंद्र ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुक्खू का डेढ़ साल का कार्यकाल चुने हुए विधायकों को जलील करने, उनके क्षेत्र में विकास कार्य ठप कराने और जनता के भरोसे के साथ खिलवाड़ करने का रहा है और इसके लिए सार्वजनिक तौर पर सुक्खू को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र उनके लिए कोई नया विधानसभा क्षेत्र नहीं है। सुजानपुर की जनता ने उन्हें भरपूर प्यार और समर्थन दिया है। जब भी वह यहां की जनता के पास आए हैं, उन्होंने दिल खोलकर मेरा समर्थन किया है।

# जनसेवा नहीं, धन सेवा के लिए राजनीति कर रहे राजेंद्र : सीएम सुक्खू

**विक्रम ढटवालिया, पलाही (हमीरपुर)**

हिमाचल के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सुजानपुर के पूर्व विधायक और भाजपा के प्रत्याशी राजेंद्र राणा पर तीखे और ऐसे आरोप लगाए हैं, जिनसे क्षेत्र की राजनीति और ज्यादा गर्मा गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे राजनीति में केवल धन कमाने के लिए आए हैं। उनका जनसेवा से कोई सरोकार नहीं है।

वे भाजपा की राजनीतिक मंडी में बिके हैं। 14 महीने में वे जनता के काम नहीं, सिरमौर के नैना टिक्कर स्थित अपनी पार्टनरशिप वाले क्रशर की एनवायरनमेंट क्लीयरेंस और अपने राजगढ़ के होटल की सड़क बनवाने के लिए मेरे पास आते थे। उन्होंने यहां तक कह दिया कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत हराया गया है। वह हमीरपुर से चुनाव लड़ते थे। भाजपा के एक खेमे ने उन्हें सुजानपुर से टिकट दिलवाया। धूमल चुनाव हार गए और पूर्व भाजपा सरकार में हमीरपुर जिला को कोई अधिमान नहीं मिला। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के जोल पलाही, खैरी गोशाला, कक्कड़, ऊटपुर, ऊहल, पटनौण व सराकड़ में आईटीआई के पास चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन रणजीत राणा व लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा के लिए वोट की अपील की।



### सुक्खू की फिसली जुबान

**चुनावी** जनसभा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की जुबान पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट मांगने के समय फिसल गई वह कैप्टन रंजीत राणा के लिए वोट मांगने की बजाय भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के पक्ष में ही वोट मांग गए।

सीएम ने कहा कि पहले जो गलती सुजानपुर क्षेत्र के लोगों से हुई थी, उसे अब सुधारना है। मैंने मुख्यमंत्री के नाते पूर्व विधायक से कई बार सुजानपुर दौरे पर आने के लिए कहा, लेकिन वह न नुकुर करते रहे। आपदा में भी उन्होंने मुझे नहीं बुलाया। लोगों की पीड़ा को समझते हुए खुद आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। आपदा में आठ करोड़ रुपए सुजानपुर क्षेत्र को दिए। (अनंत ज्ञान)

# नैतिकता-अनैतिकता व सच्चाई और बुराई के बीच होगा चुनाव : रामलाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में विपक्षी गठबंधन ने एकजुटता का संदेश देते हुए केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश भाजपा पर तीखा निशाना साधा है। शुक्रवार को बिलासपुर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, सीपीआई नेता पूर्व विधायक केके कौशल, माकपा नेता विजय शर्मा तथा आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्णेंद्र मोहन कश्यप ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इन नेताओं ने प्रदेश में लोकसभा की 4 और 6 विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को समर्थन देने का ऐलान किया।



रामलाल ठाकुर ने कहा कि यह चुनाव नैतिकता व अनैतिकता, सच्चाई व बुराई तथा धनबल व जनबल के बीच होगा, जिसमें 4 जून को जनबल की जीत होगी। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश की दिशा और दशा तय करेंगे, ऐसे में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर वोट का विभाजन न हो, उसके लिए विपक्षी गठबंधन एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ रहा है। ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता भलीभांति जान चुकी है कि किस तरह से भाजपा ने प्रदेश सरकार को ऑप्रेशन लोटस के तहत गिरने का प्रयास किया था।

## नड्डा 3 रैलियों को करेंगे संबोधित : बिहारी लाल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चुनावी सक्रियता बढ़ती जा रही है, इसी कड़ी में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल प्रदेश के एकदिवसीय दौरे पर हैं। भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि नड्डा तीन विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे। यह सभाएं विशेष रूप से इन स्थानों कांगड़ा में फतेहपुर, चंबा और सोलन के अर्की में होगी। उन्होंने कहा कि उनकी पहली जनसभा प्रातः 11 बजे रैहण फतेहपुर, कांगड़ा, दूसरी जनसभा चंबा में दोपहर एक बजे होगी और तीसरी सोलन के कुनिहार में दोपहर 3.30 बजे होगी।



उन्होंने कहा कि इन विशाल जनसभाओं को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। उनके संबोधन से हिमाचल में प्रचार को तेजी मिलेगी और भाजपा का कार्यकर्ता बूस्ट भी होगा। इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा के प्रत्याशियों को विजय दिलाने के लिए एक वातावरण का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि अपने अध्यक्ष के स्वागत के लिए कार्यकर्ता उत्साह के साथ तैयारियां कर रहे हैं। उन्हांने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करें, इसके लिए हिमाचल की जनता प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल को सदैव अपना दूसरा घर माना है और हिमाचल के विकास को प्राथमिकता दी है।

## राजीव भारद्वाज ने नूरपुर में मांगा समर्थन

**संजीव महाजन, नूरपुर**

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा वैसे-वैसे चुनावी जनसमपर्क अभियानों में भी तेजी हो रही है। इसी के मद्देनजर कांगड़ा-चंबा लोकसभा ससंदीय क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज के समर्थन नूरपुर शहरी समर्थकों, भाजपा मंडल नूरपुर, भाजपा युवा मोर्चा नूरपुर द्वारा नूरपुर चौगान से शाम 6 बजे डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रत्याशी के लिए दुकानदारों व लोगों से समर्थन मांगा गया।

इस अभियान में नूरपुर विधायक रणवीर सिंह निक्का तथा शहरी समर्थक और भाजपा नूरपुर पदाधिकारी व कार्यकर्ता शमिल रहे। यह अभियान नूरपुर चौगान से नूरपुर बाजार से नियाजपुर तक रहेगा। भारद्वाज ने कहा कांगड़ा क्षेत्र में पिछले डेढ़ महीने जिस तरह भाजपा पार्टी को समर्थन मिल रहा उससे तय है कि नरेंद्र मोदी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। मुझे बहुत अधिक जनसमर्थन के साथ कांगड़ा-चंबा ससंदीय क्षेत्र के लोग दिल्ली भेजने वाले हैं। हम जनता के बीच मुख्य मुद्दे जैसे टूरिज्म की बहुत संभावना है, चंबा-कांगड़ा में उसमें विकास करवाएंगे, और कांगड़ा रेल लाइन को सुदृढ़ करने का प्रयत्न करेंगे।



नूरपुर में जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज व अन्य।

### सेना के बलिदान पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं इंडी गठबंधन के नेता

**डॉ.** राजीव भारद्वाज ने आज अपने चुनावी जनसंवाद के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आंतरिक सीमाओं की सुरक्षा मजबूत हुई है, आज भारतीय सेना का लोहा पूरा विश्व मान रहा है। यह सब प्रधानमंत्री मोदी के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं का दोहरा चरित्र इस बात से भी स्पष्ट हो जाता है अगर न्यायलय किसी भी विषय में विपक्ष की दिलचस्पी का कोई भी फैसला सुनाता है तो देश में लोकतंत्र की जीत और विरोध में कोई फैसला आ जाए तो लोकतंत्र की हत्या बताते हैं। संविधान को खतरा बताते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन सेना के बलिदान पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। आज इनकी सच्चाई देश के सामने आ गई है।

नूरपुर विधायक रणवीर सिंह निक्का ने कहा कि आज जनसंपर्क अभियान चौगान नूरपुर में चला हुआ है यहां पर हमारे सभी वरिष्ठ साथी साथ है और डॉ. राजीव भारद्वाज के लिए समर्थन मांग रहे और पूर्ण विश्वास है कि जिस तरह मुझे नूरपुर की जनता ने आशिर्वाद दिया था, उसी तरह भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज को भी देंगे, हमें इन्हें ज्यादा से ज्यादा मतों से यहां से जीता कर भाजपा पार्टी की झोली में विजय दर्ज करनी है।

## प्रो. धूमल ने अनुराग और राजेंद्र की जीत सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**सुजानपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल बैठक के माध्यम से लोकसभा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा की अधिक से अधिक मतों से जीत सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को एक जून तक लगातार चुनावी मैदान में डटे रहने को कहा, ताकि सुजानपुर हलके से अनुराग ठाकुर व राजेंद्र राणा को ऐतिहासिक बढ़त मिले। जानकारी देते हुए मंडल भाजपा अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री धूमल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को घर-घर तक पार्टी की प्रचार सामग्री, स्टीकर, बैनर झंडे पहुंचाने के निर्देश दिए हैं और एक-एक मतदाता के साथ व्यक्तिगत संपर्क बनाकर उन्हें अनुराग ठाकुर और राजेंद्र राणा के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित करने को कहा।



प्रो. विक्रम राणा ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से अनुराग और उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा को भारी बढ़त दिलाने के लिए कार्यकर्ता दिलो-जान से डटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का लक्ष्य देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के लिए वोट डलवाना है और मोदी के हाथ मजबूत करना है।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



**मेरा** सांसद ऐसा होना चाहिए जो राष्ट्र, राष्ट्रीयता और उसकी संप्रभुता को नई ऊंचाई पर ले जाने की योग्यता रखता हो, जो सिर्फ सुशासन के वादे न करे, बल्कि भारत की आम जनता को स्वराज और स्वतंत्रता का विश्वास भी समग्र विकास के माध्यम से करके दिखाए।

-सुमन कपूर, राजगढ़

**देश** में रोजगार गारंटी योजना तैयार होनी चाहिए जिससे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। बेरोजगारी चरम पर है। रोजगार के लिए निजी क्षेत्र में संभावनाएं हैं, लेकिन निजी क्षेत्र के लिए भी एक रोजगार नीति बनाई जाए।



-जोनू ठाकुर, हमीरपुर, संसदीय क्षेत्र

**जिस** तरह नौकरी के लिए डिग्री और टेस्ट रखे गए हैं, वैसे ही नेता के लिए भी डिग्री आवश्यक योग्यता हो। सांसद नेता जो कोई भी हो पढ़ा-लिखा हो जो जीतने के बाद जनता के बीच काम करे। ऐसा नहीं की जीतने के बाद सीधा वोट मांगने ही आए।



-राकेश राणा, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र



**हमारे** संसदीय क्षेत्र में बीते 10 वर्षों में काफी विकास हुआ है। बात चाहे स्वास्थ सुविधाओं ही हो या बेहतर शिक्षा की। लोग भाजपा के साथ हैं और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अनुराग ठाकुर को भारी मतों से जिताएंगे।

-सुनील, हमीरपुर, संसदीय क्षेत्र

**लोकसभा** चुनावों और हिमाचल प्रदेश के 6 उपचुनावों को लेकर युवा मतदाताओं में काफी उत्साह है। चुनावों में कांग्रेस और भाजपा की कांटे की टक्कर होगी। महंगाई, बेरोजगारी, टैक्स वृद्धि आदि विभिन्न मुद्दों को ध्यान में रख कर मतदान किया जाएगा।



- मनीष घई, कांगड़ा

**मंडी** संसदीय क्षेत्र में बहुत-सी ऐसी जगह है जिनका सौंदर्यीकरण करके आधुनिक तरीके के उपकरण नदियों में लाकर इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा सकता है। जिससे प्रदेश में युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र को विकसित करने पर जोर दें और हिमाचल प्रदेश के प्रमुख मुद्दों को केंद्र में बेबाकी से उठाए।



-विशाल भारद्वाज, मंडी संसदीय क्षेत्र



**अभी** भी हमारी भौगोलिक परिस्थितियां बहुत कठिन हैं। सड़क मार्ग हवाई मार्ग के 6 गुना अधिक है, इसके बारे में आज तक किसी भी सांसद ने कोई बात नहीं की है। देश में केवल राजनीति की जाती है, काम कम होते हैं। सांसद और विधायकों की सुविधाओं में कटौती करनी चाहिए। सब कुछ नेताओं के लिए ही बनाया जा रहा है, जनता के लिए भी कुछ बनाया जाना चाहिए।

-दक्षा बहल, मंडी

**देश** को सशक्त सरकार की जरूरत है। लोकसभा चुनाव में मजबूत नेतृत्व को वोट दिया जाना चाहिए, ताकि हमारी सीमाओं की रक्षा के साथ अंतरिक्ष सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। देश की जागरूक हो चुकी है। लोगों को जागरूक होकर ही अपना मतदान करना चाहिए।



-राजतिलक नेगी, सोलन

**सड़कों** पर घूमता हुआ बेसहारा पशु व आवारा कुत्ते दयनीय हालत में घूमने को विवश हैं। ये आजकल फसल के सीजन में लोगों की क्रूरता का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में हमें अपने जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा है कि जानवरों को प्रति क्रूरता और उनके उचित संरक्षण व संवर्धन के लिए उचित कदम उठाने की कोशिश करें।



-सीता राम वर्मा, मंडी संसदीय क्षेत्र

## कांग्रेस सरकार ने गारंटियों के नाम पर जनता को ठगा : पवन काजल

**धर्मशाला।** सुधीर शर्मा के पक्ष में वोट मांगने के लिए कांगड़ा से भाजपा विधायक और चुनाव प्रभारी पवन काजल धर्मशाला पहुंचे। इस दौरान पवन काजल ने कहा कि मौजूदा सरकार ने धर्मशाला के साथ अनदेखी की है। सुक्खू सरकार को झूठी सरकार का तमगा देते हुए कहा कि आपको पता है सरकार ने कैसे गारंटियों के नाम पर जनता को ठगा। इस मौजूदा सरकार को बदलना है और भाजपा की सरकार देश-प्रदेश में बनानी है। 25 साल तक भाजपा हिमाचल से जाने वाली नहीं है। वहीं भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने सीएम सुक्खू पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री दाड़ी आते हैं और लोगों से अपील करते हैं कि ऐसा सोच लेना कि मैं ही प्रत्याशी हूं, मुझे ही वोट डालना, लेकिन आज ये हालात उन्होंने ही बनाएं हैं। उन्हें सीएम 5 साल के लिए बनाया था तथा उनको चाहिए था कि काम करते। सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला का विकास करते तो यह नौबत नहीं आती।



# बिलासपुर की गर्मी में कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल राजयादा की बिगड़ी तबीयत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव को महज 14 दिन शेष रह गए हैं, ऐसे में मई महीने की चिलमिलाती गर्मी के बीच भी भाजपा व कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जनता के बीच में जाकर अपने लिए वोट की अपील कर रहे हैं। वहीं बात करें हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल रायजादा की तो बिलासपुर के घुमारवीं शहर में कैंपेन के दौरान अचानक से उनकी तबीयत खराब हो गई और वह एक दुकान में जाकर कुछ देर के लिए बैठ गए।

गौरतलब है कि हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने बिलासपुर जिला के मुख्य बाजरों में अपना कैंपेन शुरू किया है। जिसकी शुरुआत शहतलाई से करते हुए घुमारवीं पहुंचे थे और यहां पहुंचने पर जैसे ही उन्होंने ठंडा पानी पिया की अचानक से उनकी तबीयत खराब हो गई और वह एक दुकान के सोफे पर आराम करने के लिए बैठ गए।

**घुमारवीं शहर में कैंपेन के दौरान आया चक्कर, एक दुकान में जाकर किया आराज**



वहीं करीब आधा घंटा आराम करने के बाद सतपाल रायजादा की तबीयत में कुछ सुधार आया और फिर कैंपेन के लिए निकल गए। वहीं सतपाल रायजादा ने कहा कि इस बार गर्मी कुछ ज्यादा है और ऐसे में सुबह से ही वह कैंपेन में निकले हुए है। जैसे ही उन्होंने पानी पिया तो एकदम उनकी तबीयत खराब हो गई, लेकिन अब वह ठीक हैं और चुनावी माहौल में छोटी-छोटी दिक्कतें सामने आती रहती हैं। मगर उनका मकसद है तो चुनावी जंग जीतने का, जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता व नेता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और हमीरपुर संसदीय सीट से उन्हें जीत दिलाने के लिए शहर से लेकर गांव तक हर जगह उनके साथ चल रहे हैं।

**राजनीति** प्रभु श्रीराम जी के मंदिर को ताला लगा कर फिर से टेंट में भेजने के सपना देखते हैं विपक्षी : कश्यप

# श्रीराम को न मानने वाले लोग भारत के नहीं हो सकते

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शिमला लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप का चुनाव प्रचार लगातार जारी है। उन्होंने दून विधानसभा के जाडला, कुणहड़ और मंडेसर ग्राम पंचायत में जनसंपर्क अभियान शुरू किया। दून की जनता ने तय कर लिया है कि यहां से भाजपा को भारी मतों से लीड दिलाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करानी है।

अपने जनसंवाद की कड़ी में उन्होंने विपक्षी गठबंधन व कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेता सनातन धर्म को प्रतिदिन उठकर गालियां देते हैं व प्रभु श्रीराम जी के मंदिर को बंद करके ताला लगाकर फिर से टेंट में भेजने के सपना देखते हैं।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर भाजपा व मोदी सरकार की गारंटी थी, जो कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरा किया। राम मंदिर का निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व भर में सनातन संस्कृति को मानने वाले लोगों के लिए गर्व का विषय है।



चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप समर्थकों के साथ।

उन्होंने बताया कि श्रीराम को नहीं मानने वाले लोग भारत के नहीं हो सकते। आज सनातन संस्कृति का प्रसार पूरे विश्व में हो रहा है व सनातन पूरे विश्व को वैश्विक शांति का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। चुनावी जनसभा में सुरेश कश्यप ने कहा कि पीएम मोदी के रहते धर्म के नाम पर दलितों-पिछड़ों के आरक्षण की लूट करने की बात ये सोच भी नहीं सकेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी पिछड़े वर्ग व दलित समाज के उत्थान के लिए कई योजनाओं के साथ लगातार प्रयासरत हैं। उन्होने आश्वस्त करते हुए कहा कि जब तक हैं तब तक पिछड़े, आदिवासी, दलितों के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता।

कांग्रेस का खेल खतरनाक है और ये यहां आपसे वोट मांग रहे हैं। दक्षिण में जाकर उत्तर प्रदेश के लोगों को अपमानित करते हैं। अनाप-शनाप बोलते हैं। सपा और कांग्रेस कहती है कि देश का विकास तो अपने आप ही हो जाएगा, मेहनत करने की क्या जरूरत है? कांग्रेस की मानसिकता के दो ही किनारे हैं। एक ये कहते हैं कि अपने आप हो जाएगा और दूसरा ये कहते हैं कि क्या होगा? कांग्रेस ने 60 साल देश पर राज किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन मात्र झूठ, तुष्टिकरण, परिवारवाद और भ्रष्टाचार का सामान बेचते हैं। कांग्रेस के शिमला के प्रत्याशी भी इसी परिवारवाद का एक बड़ा उदाहरण है।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

## स्कूटी की टक्कर से दो घायल

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत एसबीआई बैंक बड़ोल के पास स्कूटी (नं. एचपी 96-2411) चालक इशान चौहान निवासी वुरला लाहड़ तहसील धीरा जिला कांगड़ा ने अपनी उपरोक्त स्कूटी को तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाते हुए सड़क पार कर रहे अरविंद व प्रनिका निवासी बड़ोल तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा को टक्कर मार दी। इस टक्कर से उन्हें गंभीर छोटें आईं। लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। इस संदर्भ में पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अज्ञात शव का किया अंतिम संस्कार

**देहरा।** ब्लाक खंड परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सवाणा के वार्ड नं.- 1 में गत 13 मई को मिली सड़ी गड़ी लाश की चार दिन बाद भी पहचान न होने के कारण वीरवार देर सांय पुलिश व अन्य प्रशासन की मौजूदगी में शव का डाडा सीबा शमशान धाट में विधिवत ढंग से अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# बैजनाथ के ततवाणी में व्यक्ति की संदिग्ध मौत, बेटे को हत्या का शक

## मामला दर्ज, बेटे ने प्रदेश सरकार व पुलिस से मामले की जांच करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ उपमंडल के ततवाणी नामक जगह पर एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में ढांक से गिर जाने से मौत हो गई। मृतक के छोटे बेटे ने पिता की हत्या की शंका जाहिर की है।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान जग सिंह (55) पुत्र नथूराम निवासी संसाल के रूप में की गई है। मृतक व्यक्ति देओल निवासी हंसराज के पास भेड़ बकरियां चराने का काम करता था। उसने अपनी भी भेड़ बकरियां रखी हुई थी। हंसराज ने बताया कि जग सिंह बकरियों को उनके एक अन्य कर्मचारी के पास जंगल में छोड़कर अपने घर आ रहा था तभी रास्ते में उनके साथ यह हादसा हो गया। मृतक की मौत लूणी पावर हाउस-3 से 200 मीटर की दूरी पर छछरू नाले के पास ढांक से गिरने से हुई है।

मृतक के छोटे पुत्र अजय कुमार ने बताया कि 15 मई बुधवार को शाम 5:30 के करीब उनको उनके पिता का फोन आया कि वह घर आ रहे हैं जब 6:30-7:00 के करीब उन्होंने दोबारा फोन किया तो उनके पिता का फोन बंद आया उसके बाद वह फोन करते रहे लेकिन उनका फोन बंद ही आता रहा तब उन्होंने सोचा कि रास्ता लंबा होने की वजह से उनके पिताजी कहीं रास्ते में ही रुक गए हैं। जब सुबह 11:00 बजे तक उनके पिता घर नहीं पहुंचे तो उन्हें चिंता सताने लगी अब उन्होंने अपने अन्य रिश्तेदारों को इसके बारे में बताया और वे सभी लोग लूणी पावर हाउस, तातवाणी तथा उसके आसपास इलाकों में उनकी खोज में निकल गए, परंतु उन्हें कोई भी जानकारी अपने पिता के बारे में नहीं मिल सकी। इस उपरांत उन्होंने इस बारे पुलिस को सूचना दे दी। इसके बाद पुलिस तथा बुलाई गई रेस्क्यू टीम और रिश्तेदारों के साथ अपने पिता की खोज में निकल गए। खोज के दौरान छछरू नाले के समीप उनके पिता मृत रूप में पाए गए।

अजय ने आशंका जहिर करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि उनके पिता की मौत गिरने से नहीं बल्कि उनकी हत्या की गई है, क्योंकि पूछताछ में पाया गया है कि उनके साथ कुछ और लोग भी थे तथा उनके पिता के पास पाए गए जूते में एक जूता उनके पिता का तथा अन्य जूता किसी और का था। उन्होंने प्रदेश सरकार तथा पुलिस से भी मांग की है कि इस सारे मामले में निष्पक्ष जांच की जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है। मौत कैसी हुई का पता पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही लग सकेगा।



प्रदेश कांग्रेस एससी सेल के उपध्यक्ष रविंद्र बिट्टू मृतक के परिवार जनों को ढांढस बंधाते हुए।

### मामले की होगी जांच : बिट्टू

**इस** मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस के एससी सेल उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू ने सिविल हॉस्पिटल अस्पताल बैजनाथ पहुंचकर मृतक के परिवार जनों से भेंट की तथा उन्हें आश्वासन दिलाया कि उनके पिता के मामले में गहन जांच की जाएगी तथा अगर कोई इस मामले में दोषी पाया जाता है तो उसे नहीं बक्शा जाएगा।

# धर्मशाला में मुख्य सचिव ने की निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा



एनआईसी के सभागार में चुनाव की तैयारियों को लकर आयोजित बैठक अध्यक्षता करते मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना।

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने शुक्रवार को धर्मशाला में एनआईसी के सभागार में कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र तथा धर्मशाला विस उपचुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में जुटे सभी अधिकारी तथा कर्मचारी कर्तव्यनिष्ठता व ईमानदारी से कार्य करें ताकि स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया को पूरा किया जा सके।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरश अनुपालना भी सुनिश्चित की जाए तथा चुनावी कार्य के लिए तैनात वीडियो निगरानी दल, स्टैटिक निगरानी दल व उड़न दस्तों में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से आपस में समन्वय के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिए गए।

प्रबोध सक्सेना ने कहा कि कांगड़ा जिला सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा तथा चेकिंग की सुदृढ़ व्यवस्था की जाए ताकि किसी भी स्तर पर निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित नहीं हो सके। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने पोलिग बूथों पर उपलब्ध करवाई जा रही सुविधा के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की तथा मतदान से लेकर मतगणना तक की प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने जिला निर्वाचन विभाग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के प्लान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री तथा पुलिस अधीक्षक अशोक रतन ने भी पुलिस प्रशासन की ओर से निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैयार प्लान के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कई अधिकारी उपस्थित थे।

## कैफे में मृत मिला 34 वर्षीय युवक

**मैक्लोडगंज।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत एक कैफे में सोये स्थानीय युवक की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 34 वर्षीय दाड़नू निवासी दलजीत पुत्र राजू राम के रूप में की गई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना को पार्षद ओंकार नेहरिया ने सूचना दी कि अप्पर भागसू में स्थित एक कैफे में एक लड़का मृत अवस्था में पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो कैफे के कमरे में फर्श पर गद्दे पर एक शव पड़ा मिला। इसके बाद परिजनों को बुलाकर उनकी उपस्थिति में मृतक के शरीर का निरीक्षण किया गया तथा मृतक के शरीर पर कोई चोट नहीं पाई गई।

पूछताछ करने पर कैफे स्टाफ ने बताया कि दलजीत कुमार, पहले भी कैफे में रहता था। वो वीरवार रात को कमरे में आया और तीन लोग एक कमरे में सो गए। दलजीत कुमार को रात में बाथरूम में उल्टी भी हुई। सुबह 7 बजे जब दलजीत को जगाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठा। इसके बाद दोबारा 9 बजे फिर से उसे जगाने लगे तो वो अचेत मिला। इसके बाद आसपास के लोगों के अलावा पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मृतक के परिजनों ने उसकी मौत को लेकर कोई संदेह व्यक्त नहीं किया है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में पुलिस थाना मैक्लोड़गंज में सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मामला दर्ज किया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

# शाहपुर का जनसमर्थन कांग्रेस के साथ :केवल पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

प्रदेश सरकार में उप मुख्य सचेतक और शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में कांगड़ा-चम्बा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में चतरेर, क्यारी नजदीक पंचायत घर, क्यारी धीमान बस्ती, महाड़, सिहुंवा खोली, पेड, सिहुंवा, घटनालू, छतड़ी में चुनाव प्रचार करके नुक्कड़ सभाएं करके वोट डालने की अपील की।

उन्होंने कहा कि शाहपुर का जनसमर्थन कांग्रेस के साथ है।



चुनाव प्रचार के दौरान केवल पठानिया का स्वागत करते लोग।

पठानिया ने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है, इसलिए हमें कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीतवा कर संसद भेजना है। पठानिया कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 10 वर्षों का कार्यकाल जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। मोदी सरकार के किए गए वायदे मात्र जुमले साबित हुए। भाजपा सरकार के दिग्गज नेताओं ने ही मोदी सरकार के वायदों को जुमला बता कर जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा अपने चुनाव प्रचार में जनहित के मुद्दों और अपनी उपलब्धियों की बात नहीं कर रही है जबकि वह सांप्रदायिक मुद्दों को हवा देकर आपसी भाईचारे को खराब करने का प्रयास कर रही है।पठानिया ने कहा कि यदि केंद्र की भाजपा सरकार ने लोगों से किए वायदों को पूरा किया होता तो वह विकास कार्यों पर चुनाव लड़ते लेकिन जनता को गुमराह करने के बाद भाजपा के पास अब सांप्रदायिक मुद्दे ही शेष बचे हैं।

उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों को समझ चुकी है और अब देश में बदलाव की लहर है। भाजपा ने देवभूमि को किया शर्मशार, हिमाचल प्रदेश की देवी-देवताओं की पवित्र धरती को भाजपा ने शर्मशार किया है।

# ब्यास में वॉटर बोटिंग के साथ पेंडल बोटिंग भी

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

ब्यास नदी में मोटर बोटिंग करने के शौकीन हैं, और ब्यास नदी में पेंडल बोटिंग करना चाहते हैं, तो इन दिनों संधोल-हारसीपतन ब्यास नदी में विक्रम वॉटर स्पोर्ट्स के नाम से मोटर वॉटर बोटिंग के साथ पेंडल बोटिंग करवाई जा रही है।

मोटर वॉटर बोटिंग व पेंडल बोटिंग ब्यास नदी में करवाने का समय सुबह 6.30 से शाम 7 बजे तक रखा गया है। विक्रम वॉटर स्पोर्ट्स के संचालक खैरी गांव के निवासी विक्रम सिंह का कहना है कि मुझे बचपन से ही शौक था कि मैं वॉटर स्पोर्ट्स से संबंधित एक्टिविटी ब्यास नदी में करवाऊं। आज कठिन मेहनत करने के बाद यह सपना साकार हुआ है।



विक्रम वॉटर स्पोर्ट्स सभी मापदंडों में सही होने के बावजूद और सुरक्षा के अच्छे इंतजाम सही पाए जाने के बाद आज वॉटर स्पोर्ट्स की एक्टिविटी संधोल- हारसीपतन ब्यास नदी में करवा रहे हैं। वॉटर स्पोर्ट्स के संचालक विक्रम सिंह का कहना है कि आज के समय में 3 जिलों से व्यक्ति यहां पहुंच करके मोटर वॉटर बोटिंग के साथ पेंडल बोटिंग कर रहे हैं। यह जयसिंहपुर से 8 किलोमीटर दूरी पर है। ब्यास नदी में जलपरी वॉटर मोटर बोटिंग में सैर करने के लिए 600 से 800 रुपए तक किराया रखा गया है, जिसमें 20 मिनट तक ब्यास नदी में जलपरी मोटर वॉटर बोटिंग 2.50 किलोमीटर तक सैर करवाई जाती है। पेंडल बोटिंग दो सीटर का किराया 200 रुपए रखा हुआ है, इसमें सैर करने के लिए 1 घंटे का समय रखा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं : आदर्श शर्मा

## श्री शिवमहापुराण कथा के 5वें दिन शिव-पार्वती विवाह का वर्णन सुन भावुक हुए श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, गरली**

गरली के गांव मनियाला में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा के 5वें दिन अंतरराज्यीय कथा व्यास भागवत रसिक आदर्श शर्मा ने शिव पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाकर पंडाल में बैठे हर किसी को भाव-विभोर कर दिया।

प्रसंग बताते हुए आचार्य आदर्श शर्मा ने कहा कि यह पवित्र संस्कार हैं, लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है, ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता।

भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। जब सती के विरह में भगवान शंकर की दशा दयनीय हो गई, सती ने भी संकल्प के अनुसार राजा हिमालय के घर पर्वतराज की पुत्री होने पर पार्वती के रूप में जन्म लिया। पार्वती जब बड़ी हुईं तो हिमालय को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। एक दिन देवर्षि नारद हिमालय के महल पहुंचे और पार्वती को देखकर उन्हें भगवान शिव के योग्य बताया। इसके बाद सारी प्रक्रिया शुरु तो हो गई, लेकिन शिव अब भी सती के विरह में ही रहे। ऐसे में शिव को पार्वती के प्रति अनुरक्त करने कामदेव को उनके पास भेजा गया, लेकिन वे भी शिव को विचलित नहीं कर सके और उनकी क्रोध की अग्नि में कामदेव भस्म हो गए।

इसके बाद वे कैलाश पर्वत चले गए। तीन हजार सालों तक उन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए तपस्या की। इसके बाद भगवान शिव का विवाह पार्वती के साथ हुआ। कथा स्थल पर भगवान शिव और माता पार्वती के पात्रों का विवाह कराया गया। विवाह में सारे बाराती बने और खुशिया मनाई।

कथा में भूतों की टोली के साथ नाचते-गाते हुए भगवान शिव की बारात आई। बारात का भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शिव-पार्वती की सचित्र झांकी सजाई गई। विधि-विधान पूर्वक विवाह संपन्न हुआ। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और विवाह की रस्म पूरी हुई। महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।





मनियाला में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा में मौजूद श्रद्धालु तथा प्रवचन करते आचार्य आदर्श शर्मा।

# कांग्रेस लोकसभा में मारेगी चौका और विधानसभा में छक्का : गोमा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

चार जून को हिमाचल की चार लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव की 6 सीटें कांग्रेस की झोली में होंगी। यह बात आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने वीरवार को जयसिंहपुर में चुनावी कार्यालय के शुभारंभ के उपरांत पत्रकारों से कही।

उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू के नेतृत्व में इस बार कांग्रेस इतिहास रचेगी। गोमा ने कहा कि जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है तब से हर वर्ग परेशान है। बेरोजगारों को मोदी सरकार ने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने की बात कही थी, लेकिन बेरोजगार सड़कों पर हैं। सेना में अग्निवीर योजना से सेना में भर्ती होने के इच्छुक युवा निराश हैं। गोमा ने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर अग्निवीर योजना को बंद कर पहले की तरह सेना में भर्ती की जाएगी।

इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गोमा ने आनंद शर्मा की जीत के लिए जी-जान से काम करने को कहा। गोमा ने कहा कि वे कांग्रेस का न्याय पत्र जन-जन तक पहुंचाएं कि सत्ता में आने पर हर वर्ग के लिए कांग्रेस क्या करने जा रही है।



जयसिंहपुर में समर्थकों के साथ आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा।

## सुजानपुर की महिला झुलसी

**पठानकोट।** गैस सिलेंडर से लीकेज होने पर सुजानपुर की एक महिला गंभीर रूप में घायल हो गई। एसएमओ डॉ. सुनील चंद ने कहा कि करीब तीन दिन पहले उनके पास घायल 50 वर्षीय राज कुमारी उपचार के लिए आई थी और डाक्टरी जांच में यह सामने आया है कि महिला की रसोई में गैस चूल्हे पर चाय बनाने लगी। गैस लीकेज होने के कारण आग सिलेंडर के रैगूलेटर तक पहुंच गई और उसी आग की चपेट में महिला आ गई। घायल महिला का सिविल में उपचार चल रहा है और करीब 25 प्रतिशत तक महिला झुलस चुकी है।

# मतदान के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

जिला चुनाव अधिकारी कम डिप्टी कमिश्नर पठानकोट आदित्य उप्पल के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला नोडल अधिकारी स्वीप कम जिला भूमि रक्षा अधिकारी गुरप्रीत सिंह की योग्य अगुवाई में आज पठानकोट कैंट रेलवे स्टेशन में जिला स्वीप टीम की ओर से वोटर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला स्वीप टीम की ओर से यात्रियों को वोटर जागरूकता के प्रति जागरूक किया गया। जिला स्वीप टीम के अधिकारियों ने कहा कि लोकसभा चुनावों को मुख्य रखते हुए जिला पठानकोट में 80 फ़ीसदी मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



मतदाताओं को जागरूक करते समय स्वीप टीम सामूहिक चित्र में।

**समस्या** 12 पटवार सर्किल के लोग एक ही जगह काम करवाने को मजबूर

# हरिपुर में जल्द बने राजस्व विभाग की कंबाइंड बिल्डिंग

**संधू, हरिपुर**

12 पटवार सर्किल जिसमें हरिपुर कानूनगो के पास हरिपुर, त्रिपल, बनखंडी, भरदूं, बंगोली, खैरियां पट्वार वृत तथा बिलासपुर कानूनगो के पास नदपुर गुलेर, धार, बिलासपुर, सकरी, चंदुआ पटवार वृत का जिम्मा हरिपुर तहसील के ऊपर है। इन सभी पटवार सर्कल का कुल रकवा 12572 हेक्टेयर है। तथा कुल जनसंख्या 45450 लगभग है और यह तहसील आज भी वर्षों से कानूनगो दफ्तर में चल रही है, जिसके मात्र 4 कमरे हैं। यहीं पर नायब तहसीलदार बैठते हैं। और यहीं पर तहसीलदार बैठते हैं तथा यहीं पर ही बाकी का पूरा ऑफिस स्टाफ बैठता है।

बदहाली का आलम तो यह है कि इन 12 पटवार सर्किल के लोग जब यहां काम करवाने आते हैं तो उनको बैठने के लिए उचित जगह की भी व्यवस्था नहीं है। लोगों को धूप में खड़े होना पड़ता है।

लगभग तीन चार साल से बात उठ रही है की हरिपुर में एक कंबाइंड बिल्डिंग बनाई जाएगी जहां पर सारे दफ्तर होंगे। आइए आज इसके ऊपर इस खबर के माध्यम से प्रकाश डालते हैं कि यह बिल्डिंग कब बनेगी और कैसे बनेगी। हरिपुर मैदान में जहां पहले कन्या उच्च विद्यालय हुआ करता था वहां पर बिल्डिंग को डिस्मेंटल करके इस तहसील की प्रस्तावित कंबाइंड बिल्डिंग का निर्माण होना है। बिल्डिंग भी डिस्मेंटल हो चुकी है।

स्कूल को भी कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग में शिफ्ट किया जा चुका है और शिक्षा विभाग से राजस्व विभाग हरिपुर को कुल भूमि 4 कनाल 8 मरले जमीन राजस्व विभाग के नाम 24.11.2021 हो चुकी है। लोग इंतजार में हैं कि कब इस बिल्डिंग का काम शुरू हो। सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित कंबाइंड बिल्डिंग में तहसीलदार ऑफिस, ट्रेजरी ऑफिस, नायब तहसीलदार, ऑफिस सीडीपीओ, ऑफिस तहसील वेलफेयर ऑफिस तथा सभागार के साथ-साथ अन्य छोटे-मोटे ऑफिस भी बनने हैं। स्थानीय लोगों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द इस बिल्डिंग का निर्माण करके लोगों को सुविधा मुहैया करवाई जाए। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षकों ने सीखे अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने के गुर

**डाडा सीबा।** प्रारंभिक शिक्षा खंड डाडा सीबा के अंतर्गत राजकीय, प्राथमिक पाठ्शाला नंगल चौक में प्राथमिक शिक्षकों के लिए पहली तथा दूसरी कक्षा को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने के लिए अप स्किलिंग कैपेसिटी बिलडिंग के तहत 16 तथा 17 जून को सेमीनार का आयोजन किया गया। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डाडा सीबा परमिंद्र सिंह ने बताया कि इस सेमीनार में लगभग 100 के करीब शिक्षकों ने भाग लिया। अगली कार्यशाला 18 तथा 19 जून को होगी। इस अवसर पर खंड परियोजना अधिकारी सुदर्शन कुमार, खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पवन कुमार भी उपस्थित रहे। सिसोर्स पर्सन के रूप में अश्वनी सपेहिया प्रवक्ता अंग्रेजी, सुरेश कुमार प्रवक्ता गणित एवं धीरज शर्मा जेबीटी ने अपनी सेवाएं दीं।

### साहित्यकार की पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन कल

**पपरोला।** हिमाचल प्रदेश के प्रतिष्ठित साहित्यकार शेष अवस्थी की पुण्यतिथि पर अर्पण सेवा समिति मलघोटा (बैजनाथ) जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश द्वारा उनकी मधुर स्मृति में अगामी 19 मई को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक शेष जी के साहित्यिक योगदान पर परिचर्चा एवं वार्षिक कवि सम्मेलन का आयोजन उनके पुत्र रजनीश अवस्थी के निवास स्थान पपरोला में (नजदीक हिमालयन स्कूल) में किया जाऐगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत कर्नल विवेक प्रकाश सिंह जी होंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व सैनिक एवं प्रसिद्ध स्तम्भकार अनुज आचार्य, डॉ धनीराम सांख्यान, होंगे। शेष साहित्य सदन के संयोजक एवं साहित्यकार शक्ति चंद राणा ने जिला कांगड़ा के साहित्यकारों एवं कवियों को इस कवि सम्मेलन में शिरकत करने का आग्रह किया है।

### नूरपुर में 24 मई को होगा दूसरा पूर्वाभ्यास



**नूरपुर।** सहायक निर्वाचन अधिकारी(एसडीएम) गुरसिमर ने जानकारी दी है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए पहली जून को होने वाले मतदान को लेकर नूरपुर विस क्षेत्र के पीठासीन, मतदान अधिकारियों सहित सेक्टर ऑफिसर्स को राजकीय आर्य डिग्री कालेज में दूसरा चुनावी पूर्वाभ्यास 24 मई को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरा पूर्वाभ्यास 22 मई को निर्धारित किया गया था लेकिन ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशासनिक कारणों से इसकी तिथि में आंशिक बदलाब किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्वाभ्यास के उपरांत इस विधानसभा क्षेत्र से चुनावी ड्यूटी के लिए तैनात मतदान अधिकारियों को ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अन्य विधानसभा क्षेत्रों के लिए जारी आदेशों के तहत 29 मई को संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी को आगामी ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करनी होगी। उन्होंने बताया कि नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया के संचालन के लिए अन्य क्षेत्रों से तैनात पीठासीन, मतदान अधिकारियों सहित सेक्टर ऑफिसर्स को ट्रेनिंग दी जाएगी।

### भाजपा मंडल बैजनाथ शहरी के मुनीष सूद बने उपाध्यक्ष

**बैजनाथ।** भाजपा मंडल बैजनाथ शहरी भाजपा अध्यक्ष धीरज नंदा ने कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें मुनीष सूद उपाध्यक्ष, हरीश अरोड़ा महासचिव, राहुल सूद संयुक्त सचिव,अमर दीप अरोड़ा कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए। इसके अतिरिक्त राघव सदाना, चेतन महाजन, नीरज सूद, प्रिंस, जसवंत शर्मा, कविश, अभिवादन, कुणाल सूद, शिवा ग्रोवर, चंदन सहगल, शम्मी मक्कड़, जॉनी प्रकाश, संजय कुमार, मृदुल सूद, संचित सूद, सुमित सूद, दीपक सूद, रमन गुप्ता, रित्विक सूद, नमित नंदा, अभिनव, नमन सूद, सुमित कौड़ा, ओम प्रकाश धीमान, धीरज छाबड़ा कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए। शहरी भाजपा अध्यक्ष धीरज नंदा ने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंधी बनी हुई है, क्योंकि उन्होंने अपने जनकल्याणकारी कार्यों से पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में साबित कर दिया है कि उन्हें अपने देश के नागरिकों की कितनी चिंता है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा चंबा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज मिलनसार प्रवृति के नेता हैं तथा उनमें नेतृत्व क्षमता है। सांसद बनने पर वह अवश्य हमारे लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को संसद में उठाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता जी जान से भाजपा के लिए पसीना बहाएं

# पधर की महिलाओं ने अपने बूते लिखी सफलता की कहानी

## अभिलाषा ग्राम संगठन से समाज में बनाई अलग पहचान, हिमाचल व पड़ोसी राज्यों के सरस मेलों में बिकते हैं इनके उत्पाद

**हिमाचल** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे स्वयं सहायता समूह, जहां महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, वहीं महिला सशक्तिकरण को भी संबल प्रदान कर रहे हैं। महिलाओं का एक ऐसा ही समूह या यूं कहें एक बीओ कांगड़ा जिले के मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगती पधर पंचायत में भी संचालित किया जा रहा है। इस समूह की महिलाएं विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों के उत्पाद तैयार कर अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ कर रही हैं।

एक्सक्लूसिव इंटरव्यू

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान की रिपोर्टर रीत वशिष्ट ने जब अभिलाषा ग्राम संगठन नामक इस बीओ की सदस्यों के साथ खास बातचीत की तो उन्होंने बहुत सारी अहम जानकारियां साझा कीं।

### मिशन धन्वंतरि के साथ जुड़ा है हमारा बीओ : इंदु रानी



**अभिलाषा** ग्राम संगठन की सचिव इंदु रानी ने बताया कि वह शुरू से ही इस बीओ के साथ जुड़ी हुई हैं। इस समय इस बीओ में बहुत सारे स्वयं सहायता समूह हैं। यह बीओ मिशन धन्वंतरि के साथ जुड़ा हुआ है। कांगड़ा के पूर्व उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल के मार्गदर्शन में इस ग्रुप की स्थापना की गई थी। शुरू में इस समूह को चलाने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा था। लेकिन अधिकारियों के मार्गदर्शन और सहयोग से हर मुश्किल आसान बनती गई। आज इस बीओ में 14 सदस्य हैं। इंदु रानी ने बताया कि वह इस पंचायत की प्रधान भी हैं। ऐसे में उन्हें पंचायत का काम भी देखना पड़ता है। फिर भी जब भी उन्हें समय मिलता है तो वह समूह की सदस्यों के साथ मिलकर काम करती हैं। अधिकारियों के मार्गदर्शन में वे सभी आगे बढ़ रही हैं और अपने काम को आगे बढ़ा रही हैं।

### सरकार से दो लाख रुपए मिलने के बाद बड़ी हिम्मत : आशा देवी



**अभिलाषा** ग्राम संगठन की प्रधान आशा देवी ने बताया कि जब कोई काम शुरू किया जाता है तो कठिनाइयां तो आती ही हैं। जब उन्होंने यह समूह बनाया तो उन्हें भी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बिना किसी अनुभव के ग्रुप को चलाना बहुत मुश्किल था। लेकिन सरकार से जब 2 लाख रुपए समूह को मिले तो इससे महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ और उसके बाद हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज अभिलाषा ग्राम संगठन के साथ कई समूह जुड़े हुए हैं। हर समूह में 6 से लेकर 9 तक सदस्यों हैं। सभी सदस्य अपनी मेहनत से इस समूह को और आगे ले जा रही हैं। समूह की महिलाओं को आमदनी के साथ ही पहचान भी मिल रही है।

### पधर में दो महिलाओं के साथ शुरू की थी औषधीय पौधों की खेती : कुसुम



**खंड** विकास कार्यालय धर्मशाला में बतौर एलएसईओ कार्यरत कुसुम ने बताया कि उन्होंने आज से तीन साल पहले पधर पंचायत में दो महिलाओं के साथ औषधीय पौधों की खेती करना शुरू किया था। जब औषधीय पौधों की पैदावार अधिक होना शुरू हुई तो अभिलाषा ग्राम संगठन नाम के समूह का निर्माण किया गया और इसके साथ 10 स्वयं सहायता समूह जोड़े गए। इनमें से चार-पांच समूहों की महिलाओं ने औषधीय उत्पाद बनाने का फैसला लिया। इसके बाद संगठन के प्रत्येक समूह को एचपी एनआरएलएम शिमला से 15-15 हजार रुपए मिलने के बाद महिलाओं ने एक मशीन खरीदी और अलग-अलग पौधों के अर्क निकालना शुरू किया, जैसे तुलसी का अर्क, गुलाब का अर्क आदि। इसके बाद इन्होंने साबुन बनाना भी शुरू कर दिया। आद इस ग्रुप की महिलाएं कई तरह के उत्पाद तैयार कर रही हैं। इनके ये उत्पाद हिमाचल के अलावा पड़ोसी राज्यों में लगने वाले सरस मेलों में बेचे जाते हैं।

# नशे में टल्ली होकर स्कूल पहुंचने वाला लेक्चरर सस्पेंड

## शिक्षा विभाग ने जांच कमेटी की रिपोर्ट मिलने पर की कार्रवाई

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुगलाड़ा में नशे में टल्ली होकर आने की शिकायत मिलने पर शिक्षा विभाग ने लेक्चरर के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है। शिक्षा विभाग ने जांच कमेटी की रिपोर्ट मिलने पर लेक्चरर को त्वरित प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।



इसके साथ ही आगे आदेश दिया गया है कि इस अवधि के दौरान यह आदेश मुख्यालय पर लागू रहेगा कि उक्त लेक्चरर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भौर जिला शिमला हिमाचल प्रदेश में होना चाहिए। उक्त लेक्चरर अधोहस्ताक्षरी-नियंत्रण अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। उन्हें स्वीकार्य नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

गौर रहे कि जवाली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुगलाड़ा में गत बुधवार को लेक्चरर नशे की हालत में स्कूल पहुंच गया। लेक्चररने नशे में धुत होने के कारण स्कूल में कोई भी कक्षा नहीं ली।

स्कूल स्टाफ सहित प्रबंधन कमेटी ने प्रवक्ता को नशे में पकड़ लिया। स्कूल प्रबंधन कमेटी ने संबंधित प्रवक्ता के खिलाफ एक्शन लेते हुए इसकी शिकायत मुख्यमंत्री संकल्प सेवा 1100 पर की तथा उक्त प्रवक्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं शिक्षा निदेशक अमरजीत

**शिक्षा** विभाग के निदेशक अमरजीत सिंह ने कहा कि शराब के नशे में टल्ली होकर स्कूल पहुंचने वाले लेक्चरर को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टीचरों की इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## हाईकोर्ट के आदेशों के बाद नगर परिषद ज्वालामुखी के निर्देश

# कार्यक्रम के तीन दिन पहले परिषद को करें सूचित, नहीं तो लगेगा जुर्माना

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी के नगर परिषद क्षेत्र में अब सार्वजनिक कार्यक्रमों, शादी समारोह और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से तीन दिन पहले नगर परिषद ज्वालामुखी को सूचना देनी होगी। कार्यक्रमों में फैलने वाले कचरे के सही निष्पादन को लेकर प्रदेश हाईकोर्ट के आदेशों के बाद नगर परिषद ज्वालामुखी ने यह अपील शहरवासियों से की है।

कार्यक्रम से पहले आयोजकों को कचरे के सही निष्पादन को लेकर 10 हजार की राशि नगर परिषद के पास जमा करवानी होगी। समारोह के बाद शेष राशि आयोजकों को वापस कर दी जाएगी। नगर परिषद ज्वालामुखी के कार्यकारी अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि नगर परिषद ज्वालामुखी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एक्ट 2016 की अनुपालना के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश द्वारा पारित आदेश अनुसार नगर परिषद ज्वालामुखी क्षेत्र में अब सार्वजनिक और धार्मिक भंडारा एवं शादी इत्यादि कार्यक्रमों के बारे में नगर परिषद ज्वालामुखी को 3 दिन पूर्व सूचित करना होगा, ताकि कार्यक्रम समाप्त होने के बाद

**कचरे के निष्पादन के लिए पहले जमा करवानी होगी 10 हजार की राशि**

वहां से निकलने वाले कचरे को सही प्रकार से उठाने एवं निष्पादन करने के लिए व्यवस्था की जा सके, यदि कार्यक्रम होने से पहले नगर परिषद को सूचित नहीं किया जाता है तो जुर्माना किया जाएगा और कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और इसके लिए कार्यक्रम आयोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे। शहर में अब यह व्यवस्था शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सभी वार्डों में निवासी अपना सूखा व गीला कचरा लगाए गए सफाई कर्मचारियों को ही दें।

इसके अलावा शहर में दुकानों, ढाबों, होटलों व संस्थानो से निकलने वाला कचरा भी संस्थान मालिक अलग अलग सूखा व गीला डस्टबिन में डालकर ही दें।

ज्वालामुखी कार्यकारी अधिकारी संदीप कुमार ने शहर के सभी वार्डो के निवासियों से अपील की है कि घरों के बाहर आवारा पशुओं को खाने का सामान न डालें इससे गंदगी व दुर्गंध फैलती है और सफाई व्यवस्था भी सुचारू नही हो पाती है।

# बेसहारा पशुओं से दुखी ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अधवानी की महिलाओं ने आज आरती राणा बीडीसी अधवानी की अध्यक्षता में उपमंडलाधिकारी ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा को क्षेत्र के बेसहारा पशुओं की समस्या के निदान के संबंध में ज्ञापन सौंपा और कहा कि 15 दिनों के अंदर समस्या का निदान नहीं हुआ तो ग्रामीण सड़कों पर उतरेंगे।

बीडीसी आरती राणा व महिलाओं ने बताया कि क्षेत्र में बेसहारा पशुओं की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। इस कारण किसान खेती-बाड़ी करना छोड़ रहे हैं।

बेसहारा पशुओं का शिकार अब आम लोग भी बन रहे हैं। महिलाओं ने अवगत करवाया कि आवारा पशुओं के हिंसक होने कारण उनकी ग्राम पंचायत अधवानी में गत दिनों एक वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु हो गई है और उनको बचाते हुए पड़ोसी भी घायल हुए। प्रशासन द्वारा पड़ोसी भगवान दास को कोई भी वित्तीय सहायता नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि पूरी अधवानी पंचायत के निवासी इस घटना से बहुत दुखी हैं और डरे हुए भी हैं और चिंतित हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में अभी भी बहुत सारे आवारा पशु हैं। बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं। एक सप्ताह बीत जाने पर भी गाव में दहशत का माहौल है, जबकि प्रशासन ने बेसहारा पशुओं का कोई भी समाधान नहीं किया है।



एसडीएम ज्वालामुखी को ज्ञापन सौंपने के दौरान जानकारी देते बेसहारा पशुओं से परेशान ग्रामीण।

**बोले- 15 दिन में समस्या हल न हुई तो सड़कों पर उतरेंगे**

ग्राम पंचायत अधवानी की महिलाओं ने कहा है कि अगर 15 दिनों के अंदर आवारा पशुओं से छुटकारा नहीं दिलाया गया तो गांववासियों को सड़क पर उतरने को मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से अपील कि है कि बेसहारा पशुओं से निजात दिलवाएं और इस समस्या का पक्का समाधान शीघ्र अति शीघ्र करें, ताकि भविष्य में बेसहारा पशुओं की बजह से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु न हो। (अनंत ज्ञान)

# तपोवन के पास जंगल में लगी आग, अग्निशमन टीम ने बुझाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के तपोवन के पास कं जंगल में लगी आग को सूचना मिलने के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड़ की टीम ने बुझाया। जंगल में लगी इस आग के कारण चीड़ के छोटे पौधे जल गए। वहीं, वीरवार दोपहर की इस घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची तथा आग को काबू किया।

इस बारे में जानकारी देते हुए फायर स्टेशन ऑफिसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि वीरवार दोपहर करीब 3 बजे के बाद चीड़ जंगल में लगी आग की सूचना मिलने के बाद टीम ने आग को काबू कर जंगल को जलने से बचाया।



जंगल में लगी आग को बुझाते हुए फायर कर्मी।

# कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से एक प्रत्याशी ने वापस लिया नाम

## अब दस प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव, विस उपचुनाव के लिए चार प्रत्याशी मैदान में

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र से संजीव गुलेरियां (64) सुपुत्र शालेन्द्र सिंह, गांव व डाकघर सुलयाली, तहसील नुरपूर, जिला कांगड़ा ने ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक पार्टी के प्रत्याशी ने अपना नाम वापिस लिया है।

अब दस प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहेंगे इसमें आनंद शर्मा (71) पुत्र पीए शर्मा, प्रभात लौज, लोअर कैलसटन, तहसील शिमला (शहरी), ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी तथा नारायण सिंह डोगरा (64) पुत्र तुलसी राम डोगरा, वार्ड-13 पंतेहड़, डाकघर पट्टी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा ने हिमाचल जनता पार्टी, राजीव (62) पुत्र ओम प्रकाश, गांव व डाकघर जसूर, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा ने भारतीय जनता पार्टी और अचल सिंह (59) पुत्र त्रिलोक सिंह, गांव टिकरू, डाकघर संघोल, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा ने निर्दलीय उम्मीदवार, रेखा रानी (41) पत्नी विपन कुमार, वार्ड नं-2, गांव लाहरू, डाकघर नौरा, तहसील देहरा, जिला कांगड़ा ने बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रुप में, तथा केहर सिंह (53) पुत्र अबजा राम, गांव कंगैहण, डाकघर बरड़ाम, तहसील आलमपुर, जिला कांगड़ा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तथा एडवोकेट संजय शर्मा पुत्र देवराज शर्मा का निर्दलीय प्रत्याशी, जीवन कुमार अखिल भारतीय परिवार पार्टी, देव राज राष्टीय समाज दल, भुवनेश्वर कुमार राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के रूप में नामांकन सही पाया गया है।

धर्मशाला में उपचुनाव के लिए सतीश कुमार (36) पुत्र किशोरी लाल, गांव बलेहड़, डाकघर टंग नरवाणा, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा ने निर्दलीय प्रत्याशी, राकेश कुमार (46) पुत्र बाल कृष्ण, गांव व डाकघर पद्दर, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा ने निर्दलीय प्रत्याशी, सुधीर शर्मा पुत्र स्व पंडित संत राम शर्मा, गांव डाकघर रक्कड ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में तथा देवेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय साहिब सिंह वार्ड नंबर 10 शामनगर धर्मशाला ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे।

# शहीद सैनिक सुखदीप सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर की पंचायत सदवा के गांव लखवाल झरौली में सीआरपीएफ के शहीद सैनिक सुखदीप सिंह पठानिया का शहीदी दिवस पर एक श्रद्धांजलि सामारोह का आयोजन किया गया।

इस शहीद दिवस पर ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ पिंजौर से नोडल ऑफिसर हवलदार नीरज ठाकुर, शहीद सुखदीप सिंह पठानिया के पैतृक गांव में रिथ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शहीद के पिता सेवानिवृत्त कैप्टन शाम सिंह को शाल भेंट करके सम्मानित किया गया। गौर रहे कि शहीद सुखदीप सिंह पठानिया का जन्म 1978 में हुआ था और 2001 मे सीआरपीएफ में भर्ती होकर देश की सेवा शुरू की थी। जब उनकी तैनाती छत्तीसगढ़ हुई तो वह जिला दंतेवाड़ा के गांव सुकमा से जा रहे थे। इस दौरान वहां माओवादियों द्वारा लगाए आईईडी विस्फोट में वह शहीद हो गए।



शहीद सुखदीप सिंह पठानिया को श्रद्धांजलि देते गणमान्य।

शहीद सुखदीप के पिता कैप्टन शाम सिंह भी सीआरपीएफ में सेवानिवृत्त हैं। शहीदी दिवस पर पंचायत प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि, गांववासी व सेवानिवृत्त सैनिकों ने फूल अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके गांव वासी, पंचायत प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि, भूतपूर्व सैनिक तथा शहीद के ग्रुप सैंटर से हवालदार नीरज ठाकुर श्रद्धांजलि देने यहां आए हुए थे।

युवा वर्ग ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि शहीदों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखें और शहीद होने पर जो वायदे किए जाएं उन्हें जरूर पूरा करें। शहीद सुखदीप सिंह पठानिया के नाम गेट बनाने और स्कूल का नाम रखने का वायदा किया गया था जो आज तक पूरा नहीं किया गया यह बहुत ही दुखत है।

# भाजपा को धनबल का घमंड जनता देगी जवाब : सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान, गरली**



राज्य कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व कामगार और कर्मचारी कल्याण बोर्ड के वाइस चैयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि भाजपा का धन-बल का घमंड सिर चढ़कर बोल रहा है और भाजपा नेताओं के अहंकार को प्रदेश की जनता देख रही है। धन-बल के जरिय भाजपा नेता हिमाचल सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। हॉर्स ट्रेडिंग कर भाजपा ने राज्यसभा सीट के लिए हुए चुनाव में छह कांग्रेस विधायकों से क्रॉस वोटिंग करवाई और फिर सुक्खू सरकार को गिराने की साजिश रची।

उन्होंने कहा कि भाजपा का असली चेहरा हिमाचल की जनता के सामने आ चुका है और अब यह बात घर-घर पहुंच गई है कि भाजपा ही इस पूरे षड्यंत्र के पीछे थी। भाजपा नेता अहंकार में हैं, लेकिन कांग्रेस के पास जनबल है। हमें पूर्ण विश्वास है कि लोकसभा चुनाव और छह विधानसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।

राजनीति

## कांगड़ा और देहरा में जनसंपर्क अभियान के दौरान गरजे हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष

# मोदी सरकार मात्र जुमलों की सरकार हुई साबित: डॉ. राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्र की मोदी सरकार जुमलों की सरकार साबित हुई है। देश में बदलाव की लहर है और प्रदेश को केंद्र सरकार में एक मंत्री मिलने वाला है। यह बात कांग्रेस पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जनसंपर्क अभियान के दौरान कही।

डॉ. राजेश शर्मा ने शुक्रवार को कांगड़ा और देहरा के विभिन्न क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान के माध्यम से कांग्रेस के पक्ष में प्रचार किया। कांगड़ा में जनसंपर्क के दौरान उन्होंने लोगों से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांगड़ा-चंबा प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में मतदान का आह्वान किया।



लोगों से मुलाकात करते डॉ. राजेश शर्मा।

वहीं देहरा में जनसंपर्क अभियान के तहत उन्होंने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में प्रचार किया। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र में कर्मचारियों, महिलाओं, युवाओं, मजदूरों, कामगारों एवं विभिन्न वर्गों के लिए की गई घोषणाओं का जिक्र करते हुए उन्हें दूरगामी एवं जनहितेशी बताया।

उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस सरकार बनते ही युवा एवं सेना विरोधी अग्निवीर योजना को तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा। देहरा के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने लोगों से हमीरपुर ससंदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में मतदान का आग्रह किया।

इस दौरान देहरा में डॉ. राजेश शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी आयोजित की और आगामी चुनावों के लिए उचित दिशानिर्देश दिए।

### सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकती है भाजपा

**डॉ.** राजेश ने कहा कि भाजपा सत्ता हासिल करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। प्रदेश की जनता ने देखा कि कैसे भाजपा ने जनमत से बनी प्रदेश की कांग्रेस सरकार को गिराने को घिनौना प्रयास किया। अब जब भाजपा इस कृत्य में बिफल हो गई है तो उप-चुनाव में यह झूठा प्रचार कर रही है कि 4 जून को प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी, जोकि सरासर झूठ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी और देश में भी कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क से नीचे गिरा टैंकर, चालक जख्मी

**हमीरपुर।** शुक्रवार शाम के समय एक दूध का टैंकर ऊना से मंडी नेरचौक के लिए जा रहा था। करेर के पास अचानक से दूध का टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गया। इसमें टैंकर के चालक को गंभीर छोटे पहुंची हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टैंकर चालक मंडी जिला के कोटली गांव का रहने वाला है। शाम के समय अचानक से गाड़ी में तकनीकी खराबी आने के चलते टैंकर सड़क से लुढ़क गया और करीब 10 से 20 फीट गहरी खाई में गिर गया। हादसे के दौरान टैंकर चालक को गंभीर चोटें पहुंची हैं। वहीं,मौके पर पहुंचे भोटा पुलिस सहायता कक्ष प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचकर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है

### तीन बच्चों ने एनएमएमएस परीक्षा की उत्तीर्ण

**भरेड़ी।** उपमंण्डल भोरंज के राजकीय माध्यमिक पाठशाला जोल खंड भोरंज के तीन बच्चे रजत, कनिका व काजल ने एनएमएमएस परीक्षा उत्तीर्ण की जिसके लिए पाठशाला प्रबंधन समिति जोल ने इस अवसर पर बच्चों को समानित किया। स्कूल प्रबंधन समिति ने बच्चों, शिक्षक वर्ग व अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर और बैंकिंग आईएफएम फिनकोच ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने शुक्रवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईएफएम बैंकिंग वित्त सेवा और बीमा क्षेत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को रोजगार देने के लिए प्रशिक्षण देता है और उसके बाद उन्हें विभिन्न निजी बैंकों में नौकरी प्रदान करता है। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर और अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव की अगुवाई में आईएफएम के निदेशक मनोज सहगल व बीडीएम केवल सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालय के यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को आईएफएम छह माह का प्रशिक्षण देगा। प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क होगा और उसके अलावा खाने और रहने की व्यवस्था भी उन्हीं की ओर से की जाएगी।।

### शिक्षिका मीरां देवी ने स्कूल को दिए 51000

**टौणीदेवी।** शिक्षक समाज के लिए अति महत्वपूर्ण योगदानकर्ता होते हैं तभी तो उन्हें समाज का आईना और देश का भविष्य गढ़ने वाला कहते हैं। वे न केवल ज्ञान प्रदान करने के साथ आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ावा देते हैं अपितु रोल मॉडल के रूप में काम करते हुए छात्रों और अभिभावकों को प्रेरित करते हैं और बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसी ही भूमिका निभाते हुए राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणीदेवी में कार्यरत क्राफ्ट अध्यापिका मीरां देवी जोकि 30 जून को सेवानिवृत्त होने जा रही है। उन्होंने पाठशाला को 51000 रुपए की राशि दान करके एक नई मिसाल पेश की है। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि शिक्षिका की इच्छानुसार इस राशि से शिखर छात्रवृत्ति की शुरुआत की जाएगी ।

### छह दर्जन युवाओं ने छोड़ा कांग्रेस पार्टी का साथ

**सुजानपुर।** सुजानपुर के छह दर्जन युवाओं ने कांग्रेस का साथ छोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। सुजानपुर भाजपा उपचुनाव प्रत्याशी राजेंद्र राणा की अगवाई में तमाम युवा वर्ग ने भाजपा ज्वाइन की । युवाओं ने एक वोट अनुराग के लिए और एक वोट राजेंद्र राणा के लिए मांगा। भाजपा में शामिल हुए लोगों का भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया । उन्होंने कहा कि केंद्र में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री फिर से तीसरी बार देश की बागडोर संभालेंगे। हिमाचल में भाजपा सरकार बनेगी और अनुराग ठाकुर बंपर मतों से जीत दर्ज करेंगे।

### छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बड़ा में स्कूल के बच्चों द्वारा आज मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए एक जागरूकता रैली निकाली। रैली को स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौडल द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। स्कूल के नोडल अधिकारी वीर सिंह ठाकुर ने बताया कि रैली के दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा स्लोगनों के माध्यम से लोगों को उनके वोट की बहुमूल्य कीमत के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने मत का अवश्य प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया।

### सीएम सुक्खू आज जोलसप्पड़ में

**रंगस।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 18 मई को शाम जोलसप्पड़ पंचायत में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जानकारी देते हुए रंगस पंचायत के पूर्व उपप्रधान फांदी खान ने बताया कि शनिवार को सीएम सुक्खू शाम छह बजे जोलसप्पड़ में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जनसभा में भाग लेने का आहवान किया है।

### बच्चों ने प्लास्टिक इकट्ठा कर पंचायत प्रधानों को सौंपा

**गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलोड़ के छात्रों व अध्यापकों ने बाई बैक पॉलिसी के तहत ग्राम पंचायत गोईस और लहड़ा जगह-जगह पड़े प्लास्टिक को इकट्ठा किया और उसे पंचायत प्रधान को सौंपा। गौर रहे कि हिमाचल को पूर्णतया प्लास्टिक मुक्त घोषित किया जा चुका है। बावजूद इसके लोग प्लास्टिक का उपयोग कर यहां वहां फेंक रहे हैं जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए छात्र अपना योगदान दे रहे हैं। साथ ही गांव के लोगों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं, प्लास्टिक का उपयोग सड़कों के निर्माण के लिए किया जाएगा।

### लखनपाल ने डोर-टू-डोर प्रचार किया तेज

**बिझडी।** तपती धूप में लखनपाल की टीम ने जीत को सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक है। शुक्रवार को लखनपाल ने ढटबाल क्षेत्र में डेट दर्जन गांवों में नुक्कड़ सभाएं और डोर-टू-डोर लोगों से मिले और समर्थन भी मांगा । लखनपाल ने कहा की क्षेत्र की जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है उन्होंने कहा कुछ लोग मेरी छवि खराब करने का दुष्ट प्रचार कर रहे हैं। ऐसे लोगों से भी बचकर रहने की लोगों से गुहार लगाई है । इस दौरान महारल बाजार में लखनपाल दुकानदारों से मिले और वोट डालने की गुहार लगाई। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव शर्मा कमलनयन पूर्व मीडिया प्रभारी नानक चंद शर्मा , सुरजीत सिंह रुठल राम आदि भाजपा कार्यकर्ता उनसे कंधा से कंधा मिलाकर चल रहे हैं।

### रविंद्र सिंह डोगरा को मिल रहा लोगों का समर्थन

**सुजानपुर।** एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रविंद्र सिंह डोगरा ने कहा है कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग उनका भरपूर समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह जहां भी जा रहे हैं वहां उनको लोगों का भरपूर दुलार मिल रहा है। कोरोना कल में उनके द्वारा किए गए कार्य लोगों को अभी याद हैं। उन्होंने कहा कि जब कोरोना प्रदेश में फैला था तब सभी पार्टियों के बड़े-बड़े नेता घरों में बैठ गए थे। तब उन्होंने क्षेत्र में सेनिटाइजेशन का बीड़ा उठाया। सुजानपुर तथा आसपास के विधानसभा क्षेत्र में भी लोगों का कार्य किया। उन्होंने बताया कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में लोग उनके पक्ष में आगे आ रहे हैं खासकर बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उन्हें विजय मिलेगी।

### बड़सर से अनदेखी का जनता देगी जवाब

**बिझड़ी।** इंद्रदत लखनपाल ने लोगों से बडसर क्षेत्र के विकास के नाम पर वोट मांगे जा रहे है। उन्होने कहा कि बडसर क्षेत्र की जमकर अनदेखी की गई और दुखी होकर सरकार से किनारा किया है। अब जनता ने मन बना लिया है कि कांग्रेस को सबक सिखाएंगे। वहीं, खनन पर मुख्यमंत्री सुक्खू स्वयं स्पष्टीकरण दे क्योंकि उनके भाई का क्रशर भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी का उम्मीदवार है। वह स्वयं खनन माफिया है और उनका अपना क्रशर चल रहा है, जबकि विधायकों के क्रशर बंद किए गए है। बड़सर से कांग्रेस प्रत्याशी का भी क्रशर बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को खनन माफिया को पकड़ना चाहिए लेकिन क्रशर बंद करवाना कहा सही है। उन्होंने कहा कि अपने चहेतों के लिए मापदंड और है और दूसरों के लिए मापदंड और है।

### स्कॉलरशिप परीक्षा में चमकी सायना पोसवाल

**धनेटा।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय धनेटा की नवम कक्षा की छात्रा सायना पोसवाल पुत्री रफीक मोहम्मद ने नेशनल कम मीन्स मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) की परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया। परीक्षा उत्तीर्ण करने पर स्कूल स्टाफ सदस्यों से सायना पोसवाल को पुरस्कार देकर समानित किया। मुख्याध्यापिका शशी वाला शर्मा ने बताया कि सायना पोसवाल एक होनहार छात्रा है।

# पानी नहीं आया तो करेंगे चक्का जाम

## पानी की समस्या को लेकर भरेड़ी के ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग के कर्मियों को दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

उपमंडल भोरंज के भरेड़ी में पानी की समस्या के बार बार होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को जिस समय जल शक्ति विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों निरीक्षण करने के लिए आए तो ग्रामीणों ने शीघ्र पानी की समस्या हल करने पर लोगों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि पानी की समस्या का समाधान स्थायी रूप से नहीं हुआ तो भरेड़ी बाजार में चक्का जाम कर दिया जाएगा। विभाग के अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि पानी की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों उषा देवी, वाला सहगल, इंदिरा सहगल, लता देवी, प्रीतम चंद, सुमना देवी, मीरा देवी, बिंदू, पिंकी, रीतु देवी, पुष्पा देवी, रजनी देवी, तमा देवी ने बताया कि जल शक्ति विभाग की लापरवाही की वजह से भरेड़ी व पलही गांव के ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अरोप लगाया कि जल शक्ति विभाग के अधिकारी अपने कार्यालय में बैठकर स्कीमें बनाते हैं। जबकि अधिकारियों को चाहिए की अपने कार्यालय को छोड़कर फील्ड में जाकर समस्याओं को देखना चाहिए। भरेड़ी में पिछले कई महीनों से पानी की समस्या चली हुई है, परंतु एक बार भी कनिष्ठ अभियंता को छोड़कर कोई भी उच्च अधिकारी नहीं पहुंचा। लोगों का कहना है कि इस बारे भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सहायक अभियंता के कार्यालय का घेराव किया जाएगा व सड़कों पर चक्का जाम किया जाएगा। भरेड़ी बाजार में सडक किनारे नालियां का निर्माण भी पूरा हो चुका है, परंतु विभाग फिर भी पानी की आपूर्ति सही ढंग से करने में असफल सावित हो रहा है। पिछले कई महीनों से जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से समस्या को हल करने के लिए कहा जा रहा है। लोगों को मजबूरन महंगे दामों पर टैंकरों द्वारा पीने के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है।

**सहायक अभियंता कार्यालय का किया जाएगा घेराव**



जल शक्ति विभाग के कर्मियों से बातचीत करते हुए भरेड़ी के ग्रामीण।

**जल्द होगा समस्या का हल: राजेश ठाकुर**

**जल** शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता राजेश ठाकुर ने बताया कि भरेड़ी में पानी की सम्स्या के समाधान के लिए दो इंच की पाइप डालने का कार्य शुरू कर दिया है और एक दो दिन में इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। इस पाइप के डालने से भरेड़ी व पलही गांव में पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया डोर-टू-डोर प्रचार

**भरेड़ी।** हमीरपुर संसदीय लोकसभा के प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर को पांचवी बार लोकसभा हमीरपुर का संसद बनाने के लिए व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए शुक्रवार को कोट में बूथ नंबर-67 में डोर-टू-डोर प्रचार व स्टीकर लगाए। वहीं, इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी व अनुराग सिंह ठाकुर की योजनाओं की जानकारी भी दी। इस जनसंपर्क अभियान में भाजपा के प्रदेश सचिव एससी मोर्चा दिनेश भाटिया, अनीता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा व पूर्व बूथ अध्यक्ष मास्टर परमानंद, बूथ अध्यक्ष वीरी सिंह, विक्रम, भाजपा जिला किसान मोर्चा के सचिव बलदेव राज, रवि कुमार खट्टा, विपन कुमार खट्टा, कमल देव व रेखा देवी पंचायत प्रधान आदि भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

### छात्रों को बताई कचरे से होने वाली बीमारियां

**जाहू।** शहीद अंकुश ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनोह में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध, सूखा कचरा, गीला कचरा व इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल के बच्चों, अध्यापकों, अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में मंजरी महाजन व हेमलता ने सभी उपस्थित सदस्यों को कचरे से होने वाली बीमारियों व कचरा प्रबंधन पर जानकारी दी। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से ठोस व तरल कचरे को कैसे अलग करें, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कैसे निपटाया जाए आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने स्कूलों में बाल विज्ञान सम्मेलन व इको क्लब के माध्यम से विज्ञान और पर्यावरण से संबंधित करवाए जाने वाले सभी कार्यक्रमों की विशेष जानकारी बच्चों, अध्यापको व अभिभावकों को उपलब्ध करवाई।

## सुविधा ऐप का लाभ उठाएं प्रत्याशी : श्याम लाल पूनिया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर संसदीय क्षेत्र तीन हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले पांच जिलों के 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किए गए। वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया ने शुक्रवार को यहां हमीर भवन में विभिन्न उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों का सहयोग भी बहुत महत्वपूर्ण होता है।

श्याम लाल पूनिया ने उम्मीदवारों एवं उनके प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे चुनाव प्रचार से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की परमिशन प्राप्त करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के सुविधा ऐप का भरपूर लाभ उठाएं। इससे उन्हें त्वरित परमिशन मिलेगी तथा उनके बहुमूल्य समय की बचत होगी। इसके माध्यम से राजनीतिक दल और उम्मीदवार किसी भी समय, कहीं से भी अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

**सी-विजिल ऐप का भी करें प्रयोग**

**सुविधा** ऐप आवेदकों को अपने आवदेनों की ताजा स्थिति को ट्रैक करने में भी सक्षम बनाता है। इससे इस प्रक्रिया में और अधिक सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। इसके अतिरिक्त उनके लिए ऑफलाइन आवेदन के विकल्प भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत के लिए टॉल फ्री नंबर 1950 के अलावा भारत निर्वाचन आयोग के सी-विजिल ऐप का प्रयोग भी करें। इस ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई की जाती है।

## बिझड़ी रेंज में आग लगने से 60 प्रतिशत जंगल राख, वन विभाग की योजनाएं फेल

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**



15 दिनों से बड़सर के जंगल एक एक कर देहक रहे है। जंगलों में भड़की आग के कारण जहां वन विभाग को करोड़ों रुपए के नुकसान का अनुमान है। वहीं, वन जीवों की कई प्रजातियां आग की लपटों के कारण खत्म होने की कगार पर है। हमीरपुर वन मंडल की 70 विटों मे जगलों के दहकने का सिलसिला निरंतर जारी है, लेकिन विभाग के पास मात्र दो दर्जन के करीब ही शिकायतें दर्ज हो पाई है।

विभाग की माने तो जंगलों मे आग लगाने बाले अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

वहीं, पिछले दो सप्ताह से बिझड़ी रेंज के जगलों में आग लगने के कारण तकरीबन 60 प्रतिशत जंगल राख में तबदील हुए है। इन आगजनी की घटनाओं में अकेले बिझड़ी रेंज मे ही लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है और जंगलों मे अभी तक आग लगने का सिलसिला बरकरार है। आग से निपटने के विभाग के सारे फार्मले धरे के धरे ही नजर आ रहे है। विभाग की माने तो गर्मीयां शुरू होने पहले ही जगलों से चीड़ की पत्तियों को हटा लिया गया था लेकिन इस दावे की पोल बिझड़ी रेंज के वह तमाम जंगल ब्यान कर रहे जो पिछले कई दिनों से दहक रहे है। बिझड़ी के जंगलों मे चल रहा आग के तांडव से टेंपरेचर का पारा चढ़ गया है। वहीं, रोजाना लग रही आग के कारण समुचे बड़सर क्षेत्र धुंआ व राख के गुब्बार मे बदल चुका है। वहीं, जंगलों को आग से बचाने की सारी योजनाएं केवल फाइलों तक ही सिमित है। इन्हे धरातल मे उतारने पहले ही वन संपदा राख हो रही है। बिझड़ी वन रेंज के तहत आने बाले रैली, बुठान, कलवाल, चकमोह, चलैली, सुदर, पक्काभरों, रोपड़ी, करेर, सहित अन्य कई जंगल आग के कारण राख हो चुके है। (अनंत ज्ञान)

**आरोपियों पर दर्ज होगी एफआईआर**

**रेंज** ऑफिसर बिझड़ी, विनोद राणा ने कहा कि बिझड़ी रेंज के कुछ जंगलों मे आग के कारण नुकसान हुआ है। वन कर्मियों की मुस्तैदी से बाड़ा व सुदर के जंगल को बचा लिया गया है। जंगलों में आग लगाने बाले अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। विभागीय टीमें अपने कार्य को अंजाम दे रही है।



बड़ा। उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धंगड़ में चल रहे विशाल भागवत सप्ताह के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक अभिषेक सारस्वत ने भागवत कथा के प्रसंग के दौरान कहा कि जब किसी के घर में बच्चा पैदा होता हैं तो घर वालों को घर में नए मेहमान के आने पर कभी भी मदिरा एवम मांस को नहीं परोसना चाहिए। उस दौरान हमें दान पुण्य करना चाहिए।

## महिला ने लगाया शारीरिक शोषण व ब्लैकमेल करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत धनेटा क्षेत्र की एक महिला ने अपने ही गांव के एक व्यक्ति पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। महिला ने पुलिस महिला थाना हमीरपुर में शिकायत की है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए तथा उसकी गंदी वीडियो बनाई है और अब उसे ब्लैकमेल करता है।

इतना ही नहीं महिला का यह भी आरोप है कि कुछ समय पूर्व आरोपी ने जबरदस्ती उसके पैसे भी ले लिए।

महिला का कहना है कि आरोपी उसे गंदी गालियां देता है तथा अकसर उसके साथ मारपीट भी करता है तथा गांव में उसकी वीडियो को वायरल कर रहा है। आरोपी की इन हरकतों से वह शारीरिक और मानसिक तौर पर बुरी तरह प्रताड़ित हुई है। उसने बताया कि वह उसकी वीडियो के कारण उसे काफी समय से ब्लैकमेल कर रहा है तथा उसे गांव में बदनाम कर रहा है। महिला का कहना है कि यह व्यक्ति उसे कई तरह के अन्य अनैतिक कार्य करने के लिए भी मजबूर कर रहा है तथा उसके पति सहित परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। महिला ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में महिला पुलिस थाना हमीरपुर ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## करियर प्वाइंट विवि में सजी कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के 3 जीरो क्लब वनस्पति विभाग, स्कूल ऑफ फार्मेसी, 3 जीरो ग्लोबल बांग्लादेश जॉय पीरियड केयर थाईलैंड और लाइफ प्रोजेक्ट-4 यूथ मिलकर एक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करने जा रहे हैं।

3 जीरो क्लब बांग्लादेश के संस्थापक नोबेल पीस लारीयेट प्रो. मोहम्मद यूनस है और करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय इस संस्थान के साथ जुड़ा हुआ है और मिलकर समाज के कल्याण के लिए बहुत से कार्य कर रहे हैं। मासिक धर्म पर कार्यशाला भी इसी पहल का एक हिस्सा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए 3 जीरो क्लब की अध्यक्षा डॉ. आरती ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता विषय पर है। यह कार्यशाला एक सप्ताह तक चलेगी।

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस हर वर्ष 28 मई को मनाया जाता है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म को लेकर रूढ़ीवादी विचार, मासिक धर्म को लेकर परेशानियां, बिमारियां तथा और जो भी समस्याएं है उनके बारे में जागरूकता फैलाना है। कार्यशाला में स्त्रीरोग विशेषज्ञ, माइक्रो बायोलॉजिस्ट, मानसिक रोग विशेषज्ञ, योगा ट्रेनर भी मौजूद रहेंगे।

## गरयाली में बीमारी से महिला की मौत

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत लाहड़ के गरयाली गांव की एक महिला के पेट में इंफेक्शन था जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गई है। इससे शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय काजल पत्नी विशाल सिंह के पेट में इंफेक्शन था, जिसके चलते वह दवाई के लिए नादौन अस्पताल आई थी। अस्पताल में उसे इंजेक्शन लगाया दवाई दी, लेकिन रात को उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मामला दर्ज करके डेड वॉडी को परिजनों के हवाले कर दिया है।

## एनसीसी कैडेट्स ने सुरक्षा के साथ पढ़ा एकता और अनुशासन का पाठ

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

4 एचपी (1) एनसीसी कंपनी द्वारा कर्नल एसएस रावत के कुशल नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार 10 दिन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एटीसी-182 का आयोजन किया गया। 10 दिन के इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 20 विद्यालयों तथा कॉलेजों के 600 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। कैंप के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिममें हथियार प्रशिक्षण, मैप-रीडिंग, खेलकूद प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है। शिविर में एनसीसी कैडेट्स की सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें विभिन्न उत्तरदायित्व भी सौंपे गए, जिससे उन्हें सैन्य परिवेश का आभास हो सके और कैडेट्स एकता एवं अनुशासन का पाठ सीख सकें। कैडेट इच्छा शर्मा ने फायरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ बेस्ट कैडेट का खिताब भी अपने नाम किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद एनसीसी कैडेट्स।

**ग्रुप डांस में चमके महल स्कूल के कैडेट्स**

**कैडेट** हर्षिता ने ड्रिल तथा एकल गान में द्वितीय स्थान हासिल किया। कैडेट आयुष, कैडेट निकिता ने वॉलीबॉल में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किया। महल स्कूल के कैडेट्स ने ग्रुप डांस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया तथा उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

**स्क्रीनिंग** मेडिकल ओपीडी के बाहर नॉन कम्युनिकेबल डिजीज डेटा पोर्टल पर किया जा रहा अपलोड

## हमीरपुर में की जा रही मरीजों की स्क्रीनिंग

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंसर, शुगर और बीपी के मरीजों की स्क्रीनिंग कर उनका डेटा एनसीडी पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में भी मेडिसन ओपीडी 119 के बाहर एक एक नर्स और डेटा ऑपरेटर ओपीडी में आने वाले मरीजों का बीपी और शुगर की जांच कर रही हैं।

यहां पर आने वाले मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है। इससे कैंसर, शूगर और बीपी के मरीजों का डाटा एनसीडी पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। इसके साथ जिन मरीजों का आभा कार्ड नहीं बना है उनका पंजीकरण भी किया जा रहा है। गौर रहे ते एनसीडी पोर्टल में अभी तक 8.48 करोड़ लोगों का आभा कार्ड बना है और 53.94 करोड़ लोग लाभार्थी पंजीकृत हुए हैं। इनमें अभी तक 3.95 करोड़ लोग बीपी और शूगर के मरीज इलाज करवा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में 96 मरीजों की स्क्रीनिंग करके डाटा अपलोड किया गया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन आने वाले मरीजों की अब स्क्रीनिंग की जाएगी। उसके बाद उनका रिकार्ड एनसीडी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। बताया जा रहा है कि यह टीम लगातार मरीजों की स्क्रीनिंग करेगी। इससे कैंसर, शुगर और बीपी के मरीजों की संख्या का पता चलेगा। इन मरीजों की स्क्रीनिंग करने के बाद इलाज करवाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। गौर रहे कि देश में शूगर, बीपी और कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है ऐसे में मरीजों की स्क्रीनिंग करके उन्हें इन रोगों से बचने के लिए इलाज करवाने की सलाह दी जा रही है। (अनंत ज्ञान)



**मरीजों का डाटा किया जा रहा अपलोड**

**मेडिकल** कॉलेज के स्वास्थ्य अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में कैंसर, शूगर और बीपी के मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि मरीजों की स्क्रीनिंग करने के बाद डाटा अपलोड किया जा रहा है।

## नामांकन पत्रों को वापस लेने की अवधि समाप्त, अब 12 उम्मीदवार मैदान में

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए भरे गए नामांकन पत्रों को वापस लेने की अवधि शुक्रवार को समाप्त होने के साथ ही अब संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर में 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं।

जबकि, विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर में छह और विधानसभा क्षेत्र 39-बड़सर में तीन उम्मीदवार अपना भाग्य आजमाएंगे। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कुल 15 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे और जांच के दौरान ये सभी सही पाए गए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद तीन कवरिंग केंडीडेट्स स्वत: ही बाहर हो गए थे और शेष बचे 12 उम्मीदवारों में से किसी ने भी अपना नाम वापस नहीं लिया। उधर, सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए आठ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इनमें से एक निर्दलीय प्रत्याशी अनीता कुमारी ने वीरवार को ही अपना नाम वापस ले लिया था और एक अन्य निर्दलीय राजिंद्र सिंह वर्मा ने शुक्रवार को अपना नाम वापस लिया। बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 उम्मीदवारों ने पर्चे भरे थे और इनमें से किसी भी उम्मीदवार ने अपना नाम वापस नहीं लिया है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं जिला हमीरपुर के उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि नामांकन वापस लेने की अवधि समाप्त होने के बाद सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिए गए हैं।

# जलग्रां के लोग लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

## रेल पुल न होने से करना पड़ रहा 12 किलोमीटर का अधिक सफर



रेल लाइन पर पुल न होने को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के जलग्रां पंचायत के रक्कड़ के वार्ड नंबर 5 के निवासियों ने इस बार लोकसभा चुनाव का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का सामूहिक रूप से निर्णय लिया है।

गांव के लोगों ने बताया इसका मुख्य कारण रेल लाइन के ऊपर पुल का न होना है। नरेंद्र चौधरी ने बताया कि पुल न होने के कारण शहर जाने के लिए 12 किलोमीटर का अधिक सफर तय करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले वह जिलाधीश को भी इसके बारे में ज्ञापन सौंप चुके हैं तो उन्हें यह बताया गया कि इस पुल का दो-तीन बार सर्वे हो चुका है, परंतु अभी तक इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया इसके लिए रेलवे विभाग, विधायक के पास और संसद के पास सभी के इसके बारे में ज्ञापन सौंपा जा चुका है। गांव के लोगों को यह पुल न होने के कारण बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

बच्चों को स्कूल आने जाने में समस्या होती है, सामान लाने, ले जाने में समस्या होती है। इस समस्याओं को ध्यान में रखकर गांव वालों ने लोकसभा चुनाव में भाग नहीं लेने का निर्णय लिया है।

### गगरेट-कुटलैहड़ में अब 9 प्रत्याशी मैदान में

# गगरेट से 2 निर्दलीय उम्मीदवारों ने वापस लिया नामांकन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के गगरेट और कुटलैहड़ में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए अब कुल 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें गगरेट में 5 तथा कुटलैहड़ में 4 उम्मीदवार हैं। बता दे, नामांकन वापस लने के अंतिम दिन 17 मई को गगरेट से दो उम्मीदवारों ने अपने परचे वापस लिए हैं। वहीं, नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया के उपरांत सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह जारी कर दिए गए हैं।

निर्वाचन अधिकारी एसडीएम गगरेट ने बताया कि 17 मई को गगरेट विधानसभा क्षेत्र से दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस लिए हैं। गगरेट विस से रविंद्र कुमार, वार्ड संख्या 7, गांव कुठेड़ा जसवालां निचला व डाकघर कुठेड़ा जसवालां, तहसील घनारी, जिला ऊना और मोहित बग्गा, वार्ड संख्या 5, गांव व डाकघर गगरेट, उपतहसील कलोह ने अपने नाम वापस लिए हैं। दो प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापस लेने के उपरांत गगरेट से 5 उम्मीदवार विधायक बनने के लिए चुनाव मैदान में हैं। इनमें मनोहर लाल पुत्र मुलख राज, गांव डंगोह खास ने आजाद उम्मीदवार, राकेश कालिया पुत्र मदन लाल, गांव व डाकघर भंजाल ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी, अशोक सौंखला पुत्र परम जीत सिंह, गांव व डाकघर अंबोआ ने आजाद उम्मीदवार, अमित वशिष्ट पुत्र देव पाल वशिष्ट, गांव व डाकघर ओयल ने निर्दलीय उम्मीदवार और चैतन्य शर्मा पुत्र राकेश शर्मा, गांव अभयपुर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शामिल हैं।

वहीं, निर्वाचन अधिकारी एसडीएम बंगाणा ने बताया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापिस नहीं लिया। इसी के चलते कुटलैहड़ विस में 4 प्रत्याशी विधायकी की दौड़ में हैं, जिनमें राजीव शर्मा पुत्र देशराज शर्मा, गांव घडोह, विवेक शमा पुत्र राम नाथ, गांव व डाकघर बरनोह, देवेंद्र कुमार भुट्टो पुत्र प्यार सिंह, गांव व डाकघर चराड़ा, चंचल सिंह पुत्र बिशन सिंह, गांव व डाकघर चलोला चुनाव मैदान में हैं।

# 'घर से वोट' की सुविधा का लाभ लेंगे जिले के 4224 मतदाता : जतिन लाल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में लोकसभा आम चुनाव तथा 2 विधानसभा उपचुनावों के लिए 4224 मतदाताओं ने घर से मतदान का विकल्प चुना है। इनमें लोकसभा के लिए 2994 मतदाता और विधानसभा उपचुनाव में 1230 मतदाता घर के वोट डालने की चुनाव आयोग की सुविधा का लाभ उठाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने इस बार 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए घर से पोस्टल बैलेट के जरिए वोट डालने की व्यवस्था की है।


जिला निर्वाचन अधिकारी

प्रशासन की विशेष टीमें घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ 21 से 29 मई तक मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराएंगी।

इसके लिए जिले में हर विधानसभा क्षेत्र में 5-5 मोबाइल पोलिंग टीमें गठित की गई हैं। इनमें हर टीम में 4 मतदान कर्मी होंगे, जिनमें एक मतदान अधिकारी, एक माइक्रो ऑब्जर्वर, एक सुरक्षा कर्मी और एक वीडियोग्राफर शामिल हैं।

### कहां कितनों ने चुना घर से मतदान का विकल्प

जतिन लाल ने बताया कि लोकसभा सामान्य चुनावों के लिए पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8,643 पात्र मतदाताओं को घर से मतदान का विकल्प चुनने से संबंधित फॉर्म 12 डी वितरित किए गए थे, जिनमें से 2,994 मतदाताओं ने घर से मतदान करने को लेकर अपने फॉर्म संबंधित निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करवाए हैं। चिंतपूर्णी (एससी) विस में 1,681 मतदाताओं को फॉर्म 12डी वितरित किए गए थे, जिनमें से 685 मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प के साथ फॉर्म जमा कराए हैं। गगरेट विस में 1,569 मतदाताओं को फॉर्म 12 डी बांटे गए, जिनमें 582 मतदाताओं ने अपने फॉर्म जमा करवाए। हरोली विस में 1,825 में से 591 मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। ऊना में 1,638 मतदाताओं में से 488 मतदाताओं ने फॉर्म 12डी के जरिए घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। इसके अतिरिक्त कुटलैहड़ निर्वाचन क्षेत्र से 1,930 मतदाताओं को फॉर्म 12 डी दिए गए थे, जिनमें से 648 मतदाताओं ने घर से मतदान करने के लिए अपने फॉर्म 12डी को संबंधित निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करवाए हैं। इसके अलावा विधानसभा उपचुनाव गगरेट और कुटलैहड़ में कुल 3,499 मतदाताओं को फॉर्म 12 डी दिए गए थे, जिनमें से 1230 मतदाताओं ने अपने फॉर्म संबंधित निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करवाए हैं। कुटलैहड़ विस में 1930 मतदाताओं को फॉर्म 12 डी दिए गए जिनमें से 648 मतदाताओं ने घर से मतदान करने के लिए फॉर्म जमा करवाए और गगरेट में 1569 मतदाताओं में से 582 मतदाताओं ने अपने फॉर्म 12डी से मतदान करने के लिए संबंधित निर्वाचन अधिकारी को सौंपे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एनसीसी कैडेट्स ने सीखा राइफल चलाना


राइफल चलाना सीखते एनसीसी कैडेट्स।

**ऊना।** नवोदय विद्यालय पेखूबेला में छठी स्वतंत्र एनसीसी कंपनी ऊना के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित करके प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मैप रीडिंग, राइफल पकड़ना, ड्रिल की गतिविधि मुख्य आकर्षण रहीं। एनसीसी कैडेट्स ने मैप पढ़ना, राइफल को हैंडल करने में विशेष रुचि दिखाई। इस अवसर पर कमान अधिकारी लैफ्टिनेंट कर्नल राजेंद्र कुमार सैनी (सेवा मेडल) सहित अन्य उपस्थित रहे।

### लाहौल-स्पीति ने दर्ज की क्रिकेट टूर्नामेंट की पहली जीत

**ऊना।** सीनियर जिला वनडे प्रतियोगिता के तहत लाहौल-स्पीति और सिरमौर के बीच में मुकाबला खेला गया, जिसमें लाहौल-स्पीति ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 236 रन बनाए। विक्रांत ने 76, अमन जैन ने 57, जबकि अजय ने नाबाद 35 रन बनाए। प्रियांशु शर्मा ने चार, दीक्षित और शिवचरण ने दो -दो खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। अपनी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी सिरमौर की टीम ने 38.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 164 रन बनाए। इसमें हिमांशु ने 21, जबकि अंकुश धारीवाल, वैभव शर्मा और प्रियांशु शर्मा ने 20 रन बनाए। धीरज कुमार ने तीन, ए राव और अमन जैनवाल ने दो, अजीज मोहम्मद ने एक खिलाड़ी को आउट किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ,



### बिलासपुर ने किन्नौर को 91 रन से हराया

**ऊना।** सीनियर जिला वनडे प्रतियोगिता के तहत बिलासपुर का मुकाबला किन्नौर के साथ ऊना इंदिरा स्टेडियम में हुआ। इसमें बिलासपुर की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बिलासपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 284 रन बनाए। दिग्विजय सिंह ने 106, पारस परिहार ने 76 रन बनाए। राकेश, आशीष, अक्षय, विकास ठाकुर और योगेश ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। किनौर की टीम ने अपनी पारी में 45.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 193 रन बनाए। इसमें सबसे ज्यादा दिनेश कुमार ने 39 रन बनाए। आर्यावर्त शर्मा ने 3, संचित, पीयूष ठाकुर और अभिनय कंवर ने दो विकेट, जबकि दिग्विजय ने एक विकेट लिया। बिलासपुर की टीम ने किन्नौर को 91 रन से हराकर पहली जीत दर्ज करवाई।

# विवेक शर्मा जनता को डराकर हासिल करना चाहते हैं वोट : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हमारा उद्देश्य सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना है और सभी को मान-सम्मान देना है। ये शब्द कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ कीमलांगड़ पंचायत एवं अन्य जन संपर्क कार्यक्रमों के दौरान कहे।


जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो।

देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि हमने जो प्रश्न एक माह पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी से किया था कि 1977 में कुटलैहड़ के किस परिवार से बने विधायक की बदौलत कुटलैहड़ की जनता सीएम से वांछित रही है, उसका उत्तर आज तक नहीं मिला है। भुट्टो ने कहा कि चुनावी समय में परिवारबाद और व्यक्तिगत राजनीति करना इस परिवार की परंपरा रही है, ताकि छल, बल, कपट और धोखे से किसी भी तरह से कुटलैहड़ के विधायक की कुर्सी हथियाई जा सके। भुट्टो ने कहा कि 1985 में इस परिवार से विधायक बने थे। उसके बाद कुटलैहड़ की जनता ने इस परिवार को कुटलैहड़ का नेतृत्व क्यों नहीं दिया है। यह सब इस परिवार की गलत नीतियों की बदौलत ही ऐसा हुआ है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुटलैहड़ से कांग्रेस प्रत्याशी सत्ता और सरकार की धौंस दिखाकर जनता को डरा रहे हैं और जो भी कुटलैहड़के भाजपा के झंडे डंडे लगा रहे हैं, उन घरों में चुनाव आयोग के अधिकारियों को भेजा जा रहा है। सत्ता की कुर्सी तक पहुंचने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी जनता को डरा-धमकाकर वोट हासिल करना चाहते हैं।

भुट्टो ने कहा कि यह वह कांग्रेस नेता है कि खुद को या उनके परिवार के टिकट मिल गया, फिर कांग्रेस नेता और चालीस वर्षों से कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहे है और अगर टिकट नहीं मिला तो बगावत तो पक्की है और यह हमने बीते डेढ़ वर्ष के विस चुनावों के दौरान देखा भी है। सीएम के ऐसे चाटुकारों की बदौलत आज राज्य सरकार की यह दुर्दशा हुई है। मुख्यमंत्री से कानाफूसी करने वालों में ये लोग भी थे, जो कुटलैहड़ के कार्यों में अड़ंगा अटकाते रहे हैं। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, पूर्व प्रधान रमेश डूमखर, विजय मलांगड़ के अलावा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अपने अंहकार से गिर रही सुक्खू सरकार :** भुट्टो ने कहा कि जब कोई सत्ता सरकार का नेतृत्व करने वाला वन मैन आर्मी बनकर अकेला चलता है, तो उसे अहंकार हो जाता है कि मैं अकेला सब कुछ कर सकता हूं। ऐसा ही मुख्यमंत्री ने सोचा और किया है। अब जो सरकार अपने अहंकार से गिर रही हो, उसे कब तक बचाया जा सकता है।

### 1985 के बाद जनता ने क्यों नहीं दिलाई जीत

कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ के कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा से प्रश्न किया है कि 1985 के बाद कुटलैहड़ से आपके परिवार ने कितने चुनाव लड़े, जिनमें कितने जीते और कितने हारे हैं। यह जनता से सार्वजनिक करें। भुट्टो ने कहा कि 1998, 2003 और 2012 के विस चुनावों की किसकी बदौलत कुटलैहड़ में भाजपा की जीत हुई है। अपने आप को पुरानी कांग्रेस नेता कहने वाले जनता को यह भी सार्वजनिक करें कि कितने कुटलैहड़के चुनाव फ्रेंडली मैच की तरह लड़े हैंऔर कितने चुनाव आपको कुटलैहड़ की जनता ने जिताए हैं।

# विज्ञापन के लिए एमसीएमसी से प्रमाणीकरण जरूरी

**ऊना।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 और दो विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत कोई भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार, कोई अन्य संस्था तथा व्यक्ति को राजनीतिक विज्ञापन प्राकशित कराने के लिए मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी) से पूर्व प्रमाणीकरण करवाना जरूरी होगा।

लोकसभा चुनाव के लिए जहां राज्य स्तर पर शिमला अथवा आरओ स्तर पर हमीरपुर में स्थापित मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी) से अथवा जिला स्तर पर ऊना में बनाई एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण करवाना होगा। वहीं विधानसभा उपचुनाव को लेकर जिला एमसीएमसी अथवा राज्य स्तरीय एमसीएमसी से प्रमाणीकरण करवाया जा सकता है।

# पंजैहन में जोगी रत्ते बाबा करेंगे बाबा पहाड़िया का गुणगान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर जो उपमंडल बंगाणा के थाना कला के गांव पंजैहन थाना खास गांव में स्थित है। उस प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर के 4 से 7 जून तक विशाल धार्मिक समागम होने जा रहा है।



बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैहन थाना खास के मुख्य सेवादार एवं गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार ने बताया कि चार जून को शाम चार बजे मंदिर परिसर से सौ फुट झंडे को उतारा जाएगा और पांच जून को सुबह 10 से एक बजे और शाम 4 से 7 बजे तक कीर्तन दरबार सजेगा। वहीं, 6 जून को सुबह 7 से 9 बजे तक मंदिर परिसर में श्री सत्य नारायण की कथा होगी, के उपरांत तंग पूजन होगा और 10 से एक बजे तक कीर्तन दरबार सजेगा। वहीं, 7 जून को सुबह 7 से 8 बजे तक हवन यज्ञ होगा और साढ़े 9 बजे झंडा रस्म अदा की जाएगी। इसके उपरांत बाबा पहाड़िया की सवारी निकलेगी। 10 से शाम 5 बजे तक पंजाब की बुलंद आवाज गायक जोगी रत्ते बाला बाबा पहाड़िया एवं बाबा बालकनाथ का गुणगान करेंगे। बाबा अशोक कुमार ने बताया कि पहली से सात जून तक मंदिर परिसर में अटूट लंगर की व्यवस्था रहेगी और हर किसी के दरबार में ठहरने का विशेष प्रबंध होगा।

बताते चलें कि उक्त बाबा पहाड़िया मंदिर के साथ लाखों भक्तों की आस्था बनी हुई है और हर शनिवार और रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर बाबा पहाड़िया जी के आशीर्वाद से अपनी समस्याओं का समाधान करवाते हैं।

# पोस्टर फाड़ने से नहीं बनेगी बात, मुद्दों पर करें चर्चा : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने क्षेत्र के मिट्टा, धुंधला और बैरी में जनसंपर्क अभियान के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित कांग्रेस की नीतियों का प्रचार और प्रसार किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से कहा कि ओपीएस लागू करने, महिलाओं को 1500 देने, सुखाश्र्य योजना सहित कांग्रेस सरकार के डेढ़ साल का कार्य अनेक उपलब्धियों से भरा रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी प्रश्नों के उत्तर देने की बजाय इधर-उधर की बातें करने में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों के विरोध से घबराए अब पोस्टर फाड़ने और झंडा उतारने पर उतारु हो गए हैं। वहीं, लोगों को धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अनैतिक कार्य करने से बात नहीं बनेगी, बल्कि मुद्दों की बात करें। उन्होंने कहा कि यह बताएं कि ब्लॉक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष रहते इन्होंने कौन सी उपलब्धि क्षेत्र के लिए लाई है और कौन सा ऐसा मामला है, जो कि विधायक रहते इन्होंने प्रश्नकाल के दौरान उठाया था।


जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा।

**कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने पार्टी की नीतियों का किया प्रचार-प्रसार**

लोगों को गुमराह करने के लिए अब फिर धनबल और शराब का सहारा लिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि आप इन लोगों के झांसे में न आकर प्रदेश की प्रगति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में 5 साल चलने वाली सरकार का साथ दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का आशीर्वाद कुटलैहड़ पर बरसने वाला है। अब कुटलैहड़ में विकास की बहार आने वाली है, जिसके लिए सरकार ने कई पदों के ऊपर नौकरियां निकाली हैं। आने वाले समय में उन पदों के ऊपर कुटलैहड़ के लोगों को रोजगार दिया जाएगा और नए अवसर पैदा किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि लोगों को अब किसी की बात में नहीं आना है, क्योंकि सरकार आपने पहले ही बना दी है और अब इस सरकार को मजबूती देना आपका काम है, क्योंकि सरकार 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी और प्रदेश में नए विकास का युग शुरू होगा।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी के साथ प्रदेश सचिव देसराज मोदगिल, जिला परिषद सदस्य सत्या देवी, पंचायत प्रधान सुषमा, उप्रप्रधान रमन कुमार, मुनीष भैंस, संजीव, शिवनाथ, बेबी, मनीष, रिकी राणावत, मोहित, पंकज, अंकित, राजेश, अत्री, योगराज, अनीता, सुषमा, अंजू, किरण, रजनी, स्नेहा, कुसुम, अंजलि, शीतल, सुशीला, विजय, सरोज, रेनू वाला, रिंकू और सोनू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमितोज मनकोटिया का नया गाना 'करिज्मा' लांच

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

हिमाचल प्रदेश के सिंगर अमितोज मनकोटिया का एक और नया गाना 'करिज्मा' उनके यू-ट्यूब चैनल 'अमितोज मनकोटिया' पर लांच हो गया है। इन्होंने इस नए गाने को देहरा की एसडीएम शिल्पी बेकटा की उपस्थिति में लांच करवाया।

इस अवसर पर इनके पिता गुलशन मनकोटिया और उनके साथी भी मौजूद रहे। बताते चलें कि अमितोज मनकोटिया उपमंडल देहरा के कोटला बेहर गांव से संबंध रखते हैं और गाने की रिलीज के बाद उनके गांव वाले भी उनकी तारीफ कर रहे हैं। इस गाने में संगीत सुमीत सोखी, वीडियो निर्देशक मनी चौधरी और इस गाने को खुद अमितोज मनकोटिया ने लिखा है।

उन्होंने दर्शकों से अपील की है कि इस नए गाने को पहले से भी ज्यादा प्यार दें।

इस मौके पर शिल्पी बेकता ने कहा कि हमे खुशी है कि इस गाने को खुद अमितोज ने ही लिखा और गाया है। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि आज का युवा वर्ग नशे से दूर रहकर अपने भविष्य के लिए अग्रसर है। इस मौके पर उन्होंने आमजनमानस को एक जून को मतदान करने को कहा।



देहरा की एसडीएम शिल्पी बेकटा गाने की लांचिंग के दौरान।

**चुनाव** | **'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' थीम के तहत मुच्छाली में कार्यक्रम आयोजित**

# मतदाताओं ने लोकतंत्र को मजबूत करने का लिया प्रण



नोडल अधिकारी सतिंद्र नेगी ग्रामीणों को जागरूक करते हुए, (दाएं) हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार 'स्वीप' अर्थात सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुच्छाली पंचायत में एकदिवसीय कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुटलैहड़ 45 विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी ने की। इस अवसर पर प्रो. सिकंदर नेगी ने बताया कि इस वर्ष भारत निर्वाचन आयोग द्वारा थीम 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' दिया गया है।

लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से विभिन्न तरह की एक्टिविटी, सोशल मीडिया व प्रचारकों का प्रयोग किया जा रहा है। इस बार चुनाव में अधिकतर लोग अपना मत का पहली बार प्रयोग करेंगे। इसके लिए हर स्तर पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए उपमंडल दंडाधिकारी बंगाणा सोनू गोयल का समय-समय पर निर्देशन प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यहां पर हर मतदाता को बिना किसी भय एवं प्रलोभन के शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें हस्ताक्षर के माध्यम से मतदाताओं ने अगामी चुनावों में अपने मत का शत-प्रतिशत प्रयोग कर देश एवं हिमाचल के लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का प्रण लिया।

इस अवसर पर पंचायत मुशाली के उपप्रधान अजय शर्मा व वार्ड मेंबर सहित अन्य मौजूद रहे।

# आज होगा विशाल जागरण, आयोजन से पहले निकाली जाएगी शोभायात्रा

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के तहत बंगाणा में हर वर्ष की भांति इस बार भी विशाल भगवती जागरण और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़े-बड़े मशहूर कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे, तो वहीं कपिल कोहली मनमोहक झांकियां के साथ लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आपको बता दें कि इस जागरण का आयोजन हर वर्ष किया जाता है, इस बार भी नव दिव्या ज्योतियों को हथलौण से दोपहर दो बजे मां के दरबार तक दोपहर को लाया जाएगा।

सायंकाल सात बजे भंडारा शुरू होगा जो कि रात्रि दस बजे तक चलेगा, वहीं इसके बाद जागरण का आयोजन किया जाएगा इसमें मां के दरबार में मशहूर कलाकार जॉनी सूफी, आशु सिंह, रिंकी चोपड़ा अपनी प्रस्तुतियां पेश करेंगे। प्रबंधक विनोद कुमार उर्फ शेंटी ने बताया कि हर वर्ष की भांति नौ दिव्य ज्योतियों का आगमन मां वैष्णो देवी जी, मां ज्वाला जी, मां बज्रेश्वरी जी, मां चामुंडा जी, मां बगलामुखी, मां नयना देवी जी, मां कालका देवी जी, मां मनसा देवी जी शोभायात्रा के दौरान जागरण पंडाल तक आएंगी।

इस भव्य जागरण में सभी सादर आमंत्रित हैं और सभी श्रद्धालु यातायात व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग करें। (अनंत ज्ञान)


जानकारी देते हुए कमेटी सदस्य

## संपादकीय

# अब गुरुओं की परीक्षा

हिमाचल प्रदेश में स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। प्रदेश बोर्ड के अलावा सीबीएसई और एसओएस ने भी दोनों ही बोर्ड कक्षाओं के नतीजे निकाल दिए हैं। जहां तक हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का सवाल है तो इस बार परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में खराब रहा है। पिछले साल 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 79.4 प्रतिशत रहा था, जो कि इस साल 73.76 प्रतिशत रहा है। 10वीं का परिणाम भी 74.6 प्रतिशत ही रहा है। साल दर साल गिरते जा रहे परीक्षा परिणाम को देखते हुए राज्य शिक्षा विभाग परीक्षा परिणामों की समीक्षा में जुट गया है। विभाग यह जानना चाहता है कि इस खराब परीक्षा परिणाम की असल वजह क्या है? क्या बच्चों को अब पढ़ाई में कोई दिलचस्पी नहीं रही या फिर उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षक अपना काम सही ढंग से नहीं कर रहे हैं? उच्च शिक्षा निदेशालय ने स्कूल शिक्षा बोर्ड प्रबंधन धर्मशाला को पत्र जारी कर 25 फीसदी से कम परिणाम देने वाले स्कूलों की सूची मांगी है। बोर्ड से विषय वार परीक्षा परिणाम भी मांगा गया है। इतना ही नहीं शिक्षा निदेशालय ने दोनों कक्षाओं के परीक्षा परिणाम में टॉप 500 विद्यार्थियों की सूची भी अलग से देने को कहा है। विभाग के अधिकारियों की मानें तो खराब परिणाम देने वाले स्कूलों के शिक्षकों पर विभाग कोई कार्रवाई कर सकता है।

शिक्षा विभाग का कहना है कि साल दर साल गिर रहे परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। विभाग सूचियों की समीक्षा करने के बाद खराब परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों से जवाब भी मांगेगा। दोनों कक्षाओं के परीक्षा परिणामों की समीक्षा की रिपोर्ट सरकार को भी भेजी जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि किन विषयों में विद्यार्थी पिछड़े हैं और इसके पीछे कौन से कारण रहे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मानें तो शून्य से 25 और 26 से 50 फीसदी के बीच परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों की अलग से सूची बनाई जाएगी। इन स्कूलों में कम परीक्षा परिणाम के कारणों का भी पता लगाया जाएगा। यह भी देखा जाएगा कि बीते वर्षों में इन स्कूलों का प्रदर्शन कैसा रहा था। शिक्षा विभाग के निदेशक ने साफ शब्दों में कहा है कि परीक्षा परिणामों की समीक्षा करने के बाद शिक्षकों से भी जवाब तलब किया जाएगा।

अब सवाल यह है कि शिक्षा विभाग ऐसा क्यों कर रहा है? इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। पहला कारण निजी स्कूलों का परिणाम सरकारी स्कूलों के परीक्षा परिणाम से कहीं अधिक बेहतर रहना हो सकता है। इस बार मेरिट में जो बच्चे रहे हैं, उनमें ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों के हैं। सरकार सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को मोटी सैलरी देती है, वहीं दूसरी ओर निजी स्कूलों में बहुत ही कम वेतन पर शिक्षक अध्यापन का कार्य करते हैं। बावजूद इसके निजी स्कूलों के बच्चे सरकारी स्कूलों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। दूसरा कारण सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले गुरुओं का आचरण भी हो सकता है। इसी साल कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां शिक्षक शराब पीकर स्कूल पहुंचे हैं। कुछ तो टल्ली होकर रास्ते में ही पड़े रहे, स्कूल पहुंचे ही नहीं। इससे सरकारी स्कूलों की छवि धूमिल हुई है। ऐसे वाकयों से अभिभावकों का भी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों पर विश्वास डगमगाया है। सरकार अपनी ओर से स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए हर प्रयास कर रही है। अब तो पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू कर दी है, लेकिन अनुशासनहीन गुरुओं की वजह से सरकार के प्रयासों को धक्का लग रहा है। तीसरा कारण शिक्षकों की कमी भी हो सकता है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के काफी पद खाली हैं। अगर शिक्षकों की कमी के कारण परिणाम खराब रहे हैं तो विभाग इन्हें भरने के लिए सरकार को कह सकता है। खराब परिणाम के कारण जो भी रहे हों, लेकिन यह तो सत्य है कि सरकारी स्कूलों के खराब परीक्षा परिणामों की वजह से ही निजी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ रही है और ये स्कूल मनमानी फीस वसूल कर खूब चांदी कूट रहे हैं। ■

# विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ रहा विश्वास

वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। अभी तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकसित देशों का दबदबा बना रहता आया है, परंतु अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में भारत सहित एशियाई देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान होने की प्रबल संभावना है। एशियाई देशों में चीन एवं भारत मुख्य भूमिकाएं निभाते नजर आ रहे हैं। प्राचीन काल में वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 32 प्रतिशत से भी अधिक रहता आया है। वर्ष 1947 में जब भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी, उस समय वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 3 प्रतिशत तक नीचे पहुंच गया था, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को पहले अरब से आए आक्राताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने बहुत नुकसान पहुंचाया था एवं भारत को जमकर लूटा था।

वर्ष 1947 के बाद के लगभग 70 वर्षों में भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था के योगदान में कुछ बहुत अधिक परिवर्तन नहीं आ पाया था, परंतु पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में लगातार मजबूत होते लोकतंत्र के चलते एवं आर्थिक क्षेत्र में लिए गए कई पारदर्शी निर्णयों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं। आज भारत इस स्थिति में पहुंच गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में अपने योगदान को लगभग 18 प्रतिशत के आसपास एवं एशिया के अन्य देशों चीन, जापान एवं अन्य देशों के साथ मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में एशियाई देशों के योगदान को 60 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होता दिखाई दे रहा है। भारत आज अमेरिका, चीन, जर्मनी एवं जापान के बाद विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, साथ ही भारत आज पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में तो भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रहने की प्रबल संभावना बन रही है, क्योंकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रही है। अक्तूबर-दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में तो आर्थिक विकास दर 8.4 प्रतिशत की रही है। इस विकास दर के साथ भारत के वर्ष 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की प्रबल संभावना बनती दिखाई दे रही है।



लेखक : प्रहलाद सबनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

केवल 10 वर्ष पूर्व ही भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और वर्ष 2013 में मोर्गन स्टैनली द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार भारत विश्व के उन 5 बड़े देशों (दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया, टर्की एवं भारत) में शामिल था, जिनकी अर्थव्यवस्थाएं नाजुक हालत में मानी जाती थीं। आज भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है, साथ ही वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में लगातार तेज वृद्धि आंकी जा रही है, जिससे भारत के वित्तीय संसाधनों पर दबाव कम हो रहा है और भारत पूंजीगत खर्चों के साथ ही गरीब वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए वित्त की व्यवस्था आसानी से कर पा रहा है। केंद्र सरकार के बजट में न केवल वित्तीय घाटा कम हो रहा है, बल्कि आने वाले समय में केंद्र सरकार को अपने सामान्य खर्च चलाने के लिए ऋण लेने की आवश्यकता भी कम पड़ने लगेगी। दूसरे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत लगातार स्थिर बनी हुई है, जिससे विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास भी बढ़ रहा है और भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है। तीसरे, भारत में मुद्रा स्फीति पर भी तुलनात्मक रूप से नियंत्रण पाने में सफलता मिली है।

अन्य देश अभी भी मुद्रा स्फीति की समस्या से जूझ रहे हैं। आर्थिक क्षेत्र में उक्त कारकों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक बने रहने की प्रबल संभावनाएं बनी रहेंगी। इसके ठीक विपरीत जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर या तो मंदी के दौर से गुजर रही है अथवा विकास दर बहुत कम अर्थात एक-दो प्रतिशत से भी कम बनी हुई है।

भारत के स्टील उद्योग, सिमेंट उद्योग एवं ऑटोमोबाइल निर्माण के क्षेत्र ने 10 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल कर ली है। डिजिटल आधारभूत ढांचे के निर्माण के क्षेत्र में तो भारत विश्व गुरु बन गया है और इससे आज भारत में 13400 करोड़ से अधिक के डिजिटल व्यवहार हो रहे हैं, जो पूरे विश्व के डिजिटल व्यवहारों का 46 प्रतिशत है। जन-धन योजना के अंतर्गत खोले गए 50 करोड़ से अधिक बैंक खातों में आज 2.32 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा हो चुकी है, जो देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रही है।

वर्ष 2013-14 से वर्ष 2022-23 के दौरान मुद्रा स्फीति की औसत दर 5 प्रतिशत की रही है, जो वर्ष 2003-04 से वर्ष 2013-14 के दौरान औसत 8.2 प्रतिशत की रही थी। मुद्रा स्फीति कम रहने का सीधा लाभ देश के गरीब वर्ग को मिलता है, साथ ही अब तो आर्थिक विकास के साथ ही भारत में रोजगार के भी पर्याप्त अवसर निर्मित होने लगे हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारत में वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के दौरान 51.4 करोड़ व्यक्ति वर्ष के नए रोजगार निर्मित हुए हैं। इसमें केंद्र सरकार द्वारा किए गए सीधे प्रयासों के चलते 19.79 करोड़ व्यक्ति वर्ष के रोजगार के अवसर भी शामिल हैं। शेष 31.61 करोड़ व्यक्ति वर्ष रोजगार के अवसर अपने व्यवसाय प्रारंभ करने के उद्देश्य से बैंकों से लिए गए ऋण के चलते निर्मित हुए हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा उक्त प्रतिवेदन 80 संस्थानों पर की गई रिसर्च (केस स्टडी) के आधार पर जारी किया गया है। सूक्ष्म एवं लघु स्तर के ऋण लेने वाले व्यक्तियों ने रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए हैं। इस प्रतिवेदन के अनुसार औसतन प्रत्येक सूक्ष्म संस्थान 6.6 रोजगार के नए अवसर निर्मित करता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक के बाद अब मूडीज ने भी भारत में आर्थिक विकास के संदर्भ में बताया है कि आने वाले कुछ वर्षों तक भारत की आर्थिक विकास दर विश्व में सबसे अधिक बने रहने की प्रबल संभावना बनी रहेगी।

इस प्रकार, एक के बाद एक विभिन्न वैश्विक आर्थिक संस्थान भारत में आर्थिक विकास दर के मामले में अपने अनुमानों को लगातार सुधारते और बढ़ाते जा रहे हैं। इस प्रकार, आगे आने वाले समय में भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान भी लगातार बढ़ता जाएगा और संभव है कि कालचक्र में ऐसा परिवर्तन हो कि भारत एक बार पुन: वैश्विक स्तर पर अपने आर्थिक योगदान को 32 प्रतिशत के स्तर तक वापस ले जाने में सफल हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# 'नोटा' बटन से करें परहेज

वैसे तो चुनाव में 'नोटा' बटन को दबाना हर हिंदुस्तानी नागरिक का विशिष्ट और जन्मसिद्ध अधिकार है, लेकिन चुनाव के दौरान इससे भी कुछ बेहतर किया जा सकता है, क्योंकि कई अन्य सकारात्मक संभावनाएं अवश्य ही उपलब्ध होती हैं। लोकसभा या किसी भी अन्य चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल के या स्वतंत्र प्रत्याशी को अपना मत नहीं देना संभवत: उतने अच्छे परिणाम नहीं ला सकता।

ज्यादा अच्छी परिस्थिति यह हो सकती है कि हम आपने जान-पहचान वाले किसी मनुष्य को ही वोट करें। व्यक्तिगत, सामूहिक रूप, प्रभाव समूहों, दबाव समूह व ऐसे ही अन्य संवैधानिक और कानूनी माध्यम से चुनाव में हिस्सा ले रहे प्रत्याशी को ही समझाएं और सिखाएं कि कब, कैसे , क्यों और क्या करना सबसे महत्वपूर्ण है? कुछ लोग व्यक्तिगत रूप से कितने भी बिगड़े हुए, जिद्दी, शरारती, कामचोर, बदमाश किस्म के हो सकते हैं। कोई बात नहीं, हैं तो वे हमारे बीच में ही से और हमारे अपने ही।



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
ओबड़ी, चंबा

चुनावी प्रत्याशी को प्रभावी तरीके से मजबूर किया जाए कि वह पहले कि अपेक्षा बहुत बेहतर नेता और इंसान बने, सर्वगुण संपन्न तो, जो कि हम सभी में कोई भी नहीं है। लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी चाहे किसी राजनीतिक दल का हो या आजाद प्रत्याशी के रूप में, वोट किसी जीवित मनुष्य को देना ही श्रेयष्कर रहता है। किसी मनुष्य के साथ ही हम वाद-विवाद, शिकवा -शिकायत , प्रेम-मोहब्बत या थोड़ा -बहुत लड़ाई-झगड़ा कर सकते हैं।

चुनाव से पहले, दौरान और बाद में भी हमें इतनी सुविधा तो रहती ही है, इसलिए अप्रत्यक्ष रूप से वोटिंग मशीन पर अपना गुस्सा निकालने के बजाय, हम सभी और नेता स्वयं अपने आप को ही बेहतर नागरिक और इंसान बनाने की निरंतर चेष्टा करें। ईवीएम के नोटा बटन से हम कोई भी हिसाब-किताब पूछ तथा मांग नहीं सकते।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## मां के चरण

मनोहर लाल
गांव पहलवान
बिलासपुर

*दर-दर क्यों तू भटक रहा है*
*जब तक मां तेरे पास है*
*कहीं न कुछ तू पाएगा*
*मां के चरणों में बैठ जरा तू*
*धन्य-धन्य हो जाएगा।*
*मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे में*
*क्या ही सुख तू पाएगा।*
*मां के चरणों में बैठ जरा तू*
*धन्य-धन्य हो जाएगा।*
*हर सुख मिल जाएगा*
*बड़े दुख भी भूल जाएगा*
*मां का आंचल पाएगा*
*तो धन्य-धन्य हो जाएगा।*
*हर कष्ट भूल जाएगा*
*कांटा भी फूल बन जाएगा*
*मां के चरणों में बैठ जरा तू*
*धन्य-धन्य हो जाएगा।*
*आस लगा, विश्वास लगा,*
*मां से जरा सा प्यार तो पा*
*मां की भक्ति का असर*
*देखता जा*
*पर्वत भी झुक जाएगा,*
*रास्ते का हर रोड़ा हट जाएगा*
*मां के चरणों में*
*बैठ जरा तू*
*धन्य-धन्य हो जाएगा।*
*मां का आंचल पाएगा*
*तो धन्य-धन्य हो जाएगा।*

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### रिजर्व बैंक के दसवें गवर्नर

**एस जगन्नाथन** का पूरा नाम सरुक्काई जगन्नाथन था। उनका जन्म दक्षिण भारत के तमिलनाडु राज्य में हुआ था। अपनी स्कूल स्तर की शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अपनी स्नातक की डिग्री प्रेसिडेंसी कॉलेज मद्रास से पूरी की थी। एस. जगन्नाथन भारतीय रिजर्व बैंक के दसवें गवर्नर थे। बतौर गवर्नर उनका कार्यकाल 16 जून, 1970 से लेकर 19 मई, 1975 तक रहा। जगन्नाथन भारतीय सिविल सेवा के सदस्य थे और उन्होंने केंद्र सरकार के साथ काम किया था। आरबीआई के गवर्नर बनने से पहले उन्होंने विश्व बैंक में भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया था। 1970 के दशक में पैदा हुए तेल संकट से निपटने में उनके द्वारा लाई गई मौद्रिक नीति बहुत ही कारगर सिद्ध हुई थी। उनकी अन्य उपलब्धियों में निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण के उद्देश्यों के अनुसरण में बैंकिंग कार्यालयों का विस्तार शामिल है। उनके कार्यकाल के दौरान भारतीय क्रेडिट गारंटी निगम और राज्य स्तरीय बैंकर्स समितियों की स्थापना की गई। भारत में पहली बार 20 रुपए और 50 रुपए के नोट जब पेश किए गए थे, तो उन्होंने ही उन पर अपने हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक का पदभार ग्रहण करने के लिए आरबीआई कार्यालय से अवकाश ले लिया था।



**एस जगन्नाथन**
**जन्म :** 18 मई, 1914
**मृत्यु :** 1996

# एड्स पर नियंत्रण, चिकित्सा तंत्र की बड़ी चुनौती?

**विश्व एड्स वैक्सीन दिवस पर विशेष**

एड्स से निजात के लिए हमें सिर्फ सतर्कता और जागरूकता पर ही निर्भर नहीं रहना होगा, इसके आगे भी सोचना पड़ेगा। आगे सोचने का मतलब, एड्स की वैक्सीन, दवा या टीके के अविष्कार की ओर कदम बढ़ाना, क्योंकि दिनों दिन यह लाइलाज बीमारी भयाभय रूप लेता जा रही है। प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में एचआईवी पॉजिटिव केस सामने आते हैं जिनमें हजारों की संख्या में मौत के मुंह में समा जाते हैं। यह सच है, एड्स से डरावनी बीमारी शायद आज भी दूसरी कोई और नहीं? जिसका मात्र नाम सुनते ही लोगों की रूह कांप जाती हैं। लोग भगवान से दुआ करते हैं, उन्हें कोई भी हारी-बीमारी क्यों न हो जाए, पर एड्स न हो?

एड्स समाज की सबसे बड़ी कलंकित बीमारी है। कलंकित इसलिए, क्योंकि इस बीमारी के चलते समाज में असमानता फैल रही है, जो सभ्य समाज में कतई स्वीकार्य नहीं? यही कारण है, एचआईवी लक्षण पता होने पर पॉजिटिव व्यक्ति से समाज एक तरह से नकार ही देता है। एड्स हो जाने के बाद समाज के अलावा सगे-संबंधी भी दूरी बना लेते हैं। तब दुखी होकर पीड़ित एकांतवास जीवन जीने को मजबूर हो जाता है। जबकि, देखा जाए तो एड्स की बीमारी मौत का तत्काल कारण नहीं बनती। एड्स रोगी लंबा जीवन जीते हैं। इसे स्वास्थ्य तंत्र की नाकामी कहें या हुकूमतों की लापरवाही? दशकों बीत जाने के बाद भी एड्स वायरस पर विजय प्राप्त नहीं हो सकी और न ही आज तक कोई मुकम्मल दवा या वैक्सीन बन सकी। एड्स से बचाव के लिए हम आज भी मात्र सतर्कता और जागरूकता पर ही निर्भर हैं, जो नाकाफी हैं। दरकार,अब वैक्सीन और दवा की है। पहले के रिसर्च में यह तो तय हो चुका है कि एचआईवी एड्स की बीमारी जानलेवा है। चपेट में आने वाले मरीज की मौत होना निश्चित है, क्योंकि एचआईवी के वायरस अपनी स्थिति को बहुत तेजी के साथ बदलते हैं। एचआईवी का वायरस मरीज के प्रतिरक्षा सिस्टम पर सीधा प्रहार करता है। वायरस अपनी मौजूदगी को नित बदलता रहता है।



लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हिंदुस्तान के अलावा पूरे संसार की बात करें, तो एड्स पीड़ितों की संख्या इस समय लाखों-हजारों में नहीं, बल्कि करोड़ों-अरबों में हैं। पिंड छुड़ाने के लिए देश-विदेश की हुकूमत लाखों नाकाम कोशिशें करती हैं। हालांकि रिसर्च-औषधियों के शोध लगातार जारी हैं, पर सफलता हाथ नहीं लग रही। कई मुल्क इस वैक्सीन पर शोध कर रहे हैं। हां, इतना जरूर है, 'इंटरनेशनल एड्स वैक्सीन इनिशिएटिव और द स्क्रिप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट' ने इतनी सफलता जरूर हासिल कर ली है कि एचआईवी संक्रमितों की मरने-जीने की स्टेज बता सकती है।

वैसे, चिकित्सा विज्ञान के अनुसार एड्स भी मात्र एक वायरस ही है। लोगों में भ्रम है कि एड्स छूने से, साथ खाने से या हाथ मिलाने से फैलता है, जबकि यह कोरा मिथक है। एड्स इनमें से किसी भी कारण से नहीं फैलता, साथ ही यह एक ही टॉयलेट प्रयोग करने से, छींकने या खांसने या फिर गले मिलने से भी नहीं फैलता। एड्स के फैलने के दूसरे कारण होते हैं, जैसे संक्रमित खून चढ़ाना, एचआईवी पॉजिटिव महिला या पुरुष के साथ शारीरिक संबंध स्थापित करना, साथ ही एक से अधिक पार्टनरों के साथ सेक्स करना आदि मुख्य कारण हैं। इस बीमारी का जबसे पता चला है, तभी से संक्रमितों की संख्या में कमी के बजाय बढ़ोतरी हुई है। आज पूरे संसार में 'विश्व एड्स वैक्सीन दिवस' मनाया जा रहा है। जो एचआईवी वैक्सीन जागरूकता के लिए निर्धारित है, जिसकी बहुत जरूरत है।

बहरहाल, बढ़ते संक्रमित मामलों को देखते हुए दरकार इसी बात की है कि एचआईवी वैक्सीन की तत्काल आवश्यकता को पूरा किया जाए। कुछ वर्ष पूर्व अमेरिकी शोधकर्ताओं ने एचआईवी से निपटने के लिए वैक्सीन बनाने का दावा किया था, जिसमें जानवरों का प्रयोग किया था, तब बताया गया था कि एचआईवी वायरस की प्रतिरक्षा के लिए जानवरों के रक्त एंटीबॉडी प्रोड्यूस करते हैं जिनके जरिए एचआईवी को रोका जा सकता है।

हालांकि उनके इस दावे पर डब्ल्यूएचओ ने सवाल खड़े किए। मामला ज्यादा तूल पकड़ा तो फिर बात आगे नहीं बढ़ी। केंद्र सरकार ने सन् 2030 तक एड्स के मामलों पर नियंत्रण पाने के लिए लक्ष्य बनाया है। वहीं, एड्स कंट्रोल सोसायटी के अनुसार कोरोना वायरस की भांति जरूरी चिकित्सीय व्यवस्था का प्रबंध बनाया है। अगर ऐसा होता है तो काबिलेतारीफ होगा, बड़ी सफलताओं में गिना जाएगा, क्या अगले 6 साल में सरकार ये लक्ष्य पूरा कर पाएगी? हिंदुस्तान में प्रति वर्ष अस्सी से नब्बे हजार केस सामने आते हैं। पिछले साल 2021 में 87,500 एचआईवी के मामले दर्ज हुए। वहीं, बीते तीन साल में 69,000 लोगों की जान गई। महाराष्ट्र और दिल्ली में संक्रमितों की संख्या दूसरे राज्यों से कहीं ज्यादा है।

केंद्रीय एड्स कंट्रोल सोसायटी के अनुसार एचआईवी के मरीज ज्यादातर 15 से 49 साल की उम्र के बीच ज्यादा होते हैं। 2020 में दिल्ली के कुल 32,130 एचआईवी के मरीजों को ऐंटी रेट्रोवायरल थेरेपी पर रखा गया था। वहीं, कोरोना काल में एड्स मरीजों की संख्या में और इजाफा हुआ था। पूरी दुनिया में एड्स से मरने वालों का आंकड़ा अब और भयभीत करने लगा है। वायरस या बीमारी कोई भी हो उसे चिकित्सा तंत्र को गंभीरता से लेना चाहिए, हल्के में नहीं? । एड्स जैसी बीमारी की कोई दवा नहीं है। दवा है तो सिर्फ जागरूकता और स्वयं का बचाव, जिसमें हमें किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए। इस पर कामयाबी पाने के लिए वैक्सीन या टीके का निर्माण होना ही चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

इंसान के लिए किसी भी तरह के नशे की लत नुकसानदायक होती है। नशे से छुटकारा पाना तो सभी चाहते हैं, लेकिन यह आसान काम नहीं है। नशा छोड़ने की कोशिश करने पर शरीर पर प्रभाव दिखते हैं, जिस कारण व्यक्ति फिर से नशे की ओर मुड़ जाता है। उसका आत्मविश्वास जवाब दे देता है। ऐसा क्यों होता है? एडिक्शन से कुछ लोगों को छुटकारा क्यों नहीं मिलता? नशे की लत से दिमाग में लंबे समय तक चलने वाले कैमिकल बदलाव होते हैं, जो नशे की लत को छूटने नहीं देते। लत का मतलब यह है कि दिमाग उस नशे का आदी हो जाता है। यह आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए तो हानिकारक और खतरनाक होता ही है, सामाजिक और आर्थिक स्थिति के लिए भी अच्छा नहीं होता। लत की वजह से व्यवहारिक दिक्कत हो सकती है। खुद पर नियंत्रण नहीं रहना, याददाश्त कमजोर होना, अपने कार्यों पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं होना, बेवजह जोखिम मोल लेना लत से जुड़ी समस्याएं हैं। पिछले कुछ सालों में राष्ट्रीय और राज्य स्तर की विभिन्न एजेंसियों ने गुजरात में भारी मात्रा में नशीली दवाएं पकड़ी गई हैं। अब सवाल यह उठता है कि माफिया गुजरात में ही ड्रग्स की खेप पहुंचाने का बंदोबस्त आखिर क्यों कर रहा है? इसका सीधा से जवाब यह है कि यहां निश्चित रूप से ड्रग्स की डिमांड ज्यादा रहती होगी या फिर यहां की कानून व्यवस्था इतनी लचर हो गई है कि माफिया को अपना माल ठिकाने लगाने में सुविधा होती होगी। कहीं न कहीं इसमें पुलिस की मिलीभगत भी रहती होगी, क्योंकि इतनी बड़ी खेप पुलिस के सहयोग के बिना तब तक आगे नहीं बढ़ सकती, जब तक पुलिस को रिश्वत आदि न दी हो। इस तरह के भ्रष्ट तंत्र से कैसे छुटकारा मिल सकता है, इसके बारे में गहन चिंतन और मनन करने की आवश्यकता है।

**-जगदीश चंद, नगरोटा बगवां**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# देवभूमि में नकली दवाओं के निर्माण पर सख्त कार्रवाई जरूरी

हिमाचल प्रदेश के दवा उद्योगों में बनी घटिया गुणवत्ता वाली दवाओं का भंडाफोड़ हाल ही में चंडीगढ़ पुलिस टास्क फोर्स ने किया है। दवाओं के नाम पर किस तरह जहर बेचकर लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ किया जा रहा है, बेहद चिंता का विषय है। पहाड़ के दवा उद्योगों में बनी खांसी की दवा से नन्हे बच्चों तक की मौत हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीकन देशों में भी इन दवाओं के विपरीत असर की सुर्खियां भी पढ़ने को मिली हैं, शायद ही ऐसा कोई माह गुजरे, जब इन उद्योगों में बनी दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सवाल न उठे हों। आज हद तब हो गई, जब पंजाब पुलिस ने इन दवाओं की तस्करी करने वाले माफिया को गिरफ्तार किया है। बड़ी हैरत की बात है कि प्रतिबंधित दवाओं की सप्लाई देशभर में सरेआम करके उद्योगपति अपनी तिजोरियां भरने में मशगूल हैं। पंजाब पुलिस की ऐसी कार्रवाई से देवभूमि दवा उद्योग की साख धूमिल हुई है। उच्च न्यायलय ने इस पर प्रदेश सरकार से जवाब तलव किया है। उच्च न्यायलय की मंशा यह है कि जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले दवा उद्योग मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी हिमाचल प्रदेश में बनने वाली दवाओं की गुणवत्ता भी शक के घेरे में रही है, मगर बावजूद इसके ऐसे दवा विक्रेताओं के ऊपर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है, जो इस तरह नकली दवाइयां बेचकर जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते जा रहे हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण बोर्ड ने देशभर के उद्योगों की दवाइयां नकली पाए जाने की पुष्टि की थी। प्रदेश की जनता को बेहतर स्वास्थ्य मुहैया करवाने के दावे सरकार बेशक करती रहे, मगर जिस तरह से दवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं, यह कोई सुखद बात नहीं है।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि नकली दवाओं की आड़ में किस तरह दवा निर्माता कंपनियां अपनी जेबें भरने में मशगूल हैं। अगर यह कहा जाए कि सरकारी अस्पतालों में सरकार से ज्यादा दबा माफिया की पकड़ मजबूत हो गई है, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। आखिर क्या बजह है कि चिकित्सक मरीजों को बेतहाशा दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर करते जा रहे हैं। एक तो नकली दबाइयां ऊपर से मेडिकल स्टोर बिना एयरकंडीशनर होने की बजह से दूसरी दवाइयां भी असरदार हों, एक बड़ा सवाल है? दवाओं की गुणवत्ता कायम रखने के लिए सही तापमान की जरूरत होती है। ज्यादातर दवा खाने बगैर एयरकंडीशनर के चलाए जा रहे हैं। दवाखानों में सालों दवाइयां धूल फांकती रहती हैं, उनकी जांच करने के लिए ड्रग्ज कंट्रोलरों की कमी हमेशा ही रही है। बदलते सामाजिक परिवेश के चलते लोगों ने अपने खानपान की चीजों में जमीन आसमान का अंतर ला दिया है। आज की युवा पीढ़ी को बाजारों से चटपटा खाने की आदत पड़ चुकी है। घरेलू खानपान से हर कोई दूर होता जा रहा है। एक समय ऐसा था कि पशुओं का गोबर कंपोस्ट बनाकर खेतों में डाला जाता था। उस जमीन में नमी होने पर सब्जियां और अनाज पैदा किया जाता था। आजकल किसानों का पशुपालन से मोहभंग होता जा रहा है और नतीजतन खेतों में रासायनिक खादों से फसलों की पैदावार की जा रही है, जिससे जमीनें बंजर बनती जा रही हैं और उससे उत्पन्न होने वाला अनाज विषाक्त। किसान सब्जियों के ऊपर आंखें बंद करके जहरीली दवाओं और कीटनाशक की स्प्रे करके पैदावार कर रहे हैं, ऐसी जहरीली दवाओं से उत्पन्न हुई सब्जियों को बेचने के लिए सब्जी मंडियों में सजाया जा रहा है।

सब्जी मंडियों में ऐसी सब्जियों की गुणवत्ता जांचे बगैर भेजा जा रहा है। जनता को ऐसी सब्जियां बेचने से पहले स्वास्थ्य विभाग को इनकी गुणवत्ता परखनी चाहिए। केंद्र सरकार ने इसी बजह से ऐसे दवा विक्रेताओं पर अंकुश लगाने की कोशिश की थी, जिनके पास ऐसी शिक्षा की कोई डिग्री नहीं थी। सब्जियों के साथ-साथ फलों की पैदावार भी जहरीली दवाओं पर ही निर्भर होकर रह गई है। मोबाइल क्रांति आने की बजह से हर कोई इसका गुलाम बनकर रह गया है। लोग घरों की चारदीवारी अंदर मोबाइल चलाने तक ही सीमित होकर रह गए हैं। खेलकूद, सुबह की सैर करने से लोग बहुत पीछे रह गए हैं। बच्चे मोबाइल, लैपटॉप और टैबलेट पर ही खेलकर दिल को बहला रहे हैं। एयरकंडीशनर कमरों के अंदर रहने वालों को हमेशा कमर, घुटनों और गर्दन की दर्द से कराहते देखा जा सकता है। एक तो नकली दवाइयां, ऊपर से जहरीली दवाइयों से उत्पन्न होने वाले अनाज, फल और सब्जियां खाने से एक आम आदमी किस तरह अपना स्वास्थ्य बेहतर रख सकता है। आम आदमी को स्वास्थ्य रूपी धन का मालिक बनने के लिए सही खानपान और योग अभ्यास करते रहना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी के विजय कपूर ने बनाया एशिया का सबसे ऊंचा मोटरेबल सस्पेंशन ब्रिज

**अनिल शर्मा, मंडी**

चिचम ब्रिज को बनाने में हमें बहुत मुश्किलें आई, क्योंकि साइट बहुत टफ थी। काम लेने के बाद पता चला कि काम करना बहुत कठिन है। अब काम लिया हुआ है तो जैसे मर्जी इसको निभाएंगे। काम करते करते हमें छह साल लगे।

यह बात होस्ट एंकर सीरीज के आठवें एपिसोड में एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में एशिया का सबसे ऊंचा मोटरेबल सस्पेंशन ब्रिज बनाने वाले छोटी काशी के गौरव विजय कपूर ने कही। विजय कपूर ने बताया कि लाहौल-स्पीति के चिचम और किबर को जोड़ने वाला यह ब्रिज 14,500 फीट ऊंचे कुंजम पास पर बना हुआ है। यहां काम करना बहुत ही कठिन था, वर्कर तीन चार घंटे ही काम कर पाते थे, ऑक्सीजन की कमी होती थी।

ऊंचाई इतनी कि पुल के नीचे देखें तो अंधेरा ही दिखता है। हमसे जुड़े वर्कर्स ने हिम्मत कर बहुत साथ दिया, उनकी मेहनत से हम कामयाब हो गए। ब्रिज बनाने के बाद हमें पता चला कि यह एशिया का सबसे ऊंचा ब्रिज है। आज यह प्वाइंट टूरिस्ट प्लेस बना हुआ है। बता दें कि विजय कपूर द्वारा वर्ष 1990 में मंडी डिग्री कॉलेज भवन का निर्माण नौ महीनों में किया गया था। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान स्पैशल

एपिसोड-8

## कुछ नया करने के लिए छोड़ी नौकरी

**विजय** कपूर ने कहा कि आज की पीढ़ी नौकरी के पीछे भागी हुई है। मैं भी नौकरी करता था, हिमाचल ग्रामीण बैंक में मेरी नौकरी लगी हुई थी। मेरे मामाजी जगदीश बहल ने मुझे मोटिवेट किया कि कुछ नया करो। हमने एक छोटी सी इंडस्ट्री लगाई। जंजैहली में एक छोटा ब्रिज बनाते समय विभागीय अधिकारी आए और कून कातर का ब्रिज बनाने की बात कही।

होस्ट एंकर सीरीज में नीरज शर्मा के साथ बातचीत में विजय कपूर।




## 100 से अधिक पुल व इमारतें बनाईं

**विजय** कपूर ने 100 से अधिक पुल, इमारतें आदि बनाई हैं। कुल्लू का देव सदन नौ महीने के रिकॉर्ड समय में बनाया गया। मंडी का संस्कृति सदन, पुरानी मंडी के लिए मोटरेबल सस्पेंशन ब्रिज आदि बहुत से निर्माण कार्य किए हैं। विजय कपूर ने बताया कि पंचवक्त्र पुल को बनाने में भी वर्कर ने बहुत संघर्ष किया, तिरपाल डाल डाल कर निर्माण कार्य किया गया। इसके अलावा हिमाचल के जनजातीय क्षेत्रों में बहुत काम किया है।

## क्वालिटी वर्क जरूरी

**विजय** कपूर ने कहा कि क्वालिटी वर्क करना चाहिए। निष्ठापूर्ण काम करना चाहिए, मेहनत करें, जी जान से जुटे तो सफलता अवश्य मिलती है। अच्छा करेंगे तो अपने आप को भी संतुष्टि मिलेगी और हमारी अगली वाली पीढ़ी देखेगी कि हमने यह काम किया हुआ है। अच्छा काम करेंगे तो प्रोत्साहन मिलेगा, प्रशंसा मिलती है। इस प्रोफेशन में जुड़े लोगों से कहता हूं कि गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। ऐसा काम करें, जिससे सौ दो सौ लोगों को भी रोजगार मिले। शुरू में बहुत मुश्किलें आती हैं, लेकिन हिम्मत न हारें, सफलता अवश्य मिलती है।

# देवी-देवताओं की विदाई के साथ संपन्न हुआ धूमावती मेला



मुख्य अतिथि विजेताओं को पुरस्कार देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मझवाड़ क्षेत्र में ऊंची चोटी पर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता धूमावती मंदिर में तीन दिवसीय मेले का समापन देवी-देवताओं की विदाई के साथ हो गया। मेले में देव सायरी बाला कामेश्वर, माता धूमावती, बाला कामेश्वर चंडेहिया, माता लगवारा, माता कशमीरी अपने देव रथों व देवलुओं सहित इस मेले में आए। इस मौके पर करवाई गई कबड्डी प्रतियोगिता में सात टीमों ने भाग लिया। मेले के समापन पर एसपीटी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के मालिक सतपाल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रा समानता को मिलेगी स्कॉलरशिप



**मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला मंडी की छात्रा समानता ने नेशनल मीन्स कम मैरिट स्कॉलरशिप एनएमएमएस के तहत स्कॉलरशिप एग्जाम पास किया है। अब उसे 12000 रुपए वार्षिक स्कॉलरशिप प्राप्त होंगे। एनसीईआरटी सोलन द्वारा यह एग्जाम करवाया जाता है प्रधानाचार्य अनिल कटोच ने कि इस वर्ष पाठशाला की यह दूसरी बड़ी उपलब्धि है, इससे पहले पाठशाला की एक छात्रा बोर्ड परीक्षा में आठवें स्थान पर रही है।

### क्षमता निर्माण संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

मंडी। मंडी डाइट में दो दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू की गई है। शिक्षा खंड सदर-2 कटौला में प्रथम बैच में 44 तथा दूसरे बैच में 57 अध्यापक अध्यापिकाएं प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डाइट मंडी से बतौर मैटर चारु वैद्य को सदर-2 कटौला में प्रति नियुक्त किया गया है तथा बतौर स्रोत व्यक्तियों में अजय चौहान प्रवक्ता अंग्रेजी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बागी कटौला, कमल किशोर प्रवक्ता गणित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटिणढ़ी तथा अनिल कुमार कनिष्ठ बुनियादी अध्यापक केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला बथेरी सेवाएं दे रहे हैं। प्रशिक्षण समन्वयक इंद्र भारद्वाज खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, सुभाष कमल प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटौला तथा उनका सहयोग बीआरसी कार्यालय कटौला में तैनात लेखाकार पूजा तथा पुष्पलता दे रही है।

### एग्रो प्रोसेसिंग उत्पादन केंद्र होगा स्थापित

**सरकाघाट।** धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा सिद्धपुर ग्राम पंचायत के सकोह में एग्रो प्रोसेसिंग उत्पादन केंद्र स्थापित करेगा, जिसका नाम दिवंगत लीला देवी के नाम पर किया जाएगा, जो एफपीओ और जागृति महिला समूह की सदस्य थी। इस उत्पादन केंद्र में सभी प्रकार के कृषि उत्पादों को मार्केट में बिक्री के लिए विभागीय नियमों अनुसार तैयार किया जाएगा। एफपीओ धर्मपुर की ओर से उत्पादन संबंधी लाइसेंस हासिल करने की औपचारिकता पूर्ण करवाने के लिए एफपीओ की टीम ने इस गांव का दौरा किया।

### आज शहर के कुछ क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल एक नरेश ठाकुर ने बताया कि 18 मई को 33/11 केवी सब-स्टेशन मंडी की आवश्यक मरम्मत की जाएगी। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के कारण जेल रोड़, पैलेस, डाइट, रवि नगर, महाजन बाजार, अस्पताल रोड, क्षेत्रीय अस्पताल, गणपति रोड, मोती बाजार, लोअर समखेतर, तुंगल कालोनी, बालकरूपी, खत्री सभा, कोषागार कार्यालय सहित साथ लगते क्षेत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 केवी उच्च ताप विद्युत लाइन के स्थानांतरण के कार्य के चलते 18 मई को रामनगर, पुल घराट, थनेहड़ा, विश्वकर्मा मंदिर, कॉलेज रोड, बस स्टैंड, डिग्री कॉलेज तथा साथ लगते क्षेत्र में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

### झौट स्कूल की दो बेटियों को मिलेगी स्कॉलरशिप

**पंडोह।** राजकीय उच्च पाठशाला झौट की दो बेटियों ने वर्ष 2023 में राज्य शैक्षणिक



अनुसंधान संशोधन एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन द्वारा आयोजित नेशनल मीन्स कम मैरिट परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए अपने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इन दोनों होनहार बेटियों को प्रति वर्ष 12000 हजार रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी। झौट स्कूल के हैड मास्टर सोमदत्त शर्मा ने बेटियों को बधाई देते हुए कहा कि दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में हमारे स्कूल के प्रवीण कुमार ने 648 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### छात्रों को मतदान बारे किया जागरूक

**सरकाघाट।** रवीन्द्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में राजनीति विज्ञान विभाग और निर्वाचन साक्षरता क्लब के द्वारा चुनावी साक्षरता और मतदाता जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के छात्रों को चुनावी प्रक्रिया और मतदान अधिकार के बारे में जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने बताया कि यह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वीप कार्यक्रम के तहत किया गया।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगाया चिकित्सा शिविर



**सुंदरनगर।** हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के दंत चिकित्सकों की टीम न आरोग्य जन कल्याण समिति द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र गुटकर में एक दिवसीय निशुल्क सामान्य तथा दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में वरिष्ठ नागरिकों और अधिकारियों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। शिविर में हाइपरटेंशन और दंत स्वास्थ्य के बारे में एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन हिमाचल डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास तथा प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया।

# लोकसभा चुनाव में 95 लाख खर्च की सीमा

## सीमा से अधिक राशि खर्च की तो विजयी होने पर भी जा सकती है सदस्यता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

निर्वाचन अधिकारी मंडी संसदीय क्षेत्र अपूर्व देवगन ने लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों और उनके व्यय एजेंटों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि लोकसभा चुनावों में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 95 लाख रुपए से अधिक की राशि व्यय करने पर प्रत्याशी के विजयी होने पर भी उसकी सदस्यता जा सकती है, इसलिए सभी प्रत्याशी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सीमा के अंदर ही प्रचार पर धनराशि व्यय करें। उनके चुनावी व्यय की निगरानी के लिए वीडियो सर्विलेंस टीमें लगातार नजर रख रहीं हैं।

शैडो ऑब्जर्वेशन रजिस्टर पर उनके सारे खर्च की गणना की जा रही है। उन्होंने बताया कि व्यय रजिस्टर का मिलान शैडो



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी।

ऑब्जर्वेशन रजिस्टर से नहीं होता है तो प्रत्याशी को नोटिस जारी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रत्याशी के नामांकन के दिन से लेकर परिणाम घोषित होने तक के सारे खर्चे को प्रत्याशी के चुनाव खर्च में जोड़ा जाएगा और प्रचार के सारे खर्च का हिसाब परिणाम घोषित होने के एक महीने के अंदर देना होगा। अगर प्रत्याशी खर्च का हिसाब नहीं देता है तो वह तीन साल तक चुनाव नहीं लड़ सकता है।

### राजनीतिक विज्ञापनों पर रहेगी नजर

**निर्वाचन** अधिकारी ने कहा कि अगर रैली में दो उम्मीदवार उपस्थित होंगे तो रैली का खर्च आधा-आधा उनके खाते में जोड़ा जाएगा। जिला में गठित एमसीएमसी लगातार पेड न्यूज, राजनीतिक विज्ञापन पर कड़ी नजर रख रही है। अगर कोई प्रत्याशी राजनीतिक विज्ञापन सोशल या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित करना चाहता है तो उसे जरूर एमसीएमसी से प्रमाणित करवा लें।

### उम्मीदवारों को चुनाव निशान आवंटित

**मंडी** से कुल 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी संसदीय क्षेत्र से अब भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत, कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह सहित कुल 10 उम्मीदवार हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी के डा. प्रकाश चंद को हाथी, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के नरेंद्र कुमार को बांसुरी, हिमाचल जनता पार्टी के महेश सैनी को टेलीफोन, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के विनय कुमार को केतली, निर्दलीय आशुतोष को त्रिभुज, निर्दलीय दिनेश कुमार भाटी को दूरबीन, निर्दलीय राखी गुप्ता को सेब तथा निर्दलीय सुभाष मोहन स्नेही को बल्लेबाज चिन्ह आवंटित किया गया है।

# कांग्रेस का नाम इंटरनेशनल ठगों की गिनती में : गोपाल वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कांग्रेस के नेता बौखलाहट में बदतमीजी भरी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं और उनको लगाता है कि मंडी की सीट कांग्रेस के हाथ में होगी तो यह धोखे में है, कांग्रेस मंडी सीट बुरी तरह से हारेगी। यह शब्द हिमाचल प्रदेश सर्व कर्मचारी पेंशनर, श्रमिक, युवा बेरोजगार, संयुक्त मोर्चे और अराजपत्रित कर्मचारी संगठन के पूर्व में रहे दो बार के अध्यक्ष गोपाल वर्मा ने कही। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के ऊपर खूब जुबानी हमला बोला।

उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य हिमाचल के मुद्दों को संसद में उठाने की बात करते हैं लेकिन वो हिमाचल के मुद्दों को विधानसभा में ही नहीं उठा पाए तो संसद में कहा उठाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में मंत्री होने के बावजूद अपने पिता की मूर्ति तक नहीं लगा पाए तो हिमाचल का क्या ही विकास करेंगे। आपकी माता ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया और मुख्यमंत्री ने हारने के लिए विक्रमादित्य को आगे कर दिया।

कांग्रेस सरकार तो अब झूठ पर झूठ बोल रही है जिससे ये लोग इंटरनेशनल ठगों की गिनती में आ गए है। सुक्खू सरकार रही तो कर्मचारियों का पैसा फ्रिज हो जाएगा।

## चरस के आरोपी को अदालत ने 14 दिन के लिए हिरासत में भेजा

**सरकाघाट।** सरकाघाट की ग्राम पंचायत बाग के गांव ध्यान से आरोपी किशन चंद के घर से बीते 12 मई को एसएचओ के नेतृत्व में 1 किलो 934 ग्राम चरस बरामद होने के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया था उसी केस से जुड़े दूसरे आरोपी रविंद्र सिंह पुत्र मंगल सिंह को सरकाघाट पुलिस ने उसके घर गांव खयार (जंजैहली) से धर-दबोच लिया और उसे सरकाघाट ले आई जहां पहले से हिरासत में लिए गए किशन चंद सहित दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से दोनों आरोपियों को 14 दिनों के लिए हिरासत में भेज दिया। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने इस मामले की पुष्टि की।

## भतीजे ने चाचे से की मारपीट

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना धनोटू के तहत बृखमणी क्षेत्र में भतीजे ने शराब के नशे में चाचा की धुनाई करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धनोटू ने शिकायतकर्ता नीलमणि पुत्र सरन दास निवासी गांव समीही शिकायत पर एफआईआर दर्ज किया है। शिकायतकर्ता अनुसार उसके भतीजे निहाल सिंह पुत्र तेज ने नशे में गाली-गलौज करके उसका रास्ता रोककर मारपीट की है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## जिले में मतदाता सूची से हटाए 27429 नाम

**मंडी।** जिले मतदाता सूची की शुद्धिकरण प्रक्रिया के दौरान 27429 मतदाताओं के नामों को हटा दिया गया है। बता दें कि यह वे मतदाता हैं जो या तो मृत हो गए हैं या फिर किसी अन्य चुनाव क्षेत्र में अपना मत बना चुके हैं। जिले में मतदाताओं की संख्या 8,68,108 रह गई है। डीसी अपूर्व देवगन ने बताया कि 5 जनवरी, 2023 से लेकर 14 मई, 2024 तक मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य के दौरान मंडी जिले में 27429 मृत, स्थानांतरित और अनुपस्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत करें विद्यार्थी : प्रो. ललित



कुलपति को महात्मा बुद्ध का स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग की इतिहास सोसायटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने डॉ. राकेश कुमार शर्मा प्रभारी इतिहास विभाग के नेतृत्व में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी से भेंट की।

इतिहास सोसायटी की अध्यक्ष पुनीत भारती, उपाध्यक्ष जितेन कुमार, सचिव जतिन कुमार, सह सचिव सरिता कुमारी सहित सोसायटी के समस्त सदस्यों ने कुलपति को महात्मा बुद्ध का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए विद्यार्थी मेहनत करें।

## भवाणा पुल पर टकराए दो वाहन, केस दर्ज

**सुंदरनगर।** किरतपुर - मनाली फोरलेन पर भवाणा पुल पर दो कारों में टक्कर होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर ने शिकायतकर्ता भरत कुमार (49) पुत्र सुदर्शन की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता अनुसार अपनी गाड़ी से भवाणा टनल के समीप मौजूद था। इस दौरान जड़ोल की ओर से आ रही एक गाड़ी नंबर एचपी-24सी-7763 तेज रफ्तार में आकर उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। पुलिस ने आरोपी रमेश कुमार पर केस दर्ज किया है।

## अरोमा कॉलेज की छात्राओं ने मैदान में दिखाई प्रतिभा



प्रतियोगिता के समापन के दौरान सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग खिलड़ा सुंदरनगर द्वारा नर्सिंग सप्ताह का विशेष आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत छात्राओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता करवाई। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष ओम प्रकाश नायक बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में कबड्डी और वालीबॉल खेल का फाइनल मैच बीएससी पांचवे सेमेस्टर और बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के बीच खेला गया। इस मुकाबले में पलवी डोगरा ने 13 रेड देकर 17 अंक हासिल किए। इसमें सिया ठाकुर को बेस्ट प्लेयर का खिताब भी दिया गया।

## पोस्टल बैलेट मतदान के लिए 21 से चलेगा अभियान

**जोगिंद्रनगर।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनीश चौधरी ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं के साथ-साथ 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करवाई है।

जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित 960 पात्र मतदाताओं के लिए 21 मई से 24 मई तक घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट मतदान को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए 12 टीमों का गठन किया गया है।

## 13 परिवारों ने थामा कांग्रेस का दामन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी जिला के विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। ताज घटनाक्रम में क्षेत्र के 13 परिवारों ने पूर्व विधायक एवं सीपीएस सोहन लाल ठाकुर के अध्यक्षता में भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं।

कांग्रेस में शामिल हुए लोगों ने कहा कि वे भाजपा के विचारों से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में आजतक जो भी विकास कार्य हुए वह सोहनलाल ठाकुर व कांग्रेस सरकार की ही देन है। इसमें नेरी पुल निर्माण, सलापड़ तत्तापानी सड़क



कांग्रेस में शामिल हुए परिवार पूर्व सीपीएस सोहन लाल के साथ सामूहिक चित्र में।

निर्माण, पुलिस चौकी, डिग्री कॉलेज, स्वास्थ्य केंद्र मुख्य रूप से शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में विकास कांग्रेस के लिए गर्व का विषय है। इसका परिणाम लोकसभा चुनावों में साफ तौर पर देखा जाएगा। सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस में शामिल होने वालों में ग्राम पंचायत कांडी बाड़ी, ग्राम पंचायत बजीहन से बोध राज, खेम राज, इंद्र देव, श्याम, पीतांबर कुमार, तेज सिंह, भूपेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत धन्यारा के नेरी गांव से तारा चंद, माधव राम, सोहन लाल, कृष्ण लाल, महेंद्र कुमार, कृष्णा देवी शामिल हैं।

## जल्द होगा प्रत्याशियों के चुनाव व्यय का निरीक्षण

**मंडी।** प्रत्याशियों के चुनाव व्यय खातों का निरीक्षण तीन दिन 21, 25 और 29 मई को किया जाएगा।

चुनाव व्यय निगरानी के निर्देशों के अनुसार और व्यय पर्यवेक्षक के साथ परामर्श के बाद रिटर्निंग ऑफिसर (डीसी) मंडी, 2-मंडी संसदीय क्षेत्र अपूर्व देवगन ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले लोकसभा उम्मीदवारों के चुनाव व्यय के खातों के निरीक्षण के लिए तीन तिथियां अधिसूचित कीं गई हैं।

रिटर्निंग ऑफिसर ने अनुरोध किया है कि वे नामांकन पत्र भरने के समय उन्हें दिए गए रजिस्टरों के साथ इन तीन दिनों में निरीक्षण में भाग लें।

## किसानों के साथ मोदी सरकार ने किया दुश्मनों जैसा व्यवहार : कुशाल



कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य के समर्थन में किया चुनाव प्रचार।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

सीपीआई (एम) की जोगिंद्रनगर लोकल कमेटी ने विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार को धार देते हुए पिछले कल कई स्थानों पर गांव स्तर की बैठकें आयोजित की। कांग्रेस के राज्य महासचिव पूर्व विधायक सुरेंद्र पाल, सीपीआई (एम) के राज्य सचिवालय सदस्य कुशाल भारद्वाज, माकपा के लोकल कमेटी सचिव रविंद्र कुमार आदि ने संबोधित किया।

कुशाल भारद्वाज ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के साथ दुश्मन नंबर एक की तरह व्यवहार किया है, किसान आंदोलन करते रहे, लेकिन मोदी सरकार किसानों के आंदोलन को कुचलते रहे।

**लापरवाही** छोटी काशी की सुंदरता को लगा शरारती तत्वों का ग्रहण, पुलिस ने बढ़ाई रात्रि गस्त

# शहर की संपत्ति के साथ हो रही तोड़फोड़

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी शहर में लगातार शरारती तत्वों का आतंक बढ़ता जा रहा है। शहर में अलग-अलग स्थनों पर प्रशासन और नगर निगम की संपत्ति के साथ तोड़फोड़ की जा रही है।

यह सिलसिला लगातार जारी है और इसके साथ अब शहर में वाहनों के सीसे भी शरारती तत्वों द्वारा तोड़े जा रहें है। बात अगर शहर की करें तो तोड़फोड़ का सिलसिला मंडी के सेल्फी प्वांइट आई लव मंडी से शुरू हुआ जिसे नगर निगम द्वारा भी कई बार ठीक करवाया गया, लेकिन बावजूद इसके उसके साथ तोड़फोड़ की गई और शहर में बने मुख्य आर्कषण के केंद्र को भी शरारती तत्वों की नजर लग गई। शहर के गांधी चौक के चारों ओर लगी रेलिंग की भी हालत जर्जर हो गई है और इसको टैप लगाकर के जुगाड़ के साथ जोड़ा गया है।

लोग रोजाना पड्डल मैदान में सैर करने जाते है और पड्डल मैदान में बने ओपन जिम को भी शरारती तत्वों द्वारा तोड़ गया। हाल ही में मंडी के सैल्फी प्वांइट के साथ स्वीप टीम द्वारा लगाए गए मतदाता जागरूकता सैल्फी प्वांइट को भी नहीं छोड़ा। वहीं एएसपी मंडी सागर



शहर की संपत्ति के साथ शरारती तत्वों द्वारा की गई तोड़फोड़।

चंद्र ने बताया कि शहर में पुलिस द्वारा लगातार गस्त बढ़ाई गई है शहर में जवानों द्वारा दो सिफ्टों में गस्त कि जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### शहर की संपत्ति को घर की तरह रखना चाहिए : नीरज

नागरिक सभा मंडी के प्रवक्ता नीरज हांडा ने कहा की शहर वासियों को शहर की संपत्ति को अपने घर की तरह रखना चाहिए। शहर की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाला व्यक्ति अगर किसी को दिखे तो उसका विरोध अवश्य करना चाहिए और उसके प्रति शिकायत भी दर्ज करनी चाहिए।

**नगर** निगम द्वारा शहर में मरम्मत कार्य जल्द करवा दिया जाएगा और आदर्श आचार संहिता के बाद शहर के विभिन्न स्थानों में कैमरें भी लगाए जाएंगे। पुलिस विभाग से निवेदन है कि शहर में रात्रि गस्त बढ़ाई जाए।
- विरेंद्र भट्ट शर्मा, नगर निगम महापौर।



शरारती तत्वों द्वारा तोड़ा गया आई।

## नापतोल में हेराफेरी, एडीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भारतीय खाद्य निगम की पीईजी सरकाघाट के अधीन एफसीआई गोदाम भाम्बला कैंची मोड़ में ट्रक यूनियन भांबला ने नाप-तोल में हो रही हेराफेरी को लेकर ट्रक मालिकों और ड्राइवरों ने शुक्रवार को एडीसी मंडी को इस बारे ज्ञापन सौंपा।

ट्रक यूनियन के प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि एफसीआई गोदाम भाम्बला स्थित कैंचीमोड़ से जब भी हमारी सभा की गाड़ियां गंदम और चावल लेकर थोक बिक्री केंद्र घुमारवीं, झंडूता, पट्टा और बाहन्वी लेकर जाती है तो वहां पर गाड़ी 40 किलो से लेकर 120 किलो ग्राम माल कम पाया जाता है।

उन्होंने बताया कि इस पूरे प्रकरण से भारतीय खाद्य निगम हमीरपुर के अधिकारियों को अवगत करवाया लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया।



ट्रक मालिक और ड्राइवर एडीसी मंडी को ज्ञापन सौंपते हुए।

उन्होंने बताया कि मामले में भारतीय खाद्य निगम के एरिया मैनेजर ने छानबीन करते पाया कि भारतीय खाद्य निगम की पीईजी सरकाघाट के धर्म-कांटे की वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई है। जांच में धर्म कांटे का बजन संदिग्ध पाया गया है। सुनील कुमार ने कहा कि उनके द्वारा उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया है और जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच की निष्पक्षता से की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### पूलन में लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

**भरमौर ।** पूलन पंचायत में स्वीप नोडल अधिकारी स्वरूप कुमार ने स्वीप का लक्ष्य शत-प्रतिशत मतदान को लेकर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय मतदाताओं को सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्व को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान क्षेत्र समन्वयक संजय कुमार, पंचायत सचिव, महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

### 21 मई से 20 जून तक होगा प्री योग शिविर

**चंबा ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चंबा के ऐतिहासिक चौगान नंबर एक में आयुष विभाग चंबा की ओर से प्री योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आगामी 21 मई से 20 जून 2024 तक आयोजित किया जा रहे यह प्री योग शिविर पूर्णतया निशुल्क होंगे तथा इनका आयोजन प्रातः 6:00 बजे से 7:00 के दौरान किया जाएगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. किरण शर्मा ने बताया कि प्री योग शिविरों में किसी भी आयु वर्ग का कोई भी व्यक्ति निशुल्क भाग ले सकता है।

### अध्यापकों के लिए कार्यशाला आयोजित

**चंबा ।** चंबा बीआरसी कार्यालय में अध्यापकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से अध्यापकों को बच्चों के प्रति कैसा व्यवहार रखना चाहिए। इस कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के 50 अध्यापकों में भाग लिया। यह जानकारी देते हुए बीआरसी जाफर खान ने बताया कि इस कार्यशाला का मकसद अध्यापकों को बच्चों के प्रति पठन-पाठन के बारे में बताना होता है। इस कार्यशाला के दौरान विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### मारपीट करने पर पत्नी के खिलाफ केस दर्ज

**सुंदरनगर ।** बीएसएल थाना सुंदरनगर में मारपीट को लेकर पत्नी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में महेंद्र कुमार (30) पुत्र अमर सिंह निवासी हरवानी डाकघर अपर बैहली तहसील सुंदरनगर ने कहा है कि उसकी पत्नी रक्षा देवी ने 14 मई को उसके साथ मारपीट की। जिस कारण उसके नाक व हाथ में चोटें आई है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया पति की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

### पत्नी ने पति पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**मंडी ।** जिला मंडी की सराज घाटी के छतरी क्षेत्र में पत्नी द्वारा पति पर दुष्कर्म और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले में पुलिस थाना जंजेहली ने पीड़ित पत्नी की शिकायत के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि पुलिस थाना जंजेहली ने पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की आगामी जांच जारी है और गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

### आग की घटनाएं रोकने को फायरकर्मी हो तैनात

**मंडी ।** देवभूमि पर्यावरण रक्षक मंच ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिख कर उनसे प्रदेश के जंगलों में बढ़ रही आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए तुरंत प्रभाव से फायर वाचर तैनात करने की मांग उठाई है। मंच के अध्यक्ष नरेंद्र सैणी द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया कि प्रदेश में गर्मी बढ़ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री के ध्यान में लाया कि हर साल 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक जंगलों में फायर वाचर की नियुक्तियां की जाती थी लेकिन इस बार अभी तक विभाग ने ऐसा नहीं किया है। ये फायर वाचर अपनी अपनी बीटों में आगजनी की घटनाओं पर नजर रखते हैं बल्कि इसकी सूचना भी तुरंत संबंधित विभागों व स्थानीय लोगों को देते हैं जिससे आग पर जल्दी काबू पा लिया जाता है।

### डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**सुंदरनगर ।** प्रभारी अधिकारी सीआरसी सुंदरनगर डॉ. राकेश कुमार अवस्थी ने बताया कि भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त विशेष शिक्षा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। सुंदरनगर में संचालित सीआरसी केंद्र में विशेष शिक्षा के पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली के निर्देशों के अनुसार की जाएगी। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की तिथि 15 मई 2024 से 14 जून 2024 है।

# तीसा-बैरागढ़ मार्ग छोटे वाहनों के लिए बहाल

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बैरागढ़-तीसा-चंबा मुख्य मार्ग 12 दिन बाद छोटे वाहनों के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा खोल दिया गया है। पांच मई को लोक निर्माण विभाग द्वारा पहाड़ी गिरने का कार्य शुरू किया गया था जिस वजह से चंबा-बैरागढ़ मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो गया था।

मार्ग अवरुद्ध होने के कारण इलाके की 10 पंचायत के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पहाड़ी गिरने के कारण दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई थी, वहीं डिपो से आया

**10 पंचायतों के लोगों को होना पड़ रहा था परेशान**

हुआ राशन भी लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा था जिस वजह से लोग काफी आक्रोशित हो गए थे।

लोगों ने अपनी समस्या को लोक निर्माण विभाग के पास रखा, जिस वजह से लोग निर्माण विभाग को 12 दिन बाद रास्ते को बहाल करना पड़ा। फिलहाल अभी छोटे वाहनों की आवाजही शुरू हुई है भारी और बड़े वाहनों के लिए अभी रोड को नहीं खोला गया है जिस वजह से लोगों को टैक्सी में ही सफर करना पड़ रहा है



मार्ग से गुजरते वाहन।

**बड़े वाहनों के लिए भी मार्ग जल्द होगा बहाल**

लोक निर्माण विभाग के अभिशाषी अभियंता का कहना है कि लोगों की समस्या को देखते हुए मार्ग को फिलहाल छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया है। पहाड़ को काटने का कार्य युद्ध स्तर पर चला हुआ था, जिस वजह से रोड को बंद करना पड़ा था। चार-पांच दिनों के भीतर बड़े वाहनों के लिए भी मार्ग बहाल कर दिया जाएगा।

# खड़ामुख-होली मार्ग एक माह बाद भी नहीं हुआ बहाल

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

खड़ामुख-होली मार्ग एक माह बाद भी बहाल न होने को लेकर स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान ने अपनी नाराजगी दर्ज करवाई है। प्रधान ग्राम पंचायत उलांसा हरि सिंह अत्री ने कहा है कि हैरानी की बात है कि एक महीने से खड़ामुख-होली मार्ग सभी प्रकार की वाहनों की अवाजाही के लिए बंद है।



हरि सिंह अत्री।

उन्होंने सरकार वह विभाग से इस पर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि भविष्य में इस स्थिति को देखते हुए वैकल्पिक सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाए। जिस कारण इस तरह की स्थिति उत्पन्न होने पर क्षेत्र की जनता को परेशानी न हो। इस सड़क के बंद होने के कारण तहसील होली की दर्जनों पंचायत का संपर्क दूसरी जगह से बिल्कुल कट गया है। जिस कारण लोगों को काफी परेशानियां हो रही है।

हरि सिंह अत्री ने कहा है कि हालांकि जेएसडब्ल्यू कंपनी की ओर से इस सड़क को बहाल करने के लिए दिन-रात प्रयास किया जा रहे हैं पर लगातार स्लाइडिंग होने के चलते अभी तक भी यह सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल नहीं हो पाई है। लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया नहीं हो पा रही है। टैक्सी गाड़ियां अतिरिक्त किराया वसूल रहे हैं। मरीज व गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियां हो रही है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यहां पर आधुनिक मशीन मंगवाकर इस सड़क की बहाली के युद्ध स्तर पर प्रयास किए जाएं, ताकि यहां के लोगों की परेशानियां जल्द खत्म हो सके।

इसी तरह की सड़क की समस्या रही तो क्षेत्र के हजारों किसानों व बागवानों की फसल बगीचे में ही सड जाएगी। वहीं उन्होंने कंपनी प्रबंधन को चेताया कि समय रहते यदि पंचायत के लोगों की बात को मान लिया होता तो रीटेनिग बाल रोड पर लगा दी होती तो शायद यह समस्यां पेश नहीं आती।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चलाया मतदान जागरूकता अभियान

**भरमौर ।** मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रदेशभर में 'युवा मतदाता जागरूकता अभियान' चलाया जा रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयोजक विवेक कुमार ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में से एक है। जनता की सरकार, जनता के द्वार और जनता की धारणा तभी सच होती है जब पूरा देश चुनाव प्रक्रिया में भाग लेता है।

लोकतंत्र के सच्चे स्वरूप में, सभी नागरिक देश का भविष्य तय करने के लिए एक साथ आते हैं और इस प्रकार अपना भविष्य तय करते हैं। वोट देने का अधिकार देश के नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने और बहुमत के साथ सामूहिक रूप से निर्णय लेने की शक्ति देता है।

## बीबीएमबी मैदान में होगी नेशनल जूनियर डोजबॉल प्रतियोगिता

**नेरचौक ।** चार से आठ जुलाई तक चलने वाली नेशनल जूनियर डोजबॉल प्रतियोगिता जो बीबीएमबी मैदान में होने जा रही है उसकी तैयारी पूरी जोर से शुरू हो चुकी है। हिमाचल प्रदेश डोज संघ के महासचिव राम सिंह चौहान ने बताया कि नेशनल जूनियर प्रतियोगिता की तैयारियों में संघ का हरेक सदस्य कार्य कर रहा है।

डोज बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव पीएस बराड़ और तकनीकी निदेशक डॉक्टर जीपी पाल ने सुंदरनगर में जहां पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, वहां का एक दिवसीय दौरा किया, ताकि प्रतियोगिता स्थल को अच्छी तरह से खिलाड़ियों के लिए तैयार किया जा सके।

# चंबा अस्पताल में कोलन कैंसर के रोगी का सफल ऑपरेशन

**एमएम डैनियल, चंबा**

पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में कोलन कैंसर का सफल ऑप्रेशन हुआ है। सर्जरी डिपार्टमेंट के हेड डॉक्टर अश्विनी की अगुवाई में डॉक्टर अभिनव, डॉ. प्रीति, डॉ. सलोनी, डॉ. सुनील, डॉ. आकांक्षा, डॉ. रविंद्र सहित स्टाफ नर्स सवेता अंजना, नीलम, दिनेश की टीम ने करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सफल ऑपरेशन किया। मरीज को फिलहाल चिकित्सक निगरानी में रखा गया है। जिसे स्वस्थ होने में करीब एक सप्ताह का समय लगेगा। पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद ही मरीज को छुट्टी दी जाएगी।



डॉक्टर अश्विनी।

सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अश्विनी कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज चंबा में पहली बार किसी पुरुष मरीज का इस तरह का ऑप्रेशन हुआ है। इससे पहले इस तरह के ऑप्रेशन आईजीएमसी शिमला या टांडा में होते थे, लेकिन अब चंबा में ऑपरेशन शुरू होने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी। डॉक्टर अश्विनी ने कहा कि रीडां पंचायत की धनेई गांव के 65 वर्षीय बुधिया को पिछले काफी समय से पेट दर्द की शिकायत थी।

वहीं पेट दर्द की शिकायत पर डॉक्टर अश्विनी को गंभीर मरीज को बीमारी होने का अभाव हुआ। इस पर बुधिया को सिटी स्कैन पर एंडोस्कोपी आदि करवाई गई। इस जांच में बुधिया को आंत में कैंसर निकला। उसे तुरंत ऑपरेशन करवाने का परामर्श दिया गया।

## उदयपुर फीडर और चंबा में विद्युत सप्लाई कल रहेगी बंद

**चंबा ।** विद्युत उपमंडल चंबा 2 के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपकेंद्र केंद्र 33 केवी चनेड़ के 11 केवी उदयपुर फीडर एचटी/एलटी लाइन की आवश्यक मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु उप मुख्य अभियंता विद्युत ऑप्रेशन सर्कल डलहौजी के अनुमोदन पर 19 मई को सुबह 9:00 बजे से 5:00 बजे तक घर बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल दो अजय कुमार ने बताया कि 19 मई को उदयपुर फीडर के मरम्मत एवं रखरखाव के तहत इसके अंतर्गत सरू,चीहमा, धनई, धबरें, उदयपुर, रिंडा रजौली, भूला, गोठली व गनोड़ी क्षेत्र में विद्युत सप्लाई व्यवस्था बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्य मौसम की परिस्थितियों पर निर्भर रहेगा।

# नेचर पार्क बनीखेत बहा रहा बदहाली के आंसू

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश वन विभाग मंडल डलहौजी द्वारा बनीखेत नर्सरी में एक नेचर पार्क तैयार करने का बीड़ा उठाया था जिसकी कुल लागत लगभग 6 करोड़ के आसपास थी जिसमें उस समय की भाजपा की जयराम सरकार ने इस कार्य को मंजूरी देते हुए 25 लाख रुपए की पहली किस्त भी जारी की थी, जिस किस्त में वनमंडल डलहौजी द्वारा निर्माण करवाया गया था, लेकिन कोरोना के चलते निर्माण कार्य पर अंकुश लग गया।

वन मंडल डलहौजी द्वारा इस नेचर पार्क का सपना बदहाली की भेंट चढ़ गया और उसके द्वारा निर्मित किए रास्ते छोटे हट्स आदि की हालत बदत्तर हो गई है। इसके साथ ही अब लोग वहां मौजूद सामान आदि पर अपना हाथ साफ कर रहे हैं।

इस बारे में जब डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बड़े ही दुख की बात है कि लोगों के लिए बनाई जा रही धरोहर का स्थानीय लोगों द्वारा ही चोरी कर सामान को अपना निशाना बनाना व निर्माणकार्यों में तोड़फोड़ करना यह हैरानी का विषय है।




नेचर पार्क का गेट और (इनसेट में) तोड़ा हुआ दरबाजा।

वन मंडल डलहौजी नेचर पार्क को लेकर राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को अपनी रूपरेखा तैयार कर भेज चुका है और वन विभाग को पूर्ण उम्मीद है कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार कार्य को लेकर जरूर संजीदगी जाहिर करेगी और इस निर्माण कार्य को जल्द ही पूरा करने हेतु अगली किस्त जारी होगी। (अनंत ज्ञान)

## 25 से शुरू होगा माता मुरारी देवी का मेला

**मंडी ।** माता मुरारी देवी का तीन दिवसीय मेला इस बार 25 मई से शुरू होगा। शक्तिपीठ मुरारी देवी मंदिर सेवा समिति द्वारा किए जाने वाले इस मेले की आयोजन समिति के प्रवक्ता राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि मेले का शुभारंभ 25 मई को आईएएस अधिकारी विवेक चंदेल द्वारा सुबह 11 बजे किया जाएगा।

इस मौके पर प्रख्यात कलाकार अभिषेक सोनी अपनी मधुर वाणी से माता की महिमा का गुणगान करके लोगों को मनोरंजन करेंगे। 26 मई को शाम 7 बजे ढोल वादक सदीक मोहम्मद छिंज ,कुश्ती, का स्वाल बांधेगे जबकि 27 मई को मेला की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# चंबा से चुवाड़ी टनल बनाने की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ चंबा व प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के सदस्यों के द्वारा हिमाचल प्रदेश से राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन को ज्ञापन सौंपा, जिसमें चंबा में मुख्य मुद्दे को उनके समक्ष रखा।

मुख्य मुद्दों में चंबा से चुवाड़ी टनल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे चंबा से अन्य जिलों व राज्यों तक जाने में कम समय लगेगा। साथ ही चंबा मेडिकल कॉलेज से टांडा, आईजीएमसी शिमला, पीजीआई चंडीगढ़ रेफर हुए मरीज समय पर मेडिकल कॉलेज तक पहुंच पाएंगे। इसके साथ ही अन्य मांगें भी उनके समक्ष रखी गई।



हर्ष महाजन को ज्ञापन सौंपने के दौरान संस्था के सदस्य।

इस अवसर पर ओम गुलेरिया, लेख धीमान, देविंद्र बगलवान, अशोक महाजन, बजीर सिंह यादव, जराम सिंह, धर्मवीर शर्मा, हरमिंद्र शर्मा, हर्षित ठाकुर, दीपक भाटिया आदि मौजूद रहे।

# चुराह क्षेत्र के बुजुर्ग घर बैठे करेंगे मतदान

**आजम डार तीसा**

लोकसभा चुनाव में इस बार 85 साल से अधिक आयु वर्ग के वरीष्ठ मतदाता व चालीस प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता घर बैठे ही मतदान कर सकेंगे। ऐसे 256 मतदाता चयनित हुए है जिन्होंने घर से मतदान करने के लिए आवेदन किया था। खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम चुराह शशिपाल शर्मा द्वारा की गई। इस दौरान गठित टीमो व सेक्टर ऑफिसरों को मतदान प्रक्रिया को प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया गया। वहीं पोलिंग टीमों को मतदान प्रक्रिया के हर पहलुओं को भी समझाया गया। चुराह विधानसभा क्षेत्र में 21 मई से 28 मई तक घरद्वार मतदान के लिए अलग अलग क्षेत्रों में आठ टीमें जाएगी।

वहीं एसडीएम चुराह शशिपाल शर्मा ने कहा कि मतदान करने का अधिकार हर उस मतदाता का मौलिक अधिकार है जो अठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है और जिसका नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज है। स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना तभी हो सकती है जब सभी मतदाता अपने अधिकार को अपना कर्तव्य भी समझें। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता जिनकी आयु 85 वर्ष से अधिक व 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाता जो मतदान केन्द्र पर जाने में असमर्थ है उनके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा घर द्वारा वोटिंग करने का फैसला किया है। जिसके अंतर्गत चुराह क्षेत्र कर विभिन्न क्षेत्र से मतदाताओं द्वारा घरद्वार वोटिंग करने के लिए आवेदन किया था। जिसके लिए चुराह विधान सभा क्षेत्र में पोलिंग टीमों का गठन किया गया जो घर-घर जाकर इन मतदाताओं का मतदान करवाएंगे।

एसडीएम चुराह ने कहा कि जिस प्रकार हमारी अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारी होती है उसी तरह इस देश के प्रति भी हमारी जिम्मेवारी है। हर मतदाता का यह नैतिक कर्तव्य है कि मतदान के दिन मतदान जरूर करें और बिना लोभ व लालच के अपना मतदान कर स्वस्थ लोकतंत्र की नींव रखें।

# मुकेश अग्निहोत्री आज मैहला में जनसभा को करेंगे संबोधित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर विधानसभा क्षेत्र की गैर जनजातीय क्षेत्र मैहला में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के लिए प्रचार करके जनता से वोट देने की अपील करेंगे।

इस जनसभा को सफल बनाने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से भरपूर प्रयास किए गए हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को सुबह 10:00 बजे मैहला के ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद व वापस चंबा चले जाएंगे।

गौरतलब है जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे प्रदेश के ठंडे कबायली क्षेत्र भरमौर में राजनीतिक मिजाज गर्म हो रही है। मुख्यमंत्री के बाद अब उपमुख्यमंत्री संसद के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के लिए वोट मांगेंगे।

इसकी जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भरमौर के अध्यक्ष भजन ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस कमेटी की ओर से इस जनसभा को सफल बनाने के लिए सभी प्रयास कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा है शनिवार को 10-00 बजे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भारी जनसभा को संबोधित करके कांग्रेस पार्टी के पक्ष में प्रचार करेंगे।

### सूडोकु 0066 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0065 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## हर्ष महाजन ने किया जेपी नड्डा की जनसभा के स्थल का निरीक्षण

**चंबा ।** जिला मुख्यालय चंबा में शनिवार को होने वाली भाजपा की रैली से पूर्व शुक्रवार को राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन एक बार फिर चंबा लौट आए हैं। चंबा पहुंचने पर हर्ष महाजन का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सर्वप्रथम ऐतिहासिक चौगान में पहुंचकर सांसद ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया।



निरीक्षण करते हर्ष महाजन व अन्य।

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश जारी किए। हर्ष महाजन ने कहा कि शनिवार को ऐतिहासिक चौगान में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा विशाल जनसभा को संबोधित करने वाले हैं।

# अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

**आरके रांगड़ा, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डा. विशाल महाजन ने की।

बैठक में उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकलन भी किया और महत्वाकांक्षी जिले के अंतर्गत चल रही योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसकी प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए कहा।

इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की, जिसमें प्रजनन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम तथा एचएमआईएस का खंड स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की गतिविधियों का जायजा लेते हुए सभी कार्यक्रमों और योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए कहा। सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने को कहा जिससे हर व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ ले सके।

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जालम सिंह, डॉ. हरित पुरी, डॉ. रोहित, डॉ. शाम लाल, डॉ. नवदीप, डॉ. अनुराधा, डॉ. पदमा सहित आदि मौजूद रहे।

## आज का पंचांग

**18 मई, 2024, शनिवार**

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** दशमीः (11:24) **: नक्षत्र :** उत्तर फाल्गुनी (00:23), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** हर्शर्ण (10:23) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44), **राहुकाल** (8:53 -10:35।

**विशेष दिन**

- 18 मई 2024 : श्रीमहावीर स्वामी कैवल्य ज्ञान दिवस आज।
- 18 मई 2024 : विश्व संग्रहालय दिवस आज।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। विशेष महत्व के कार्य पूरा करने का प्रयास करें। सफलता मिलेगी।

**वृषभः** समय अनुकूल नहीं है सतर्क रहें। कोई नया काम आरंभ करने में विलंब होगा। किसी अपने के प्रति शुभ भावनाओं का उदय होगा। आशाएं बलवती होंगी।

**मिथुनः** समय का सदुपयोग करें दोस्तों के साथ मिल कर कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। विशेष लोगों से मुलाकात होगी। मन चाही कार्य सिद्धि होगी।

**कर्क :** अपनों की बातों से मन दुखी होगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आश्वासन प्राप्त होंगे। कारोबार में सफलता मिलेगी। सामाजिक संबंधों का लाभ मिलेगा।

**सिंह :** दिन की शुरुआत व्यस्ततापूर्वक रहेगी। देव दर्शन और निजी कार्यों में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी। भाग्य में प्रबलता रहेगी।

**कन्या :** आध्यात्मिक तरक्की होगी। धन लाभ के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। परिजन का सहयोग मिलेगा। अनुबंधों की पूर्ति होगी।

**तुलाः** कारोबार का विस्तार के योग बन रहे हे। नई योजना का लाभ मिलेगा। परिजन का व्यवहार कमजोर रहेगा। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता आएगी।

**वृश्चिकः** अच्छे से कार्यनीति तय करें। काम आरंभ न करें। धैर्य से अपने कार्यों को समर्पित रहें। मध्यान्ह से कुछ राहत का अनुभव होगा। कोर्ट कचहरी के चक्कर लग सकते है।

**धनु :** स्वास्थ का ध्यान रखें। अनुकूल समय का सदुपयोग करें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। अपनी संगत बदले। बड़ो का आदर करें।

**मकरः** शासन-प्रशासन का सहयोग न मिलने से कार्य बाधित होंगे। लंबित कार्यों में आशाएं बलवती होंगी। सामाजिक संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

**कुंभ :** साझेदारी में किए कारोबार में तरक्की होगी। धन लाभ होता रहेगा। नया मकान दुकान खरीदने के योग हैं। धर्म-कर्म में रूचि बढ़ेगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**मीनः** समय अनुकूल नहीं है निवेश से बचें। धैर्य से कार्य सम्पादन में लगे रहें। रुके कार्यों की पूर्ति होगी। शुभ कार्यों में मन लगेगा। विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

**मांग** | बन्न में बच्चों को पीठ पर उठाकर नाला करना पड़ता है पार, दुर्घटना का बना रहता है अंदेशा

# सरकार से लोगों की गुहार, जल्द हो पुल का निर्माण

**ओपी शर्मा, भरमौर**

भरमौर के ग्राम पंचायत तुंदाह के गांव बन्नी में बनी नाले पर पुल न होने के कारण यहां पर हर रोज अभिभावकों को अपने बच्चों को पीठ पर उठाकर नाला क्रॉस करवाना पड़ता है। इस नाले पर पुल न होने के कारण दुर्घटना होने का अंदेशा हर दिन सता रहा है। यहां पर हर रोज अभिभावकों को अपने बच्चों को नाले पर आर पार करने के लिए रुकना पड़ता है। इस नाले पर शाम के समय वह हल्की सी बारिश होने पर नाले का जलस्तर अत्यधिक बढ़ जाता है। पुल न होने के कारण कई बार स्कूली बच्चों व श्रद्धालुओं को नाले के दूसरे पार रुकना पड़ता है।



नाले से गुजरता हुआ पानी, जहां पुल बनाने की मांग की जा रही है।

जानकारी अनुसार यहां पर शाम के समय नाले का जलस्तर एकाएक बढ़ने के कारण स्कूली बच्चों को आर पार करने के लिए अभिभावकों को बच्चों को पीठ पर उठाकर नाले को आर पार करवाना पड़ता है।

स्थानीय निवासी रमेश चंद्र पूर्व प्रधान तिलक राज ने कहा कि वह इस समस्या को लेकर कई बार विभाग प्रशासन व सरकार को अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक उनकी इस गंभीर समस्या पर कोई गौर नहीं हो पाया है।

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इस नाले पर बनने वाले पुल का टेंडर भी करीब 5 वर्ष पहले हो चुका है। इस पल को बनाने के लिए सरकार द्वारा बजट का भी प्रावधान कर दिया है, लेकिन इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी इस नाले पर अभी तक पुल नहीं बन पाया है।

### जल्द हो जाएगा पुल का निर्माण : भालचंद

**सहायक** अभियंता उप मंडल गरोला भालचंद ने कहा कि इस पुल का काम ठेकेदार को अवार्ड हो गया है। गर्मियों के सीजन में यहां पर पानी एका-एक बढ़ जाता है।

यहां पर पुल होना बहुत ही आवश्यक है और उसे बनाने के लिए लगातार कठोर प्रयास किया जा रहे हैं। ठेकेदार को जल्द से जल्द इस पुल को बनाने के निर्देश दे दिए गए हैं।

# स्वच्छता अभियान को दिखाया जा रहा ठेंगा

## आधुनिक सुविधाओं से लैस बस अड्डा कुल्लू में चारों और फैली गंदगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित सरवरी में आधुनिक सुविधाओं से लैस बस अड्डे में जहां लोगों की सुविधा के लिए काफी सुविधाएं दी जा रही हैं। वहीं, स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखाया जा रहा है।

सनद रहे कि कुल्लू के सरवरी में आधुनिक सुविधाओं से लैस 50 करोड़ की लागत से अंतरराजीय कुल्लू सेंट्रल बस अड्डा का निर्माण तो किया गया है, लेकिन इसकी देखरेख और सफाई का कार्य सही तरीके से नहीं हो रहा है। हालांकि करीब छह मंजिला इस भवन में लोगों को बसों की सुविधा के अलावा चंडीगढ़ के एंलाते माल की तरह शापिंग माल की भी सुविधा दी जा रही है, लेकिन यहां चारों और फैली गंदगी के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि कुल्लू बस अड्डा में चारों और गंदगी पसरी हुई है। गंदगी के ढेर होने के कारण यहां आने वाले सैलानियों का इस तरह फैली हुई गंदगी से स्वागत किया जा रहा है, जबकि बस अड्डा प्रबंधन और भवन व कंपलेक्स संचालक कंपनी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। हालांकि यहां आलीशान कांप्लेक्स बनाने वाली कंपनी ने आधुनिक सुविधा प्रदान करने का दावा किया था, लेकिन धरातल पर कुछ और ही नजर आ रहा है, जिससे चारों तरफ गंदगी के ढेर लगे हैं और शराब की बोतलें बिखी पड़ी हैं, उसे बस अड्डा संचालन कर रही कंपनी के प्रबंधन पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस अड्डा परिसर का निर्माण बेहतर तरीके से हुआ है, लेकिन जिस तरह से पिछले कुछ महीनों से यहां गंदगी पसरी हुई है, उससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और लोगों के बीमार होने का अंदेशा बना हुआ है। उधर, स्थानीय निवासी एवं वरिष्ठ नागरिक माधव कैलाश शर्मा का कहना है कि बस अड्डे के चारों तरफ फैली गंदगी से लोग बीमार होने लगे हैं। इस तरफ प्रशासन के साथ-साथ बस अड्डा प्रबंधन को भी ध्यान देने की जरूरत है।



कुल्लू बस अड्डा में खुले में पड़ी बोतलें व फैली गंदगी।

### देख-रेख का जिम्मा सही तरीके से नहीं संभाल रही कंपनी

बस अड्डे के आसपास लोग शाम के समय शराब पीने बैठते हैं और खाली बोतले यहां फेंक कर निकल जाते हैं, जिसके चलते बस अड्डे के आसपास बोतलों के ढेर लग गए हैं, जबकि दुकानदार भी अपनी गंदगी को पास में ही फेंक देते हैं। लिहाजा, कुल्लू में सीएसए इंफ्राटेक प्रा.लि. कंपनी की ओर से करोड़ों की लागत से यात्रियों व पर्यटकों की सुविधा के लिए आधुनिक बस अड्डा तो बनाया गया है, लेकिन देख-रेख का जिम्मा कंपनी सही तरीके से नहीं संभाल रही है, जिस कारण यहां आने वाले सैलानियों व स्थानीय लोगों को गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है।

मेरे ध्यान में मामला नहीं है। यदि ऐसा है तो इस बारे में सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए जाएंगे।
**दीक्षित मल्होत्रा, प्रोजेक्ट इंचार्ज, सीएसए इंफ्राटेक प्रा.लि.।**

## पर्यटकों के लिए मढ़ी बहाल

**मनाली।** पर्यटकों के लिए पर्यटन स्थल मढ़ी बहाल हो गई है। सैलानियों की पहली पसंद रहने वाले 13050 फुट उंचे रोहतांग के दीदार को अभी इंतजार करना होगा। रोहतांग का निकटवर्ती पर्यटन स्थल मढ़ी पांच महीने बाद बहाल हुआ है। पहले दिन ही परमिट प्राप्त कर 910 पर्यटक वाहन मढ़ी जा पहुंचे।

कुल्लू प्रशासन ने पर्यटकों व वाहन चालकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन परमिट व्यवस्था की है। एनजीटी के आदेशानुसार प्रतिदिन (800 पैट्रोल व 400 डीजल इंजन) 1200 पर्यटक वाहन ही मढ़ी जा पाएंगे। स्थानीय पर्यटन कारोबारियों की माने, तो माता हिडिंबा के मेले के बाद ही समर सीजन गति पकड़ता है। हालांकि सड़कें अच्छी होने के बाद मनाली में सप्ताहांत में पर्यटन कारोबार बेहतर रह रहा है। मढ़ी की महिला पर्यटन कारोबारी उर्मिला, तुली व सरिता ने बताया कि मढ़ी बहाल होने से उनका रोजगार चल पड़ा है। उन्होंने बताया कि सोलंगनाला में बर्फ पिघलने के बाद मार्च से उनका रोजगार ठप था।

# देवता आदि ब्रह्मा के प्राचीन स्थल से छेड़छाड़, देव समाज में आक्रोश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू की पंचायत शिली राजगिरि में देवता आदि ब्रह्मा के प्राचीन देव स्थल पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। यहां ग्राम पंचायत प्रधान व उपप्रधान की मनमानी के चलते देव स्थल पर जेसीबी लगाकर सड़क निकाली जा रही है, जबकि इसी स्थान पर काहिका उत्सव का आयोजन होता है। आदि ब्रह्मा देव कमेटी ने एतराज जताते हुए कहा है कि यदि यह छेड़छाड़ नहीं रोकी गई, तो धरना होगा।

देव कमेटी ने बताया कि शिली पंचायत राजगिरी के रोलगी गांव में देवता के प्राचीन मैदान से सड़क निर्माण का कार्य किया गया है, जबकि यह देवता का प्राचीन स्थल है और यहां पर देवता के काहिका के अलावा कई अन्य देव कार्य होते हैं, जिस कारण देव कार्य में व्यवधान पड़ेगा। देव कमेटी ने कहा कि वे सड़क निर्माण का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि देवता के प्राचीन स्थल को उजाड़कर सड़क निर्माण उचित नहीं है। इससे देव आस्था पर चोट पहुंची है और देव परंपरा खंडित हो गई है। सड़क देव स्थल से कुछ दूरी से भी निकाली जा सकती थी। देवताओं के प्राचीन स्थलों पर छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है और देवता के बिना अनुमति से यहां पर किसी तरह की मशीनरी का प्रयोग नहीं होता है। स्थानीय लोगों व देव कमेटी ने जिला प्रशासन खासकर डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से मांग की है कि इस कार्य को शीघ्र रोका जाए, अन्यथा स्थानीय लोगों व देव कमेटी को सड़कों पर उतरना पड़ेगा। देवता के कारदार उत्तमराम, देव कमेटी के उपप्रधान महेंद्र सिंह व नंबरदार यशपाल ने बताया कि पंचायत के प्रधान डोले राम व उपप्रधान जीत राम द्वारा यह मनमानी की जा रही है, जिसे तुरंत रोकना चाहिए।



देव स्थल पर जेसीबी लगाकर निकाली जा रही सड़क।

## न्यूज ब्रीफ

### पर्वतारोही दल मतदाताओं को मतदान का देगा संदेश




**काजा।** स्पीति के 6303 मीटर की ऊंचाई पर चाउ-चाउ कांग नीलदा पीक के लिए सात सदस्यीय पर्वतारोही को अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने शुक्रवार को हरी झंडी देकर रवाना किया। यह दल मतदान को लेकर भी मतदाताओं को संदेश देगा। यह कॉमिक से अपना ट्रैक शुरू करेंगे और 25 मई से पहले अपना ट्रैक पूरा करेंगे। पर्वतारोही राहुल की अगुवाई में इशानी, निकिता ठाकुर, शुभम विस्ट, साहिल मलिक, आकाश अग्रवाल और आरोन शेरपा शामिल हैं। एडीसी ने कहा कि चाउ-चाउ कांग नीलदा पीक के जा रहे पर्वतारोही दल ने मतदान के प्रति भी संदेश दिया है कि देश में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोग अपने मतदान को लेकर काफी जागरूक हैं। इसके साथ ही पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं में काफी रुझान है। उन्होंने कहा कि स्पीति में बहुत से पर्वत हैं, जिन्हें चढ़ने के लिए देश दुनिया से लोग आते हैं। यहां के लोगों को इस से रोजगार मिलता है साथ ही साथ टूरिज्म को भी मजबूती मिलती है।

### लाल सिंह ठाकुर के गानों पर नाचा बंजार



**बंजार।** जिला स्तरीय बंजार मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या लाल सिंह ठाकुर के नाम रही। इस संध्या के मुख्यातिथि सिविल न्यायाधीश बंजार अनुज बहल, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, तहसीलदार रमेश कुमार एवं समस्त कारकूनो का मेला कमेटी के सदस्यों ने उनका स्मृति चिन्ह और टोपी पहनाकर स्वागत किया। वहीं, दूसरी सांस्कृतिक संध्या में कई कलाकारों हार्तिक, भारती, बॉबी, तीवांश, दिनेश कुमार, पंकज, दिव्या, संजना एंड पार्टी ग्रुप, टीकम कश्यप, टीटू आदि ने बेहतरीन गीत गाकर उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया।

### झुकने से सब कुछ झुक जाता है : सुधांशु



**कुल्लू।** विश्व जागृति मिशन नई दिल्ली की ओर से आयोजित मनाली में ध्यान साधना शिविर में सद्गुरुदेव सुधांशु महाराज ने कहा कि मन ही मन गुरु शक्ति को याद करते हुए ॐ गुरुवे नमः बोलें। नियम का भक्ति का अखंड व्रत करें। परमात्मा से मन ही मन बोलें मुझे सदा संभाले रखना, कभी न भूलना। किसी भी बहाने से मुझे अपने दर पर बुलाते रहना। झुकने से सब कुछ वैसे ही झुक जाता है, जैसे चाहते हैं। पूरे शरीर में शांति की अनुभूति करते हुए धीरे-धीरे शांत होते जाएं। सब पर परमात्मा की कृपा बरसे। अपने स्वरूप को महसूस करें और मन ही मन बोलें प्रभु सदा अपनी कृपा दृष्टि मुझपर बनाए रखना।

# हाईकोर्ट ने नदी में ड्रेजिंग कार्यों को सराहा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

दस माह पहले जिला कुल्लू में आपदा ने खूब तबाही मचाई थी। आपदा से मची तबाही के बाद नदियों में ड्रेजिंग (नदी के जल निकाय के नीचे से गाद और दूसरी सामग्री को हटाने) का कार्य और हाईवे का रखरखाव किया जा रहा है। ऐसे में राज्य सरकार ने इसे लेकर स्थिति रिपोर्ट हाईकोर्ट में दाखिल की है।

इसको लेकर उच्च न्यायालय ने कुल्लू जिला प्रशासन की ओर से किए जा रहे कार्यो की सराहना की है। हिमाचल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामाचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रेवाल दुआ की खंडपीठ ने ब्यास नदी पर की जा रही ड्रेजिंग की सराहना की। वहीं, आने वाली बरसात को मददेनजर रखते हुए ब्यास नदी के मध्य तल के मलबे से भर जाने के कारण फिर ब्यास नदी तबाही मचा सकती है। ऐसे में ब्यास नदी की ड्रेजिंग का निर्णय लिया गया। प्रदेश हाईकोर्ट ने भी इस मामले में प्रदेश सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए, जिसके तहत ब्यास नदी की ड्रेजिंग का कार्य चला हुआ है। ब्यास नदी के मध्यतल में भरे हुए मलबे को इधर-उधर करके पानी को बीच में से रास्ता बनाया जा रहा है, ताकि बारिश व बरसात के मौसम में ब्यास नदी दोनों किनारों में ज्यादा नुकसान न कर पाए। हाईकोर्ट ने कहा कि कुल्लू, बंजार व मनाली सहित सभी उपमंडलों में ड्रेजिंग कार्य बहुत ही बेहतर तरीके से करवाया जा रहा है, जिसकी हम सराहना करते हैं। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामाचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रेवाल दुआ ने कहा कि डीसी कुल्लू की ओर से चुनौतियों के बावजूद चिन्हित स्थलों में काम की पर्याप्त प्रगति हुई है। कुल्लू, बंजार और मनाली उपमंडलों में ड्रेजिंग ऑपरेशन चलाए गए हैं, हालांकि अभी पूरे नहीं हुए हैं। हाईकोर्ट ने मंडी जिले के डीसी द्वारा पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट को लेकर असंतोष जताया, लेकिन धन की कमी के कारण मंडी जिले में ड्रेजिंग कार्यों पर कोई खास प्रगति नहीं हुई है। उच्च न्यायालय ने भारत सरकार के उपमहाधिवक्ता को निर्देश दिए कि वह परियोजना निदेशक को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा नौ अप्रैल से पहले ही स्वीकृत 450.76 लाख की राशि हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग को जारी करें। इससे खराब राष्ट्रीय राजमार्गों का उचित रखरखाव हो सके।



## पर्यटन इकाइयों का सत्यापन करवाएं सुनिश्चित : सुनैना

**कुल्लू।** जिला पर्यटन विकास अधिकारी कुल्लू सुनैना शर्मा ने कुल्लू के सभी पंजीकृत होटल, रिजॉर्ट्स, गेस्ट हाऊस, कैंपिंग साइट और होम स्टे आदि पर्यटन इकाइयों के मालिकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपनी पर्यटन इकाइयों के आगंतुक रजिस्टर को पर्यटन विभाग से सत्यापन करवाना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने साथ ही यह भी सलाह दी है कि जो भी आगंतुक या पर्यटक इकाई में ठहरते हैं उनसभी आगंतुकों व पर्यटकों का आगंतुक रजिस्टर में पूरा नाम व पता सहित दर्ज किया जाना सुनिश्चित करें। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास एवं पर्यटन व्यापार पंजीकरण अधिनियम-2012 में स्पष्ट किया है कि सभी पंजीकृत पर्यटन इकाइयों में सत्यापित आगुंतक रजिस्टर में ठहरने वाले सभी पर्यटकों का पूरा नाम व पता दर्ज किया जाना अनिवार्य है।

# निर्देश जारी होते ही वशिष्ठ के लोगों ने ब्यास किनारे की साफ-सफाई

मोहन कपूर, पतलीकूहल

वशिष्ठ पंचायत के लोगों ने ब्यास नदी किनारे साफ-सफाई अभियान चलाया है।

नग्गर खंड विकास अधिकारी मुकेश ने सात मई को ब्यास के किनारे औचक निरीक्षण किया था इस दौरान पाया गया कि नदी के किनारे कुछ स्थानों पर काली बस्ती नामक स्थान पर कूड़ा-कचरा पड़ा हुआ है, जिसके उपरांत नग्गर खंड विकास अधिकारी ने कड़ा संज्ञान लेते हुए पंचायतों को कूड़ा-कचरा निपटान के लिए उचित कार्रवाई करने बारे दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसे पंचायत वशिष्ठ के पंचायत प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्यों तथा स्थानीय जनता के सहयोग से चिन्हित स्थानों पर कूड़े-कचरे का निष्पादन (साफ सफाई) करके नदी के किनारे हॉट स्पॉट जगहों पर सफाई की गई व ग्राम पंचायत वशिष्ठ द्वारा पंचायती राज नियम 1994 की धारा 12,13, व 15 की अनुपालना करते हुए, सभी स्थानीय क्षेत्र वासी, दुकानों व रेडी ढाबा को जागरूक किया व भविष्य में साफ-सफाई करने बारे में जानकारी दी गई। (अनंत ज्ञान)



# चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा युवती के मर्डर मामले का आरोपी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पर्यटन नगरी मनाली में भोपाल की युवती की हत्या करने वाले आरोपी युवक को शुक्रवार को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपित को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

पुलिस सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर आरोपी से पूछताछ में जुट गई है। दूसरी और प्रेमी का शिकार हुई युवती के शव का नेरचौक में पोस्टमार्टम हुआ। युवती का शव लेने उनके मामा व भाई नेरचौक पहुंच गए हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। हरियाणा के पलवल के आरोपित विनोद ठाकुर ने युवती की हत्या कर शव बैग में डाल दिया था और बुधवार रात को बैग में डाले शव को वोल्वो में ले जाने की तैयारी में था, लेकिन वह अपनी इस चाल में कामयाब नहीं हुआ। बीकॉम तक पढ़ाई करने वाली शीतल चार साल से परिचित अपने ही प्रेमी का शिकार हो गई। परिजनों ने बेटी के लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड में लिया है। उन्होंने बताया कि युवती का आज नेरचौक में पोस्टमार्टम कर शव उनके मामा व भाई को सौंप दिया है। पुलिस सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है।

## बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने इंद्रजीत

**पतलीकूहल।** मनाली कोर्ट परिसर में बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। मनाली बार एसोसिएशन के लगभग 60 वकीलों ने अपने पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव कर लिया है।

चुनाव में सभी पदों के लिए एक-एक उम्मीदवार ने अपने नामांकन को दाखिल कर लिया है। इसमें अध्यक्ष पद के लिए इंद्रजीत ठाकुर, उपाध्यक्ष पद के लिए धर्मपाल ठाकुर, महासचिव के लिए रमेश और कोषाध्यक्ष पद के लिए सुधीर ने अपने नामांकन पत्र भरे हैं। निर्वाचन अधिकारी ने तय समय तक सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के पश्चात इन्हें विजेता घोषित किया। बार एसोसिएशन के चुने गए प्रतिनिधियों को कोर्ट परिसर में शपथ दिलाई गई।

# चुनावी प्रक्रिया में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त, होगी कड़ी कार्रवाई : विनीत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय में लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक आईएएस अधिकारी 2013 विनीत नंदनवर ने केलांग में अधिकारियों से चुनाव प्रबंधों की गई तैयारी का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी लाहौल-स्पीति राहुल ने लाहौल-स्पीति 21 (जनजातीय) लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी केलांग रजनीश शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त काजा राहुल जैन, सहायक रिटर्निंग अधिकारी काजा हर्ष अमरिंदर वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

विधानसभा क्षेत्र लाहौल-स्पीति में नियुक्त किए नोडल अधिकारियों को सामान्य पर्यवेक्षक विनीत नंदनवर ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मियों को पारदर्शी, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही को बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस दौरान चुनाव अधिकारियों से ऐसे इंतजाम करने को कहा कि कोई भी मतदाता मतदान करने से न छूटे और मतदाता के मतदान की गोपनीयता का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित हो।



विनीत नंदनवर केलांग में अधिकारियों से चुनाव प्रबंधों की तैयारी का जायजा लेते हुए।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

# महिलाओं को अब रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़ कर आगे बढ़ने की जरूरत

***बदलते** वक्त के साथ हर किसी को बदलना पड़ता है और बदलाव ही संसार का नियम है। मगर पुराने जमाने में नारी शक्ति को ज्यादातर कभी उस तरह से उभरने दिया ही नहीं गया, जिस तरह से आज के समय में महिलाओं ने अपनी काबिलियत के दम पर पूरी दुनिया में बदलाव की मिसाल पेश की है वो अपने आप में काबिले तारीफ है और काबिले गौर भी। आज की महिलाओं ने बदलते वक्त के तालमेल बैठाते हुए खुद को पहले से ज्यादा मजबूत और काबिल बना दिया है, ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि नारी ही शक्ति का अवतार है और नारियों के दम से ही आज दुनिया में कई सकारात्मक बदलाव हुए हैं। आज की नारी को किसी और चीज की जरूरत नहीं है बस जरूरत है तो सिर्फ बस मौके की। आज की महिलाएं हर कार्य को पूरी निष्ठा और लगन के साथ करती हैं और कार्यक्षेत्र हो या घर परिवार की जिम्मेदारी हर काम को पूरी ईमानदारी के साथ करने में सक्षम हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र में हर तरफ केवल लड़कियों का ही बोलबाला है और देश के हर बड़े ओहदे पर आज महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जो कि बदलते वक्त के साथ बदल रहे समाज का एक सकारात्मक संकेत है। ऐसे ही विभिन्न मुद्दों पर महिलाओं के विचारों से परिचित होते हैं।*

*सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू*

## महिलाओं को खुद की काबिलियत को निखारने का कार्य करना होगा



नीना गौतम निवासी जिला कुल्लू।

**महिलाओं** को बदलते वक्त के साथ खुद की काबिलियत को निखारने का कार्य करना होगा और साथ ही अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं पर और मेहनत करते हुए लगातार कार्य करते रहना होगा। सभी महिलाओं को अपने काम के साथ अपने सामाजिक और गृहस्थ जीवन के बीच भी तालमेल बैठा कर चलना होगा। महिलाओं के कार्य करने में अकसर परिवार के सहयोग की अपेक्षा रहती है मगर देश में आज भी बहुत सी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्हें परिवार से सहयोग नहीं मिल पाता है, जिस कारण महिलाएं खुलकर सामने नहीं आ पाती। महिलाओं को अब रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़ कर आगे बढ़ने की जरूरत है। महिलाओं को अपनी मदद के लिए आज किसी के सहारे की जरूरत नहीं है, जरूरत है तो बस सही शिक्षा की ओर सही मौके की ओर साथ ही सही दीक्षा में प्रयास करने की।

## महिलाओं का खुद पर विश्वास करना बहुत जरूरी

**आज** के समय में महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए खुद पर विश्वास करना बहुत ज्यादा जरूरी है। आज की महिलाओं को आग बढ़ने के लिए अपने हुनर ओर काबिलियत पर ध्यान देने की जरूरत है। महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना जरूरी है, जो महिला आज के समय में घर बार ओर काम सभी में बराबर अपनी भागीदारी देती हैं उसे सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है, मगर जो काम के सिलसिले में अपने घर बार को देख नहीं पाते, उन्हें सिर्फ कामकाजी महिला मान लिया जाता है। महिलाओं को आज के समय में अपने अपने परिवार के सदस्यों के विश्वास और सहयोग की जरूरत हमेशा रहती है। महिलाओं में एक साथ कई कार्यों को अंजाम देने की अनोखी काबिलियत होती है इसलिए एक ही समय में महिलाएं घर परिवार और कार्यक्षेत्र को बराबर समय देकर उस कार्य को पूरा करने का सामर्थ्य रखती हैं।



देचेन ठाकुर, निवासी स्टिंगरी जिला लाहौल-स्पीति।

## सही दिशा में किए प्रयासों से मिलेगी सफलता



शबनम वासु निवासी जुंड़ा जिला लाहौल स्पीति।

**महिलाएं** आज के समय में हर वो काम कर के दिखा सकती हैं, जिसकी अकसर लोग उनसे अपेक्षा नहीं करते। समय के साथ सही शिक्षा और सही दिशा में किए गए प्रयासों से ही महिलाओं को सफलता मिलेगी और सफलता के शिखर को छू पाएंगी। महिलाओं को हर विपरीत परिस्थितियों में खुद को ढालने की काबिलियत और पूरी क्षमता से काम करने की क्षमता को विकसित करना होगा तभी सही दिशा में आगे बढ़ पाएंगी। महिलाओं के अंदर जी तोड़ मेहनत करने की जन्मजात गुण होते हैं। माता, पिता, भाई, बहन, बेटी और बेटे से हर महिला को सहयोग, प्यार और सम्मान की जरूरत होती है, तभी महिला हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर पाती हैं। महिलाओं को कार्यक्षेत्र में और घर परिवार में तालमेल बैठना बहुत जरूरी होता है, मगर अकसर ऐसा नहीं हो पाता है, जिस कारण अनचाही परेशानी से जूझना पड़ जाता है इसलिए महिलाओं को संयम से काम लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए ओर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाना चाहिए।

## महिलाओं को दूसरों से अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए



राज नेगी, निवासी बुलंग जिला कुल्लू।

**महिलाओं** को अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए ज्यादा प्रयास करने की जरूरत नहीं बस जरूरत है तो खुद को पहचाने की और अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को तराशने की। महिलाओं को अपने वैवाहिक जीवन और अपने कार्यक्षेत्र को अलग रखना आना चाहिए, ताकि दोनों का असर एक-दूसरे पर न पड़े। आज भी समाज में बहुत सी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्हें सिर्फ अपने परिवार से उम्मीदें होती हैं कि वह सहयोग करें, मगर कुछ ही परिवार अपने बेटियों और बहुओं को सहयोग दे पाते हैं। मेरा मानना है कि महिलाओं को दूसरों से अपेक्षा रखनी ही नहीं चाहिए, बल्कि अगर सिर्फ और सिर्फ खुद से अपेक्षा रखे और अपनी क्षमताओं से अपेक्षा रखें। महिलाएं जिस तरह से अपने घर को मैनेज करती हैं, ठीक वैसे ही घर परिवार, समाज और सामाजिक ताने-बाने के बीच तालमेल बैठकर चल सकती हैं। महिलाओं का काबिल और शिक्षित होना सबसे ज्यादा जरूरी है, ताकि वह शिक्षा और अपनी काबिलियत के दम पर सफलता के मुकाम को हासिल कर सके।

# सोलन-सिरमौर में सुलग रहे जंगल, धरे रह गए इंतजाम

## जिले में इस महीने 100 से अधिक जगहों पर भड़की आग; जल, जंगल, जमीन को हो रहा नुकसान

आर मोहन चौहान, सोलन

मई महीने में आग उगलते सूरज की तपिश से सोलन और सिरमौर जिले के जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ गई हैं, जबकि विभागीय इंतजाम धरे के धरे रह गए।

सड़क किनारे जंगलों में लगी आग को तो जैसे-तैसे वन विभाग दमकल और होम गार्ड विभाग के साथ मिलकर काबू पा रहा है, लेकिन दूरदराज के वन क्षेत्रों में लगी आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया है। इससे लाखों की वनसंपदा नष्ट होने के साथ वन्य प्राणियों को भी नुकसान हो रहा है। जानकारी के मुताबिक सोलन जिले में मई माह में अब तक 100 से अधिक वन क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। विभाग ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है। साथ ही जानबूझ कर आग लगाने के आरोपी की सूचना पुलिस को देने का आह्वान किया है। आग बुझाने के लिए लोग भी आगे आ रहे हैं, लेकिन यह कार्य जान जोखिम में डालने जैसा है। (अनंत ज्ञान)

### फायर कंट्रोल रूम स्थापित

आग की घटनाओं पर कंट्रोल पाने के लिए वन विभाग में फायर कंट्रोल रूम भी तैयार किया है। इसमें कई कर्मियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। यहां बैठने वाले अधिकारियों के नंबर भी सर्कुलर कर दिए गए हैं। इनसे संपर्क कर कोई भी व्यक्ति आग लगने की घटना को विभाग से शेयर कर सकता है, जैसे ही कंट्रोल रूम में इसकी जानकारी मिलेगी की आग लगी है, तो वह तुरंत टीम को अलर्ट कर देगा। विभाग की मानें तो जंगलों में आग बुझाना अकेला वन विभाग के बस की बात नहीं है। ऐसे में विभाग ने लोगों से अपील की है कि जब भी उनके आसपास जंगलों में आग लगे तो वे वन विभाग के कर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आग को बुझाने में सहयोग करें। इससे आग बुझाने में आसानी होगी।


जंगल में लगी आग।

### 78 करोड़ रुपए से ज्यादा वन संपदा को बचाया

पिछले दिनों सोलन मुख्यालय के साथ लगते जंगल बड़ोग, धर्मपुर, परवाणू, कसौली, नालागढ़ सहित सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन सहित सराहा, राजगढ़, नाराग के जंगल गर्मी बढ़ने के चलते लगातार दहक रहे हैं। इससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है, तो वहीं वन विभाग को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। सोलन की बात करें तो, अभी तक कुल 19 लाख 72 हजार 500 रुपए की वन संपदा जलकर राख हो चुकी है। दमकल विभाग और वन विभाग की मुस्तैदी के चलते कुल करीब 78 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की वन संपदा को बचाया गया है।

"गर्मियों के सीजन में आग लगने की घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। इसको लेकर विभाग ने अपने सभी कर्मियों की छुट्टियों को पहले ही रद्द कर दिया था और अब लोगों से अपील की जाती है कि यदि उनके घरों के आसपास आग लगने की घटना सामने है, तो वह तुरंत विभाग के कर्मियों के साथ मदद करने भी पहुंचे। वन विभाग के साथ दमकल और होमगार्ड की टीम पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है।

**संतोष शर्मा, कमांडेंट होम गार्ड एंड फायर सर्विसेज सोलन।**

### परवाणू-नालागढ़ में अधिक मामले

फायर स्टेशन सोलन के अंतर्गत इस समय अवधि के बीच में कुल 15 जगह जंगलों में आग लगने की घटना सामने आई है, जिसमें 30 लाख सात हजार रुपए का नुकसान हुआ, तो वहीं करीब 15 करोड़ रुपए की वन संपदा को बचाया गया। इसी प्रकार फायर स्टेशन परवाणू के अंतर्गत इसी समय अवधि के बीच जंगलों में आग लगी और कुल 2 लाख 3 हजार 500 रुपए का नुकसान हुआ, जबकि 16 करोड़ 76 लाख रुपए की वन संपत्ति को बचाया गया। वहीं फायर स्टेशन बद्दी के अंतर्गत 14 जगह जंगलों में आग लगने की घटना सामने आई, जिसमें 9 लाख 8 हजार रुपए का नुकसान, तो करीब 14 करोड़ 36 लाख रुपए की संपत्ति को बचाया गया। ठीक इसी प्रकार फायर स्टेशन नालागढ़ में 18 जगह जंगलों में आग लगी, जिसमें 5 लाख 16 हजार का नुकसान, तो 3 करोड़ 88 लाख 30 हजार की वन संपदा को बचाया गया, जबकि फायर चौकी अर्की में 10 जगह जंगलों में आग, कुल 1 लाख 46 हजार 500 का नुकसान, तो 2 करोड़ 99 लाख 90 हजार रुपए की वन संपदा को विभाग ने बचाया। वहीं बनलगी फायर चौकी के अंतर्गत 18 जगह फॉरेस्ट में आग लगी, जिसमें कुल 38 हजार रुपए का नुकसान तो करीब 31 करोड़ 30 लाख 50 हजार रुपए की वन संपदा को बचा लिया गया। इसके अलावा इसी समय अवधि के बीच 36 मामले अन्य जगहों पर भी आग लगने के मामले सामने आए हैं।

# 'अपना बूथ सबसे मजबूत' अभियान में भाजपा नेता हुए सक्रिय : प्रताप

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि इन दोनों भाजपा का जनसंपर्क अभियान चला हुआ है।

इस अभियान में रेणुका के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं चुनाव संयोजक नारायण सिंह चौहान भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष सीमा कन्याल, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश्वर शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलवीर सिंह, प्रताप सिंह तोमर, भाजपा जिला प्रवक्ता मेलाराम शर्मा, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत, जिला सचिव ममता रीनटा के सभी पदाधिकारी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी और संगठन को मजबूती प्रदान करने में जुट गए हैं, ताकि रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप को भारी बढ़त दिलाई जा सके। इसको ध्यान में रखते हुए रेणुका के सभी नेता एवं कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में तन-मन से जुट गए हैं। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार को बनते हुए डेढ़ वर्ष से भी अधिक समय हो गया है, लेकिन रेणुका के विकास में ग्रहण लग गया है, जिससे रेणुका की जनता में मुख्यमंत्री के प्रति भारी आक्रोश है।

**रेणुका की जनता में सीएम सुक्खू के प्रति भारी आक्रोश**

रावत ने बताया कि सुक्खू ने मुख्यमंत्री का पद संभालते ही रेणुका के दर्जनों सरकारी संस्थान बंद कर दिए हैं, जो पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ने रेणुका की जनता की मांग पर खोले थे। सरकार विकास करने के लिए बनाई जाती है विनाश करने के लिए नहीं। रावत ने बताया कि इन सरकारी संस्थान को बंद करने से रेणुका की जनता में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है इसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी के नेताओं को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी के नेता झूठ का सहारा लेकर जनता को मूर्ख बनाते हैं लेकिन अब रेणुका की जनता मूर्ख बनने वाली नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### पैदल चल रहे व्यक्ति को बस ने मारी टक्कर, घायल

**बीबीएन।** पुलिस थाना मानपुरा के तहत गांव बेलीखोल में एक निजी स्कूल की बस ने पैदल चल रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। भूपेंद्र सिंह राणा ने बताया कि बीते दिन जब वह सड़क पर पैदल चल रहा था, तो एक बस पीछे की तरफ रिवर्स की जा रही थी। हादसे में व्यक्ति को गंभीर चोटें पहुंची। हादसे के बाद उपरोक्त चालक राम के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### जनरल ड्यूटी असिस्टेंट के नए बैच का उद्घाटन

**दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन आईटीआई दाड़लाघाट में चल रहे जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (जीडीए) के नए बैच का उद्घाटन पंचायत प्रधान सिकरोहा भूप सिंह ने किया। इस अवसर पर 21 जीडीए प्रशिक्षुओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रधान भूप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए हमें नई पीढ़ी को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। जीडीए बैच का उद्घाटन इसी धारा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ऑटो यूनियन का मां भगवती जागरण आज

**सोलन।** माँ शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर्स यूनियन सोलन का 29वां मां भगवती जागरण सपरून चौक के समीप 18 मई को आयोजित होगा। यूनियन के प्रधान धर्मपाल ने कहा कि मां भगवती की चौकी एवं भंडारे को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए यूनियन की ओर से कई समितियों का गठन किया है और सभी सदस्यों को इसमें विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस साल यूनियन द्वारा मां भगवती के 29वें जागरण का आयोजन किया जा रहा है। 18 मई की सायं यूनियन के सदस्य ज्वाला जी से माता की सांची ज्योति लेकर सोलन पहुंचेंगे।

### स्टूडेंट्स को सफलता के लिए दिए टिप्स



**अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलेरा में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास में वृद्धि के लिए एक विशेष गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में सुमन प्रजापति ने बतौर गेस्ट फैकल्टी अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। प्रजापति ने विद्यार्थियों को उनकी इच्छाओं, सपनों, और जुनून को पहचानने और उन्हें साकार करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने व्यक्तित्व को निखारने और जीवन मूल्यों को हासिल करने के लिए जुनूनी दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। आत्मसम्मान और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रजापति ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए आवश्यक टिप्स भी प्रदान किए।

### वेबसाइट पर उपलब्ध होगी वार्षिक मैगजीन 'सृजन'

**दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट की वार्षिक कॉलेज मैगजीन सृजन 2023-24 को डिजिटल माध्यम के द्वारा विद्यार्थियों को कॉलेज वेबसाइट पर मुहैया करवा दिया गया है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने बताया कि मैगजीन ऑनलाइन मोड पर लोकार्पित कर दी गई है और विद्यार्थी अपनी मैगजीन कॉपी डिजिटल रूप में प्राप्त कर सकते हैं। कॉलेज मैगजीन की हार्ड कॉपी कॉलेज लाइब्रेरी में उपलब्ध रहेगी।

### एमटी-100 अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट का आगाज

**सोलन।** दुर्गा पब्लिक स्कूल सोलन में राजा दुर्गा सिंह क्लब के सहयोग से एमटी-100 अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट का आगाज हुआ। इसमें 30 से 75 से ज्यादा आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट में दुनिया भर से 175 से अधिक खिलाड़ी सोलन पहुंचे हैं। दुर्गा सिंह क्लब के अमित आनंद ने बताया कि टूर्नामेंट में 75+ आयु वर्ग के खिलाड़ी भी दमखम दिखा रहे हैं।

### 350 मरीजों के रक्तचाप की जांच की

**दाड़लाघाट।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के मौके पर अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट ने विभिन्न गांव में बीपी जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 350 मरीजों के रक्तचाप की जांच की गई। कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र गांधी व स्वास्थ्य समन्वयक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि जागरूकता एवं जांच कार्यक्रम में करीब 45 गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत गैर संचारित रोग नियंत्रण के तहत 350 से अधिक लोगों का रक्तचाप जांच स्वास्थ्य सखी कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया गया। इस मौके पर भूपेंद्र गांधी, अजीत कुमार सिंह, सुनीता देवी, नीलम ठाकुर आदि ने अपना योगदान दिया।

# वीरू दाई व उसके साथी 24 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार

**बेचे गए नशे की कमाई के 52 हजार 80 रुपए भी किए बरामद**

अनंत ज्ञान, नाहन

महिला थाना और सदर थाना नाहन की पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में नशे के सौदागर को साथियों सहित गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त पुलिस पार्टी को चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था का जायजा लेने के दौरान एक गुप्त सूचना मिली। पुलिस पार्टी वीरवार कल शाम को करीब 5:45 बजे के आसपास मिली गुप्त सूचना के आधार पर नाहन के मझौली जलापड़ी निवासी वीर विक्रम उर्फ विरू दाई के घर पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पाया कि वीरू अपने दो युवा साथी 23 वर्षीय शिवम रामोल तथा 22 वर्षीय रवि ठाकुर मौजूद थे। पुलिस के द्वारा जब कमरे में तलाशी ली गई, तो वहां रखी अलमारी में नशीला पदार्थ चिट्टा पाया गया, जिसमें मात्रा 24 ग्राम थी। यही नहीं पुलिस को उसी के साथ रखे 52 हजार 80 रुपए भी बरामद किए गए। बरामद की गई राशि पुलिस के पड़ताल में नशा बेचकर अर्जित की गई थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मिली लीटर की डिस्पोजल सिरिंज भी बरामद करी।

पुलिस के द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए तीनों अपराधियों के खिलाफ मामला अंतर्गत एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के द्वारा तीनों आरोपियों को नाहन न्यायालय के समक्ष भी पेश किया गया। पुलिस के द्वारा की गई इस कार्रवाई की जिला पुलिस कप्तान के द्वारा प्रशंसा भी की गई है।

# कराड़ाघाट के छात्र दीपक को मिलेगी छात्रवृत्ति

**दाड़लाघाट।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति एनएमएमएस के परिणाम में राजकीय उच्च विद्यालय कराड़ाघाट के 9वीं में पढ़ने वाले छात्र दीपक का चयन हुआ है। दीपक की इस सफलता से अध्यापक व माता-पिता गदगद हैं। इसके साथ ही सभी ने सफल होने वाले विद्यार्थी को बधाई दी और पाठशाला में स्वागत किया।

विद्यालय के मुख्यध्यापक हरीश गुप्ता ने बताया कि कक्षा आठ में पढ़ने वाले बच्चों के लिए इस पाठशाला के अध्यापकों ने परीक्षा के लिए काफी मेहनत करवाई है। इसमें उत्तीर्ण हुए स्टूडेंट्स को सरकारी स्कूल में प्रवेश लेने पर कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई के लिए हर महीने 1000 रुपए छात्रवृत्ति दी जाएगी। उन्होंने सफल हुए विद्यार्थी दीपक को बधाई दी और पाठशाला को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे बच्चे प्रेरणा के स्रोत हैं।

# बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 74000 रुपए, आरोपी जीरकपुर से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला मुख्यालय के बिला राउंड के एक बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदलकर युवक द्वारा 74000 की राशि के गबन का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक शहर के बिला राउंड के रहने वाले अनूप आनंद भटनागर ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई कि 23 अप्रैल को नाहन के एसबीआई की मुख्य शाखा में वह जब एटीएम कार्ड से पैसे निकाल रहे थे, तो इसी दौरान किसी व्यक्ति ने इनका एटीएम चोरी कर लिया, जिससे अज्ञात व्यक्ति ने उनके एटीएम से 74000 की निकासी भी की।

इस बाबत उन्होंने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरमौर के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया, जिसके चलते पुलिस ने एटीएम की



सीसीटीवी फुटेज खंगालना आरंभ किया, तो पता चला कि एक व्यक्ति द्वारा बुजुर्ग का एटीएम चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में हमीरपुर के रहने वाला निखिल नामक व्यक्ति को पंजाब के जीरकपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को वीरवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीणा ने बताया कि जिला मुख्यालय नाहन के बिला राउंड के रहने वाले अनूप आनंद भटनागर ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया था कि एसबीआई की मुख्य शाखा के एटीएम से उनका एटीएम कार्ड किसी ने चोरी कर लिया है।

### लापरवाही न बरतें

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया, जिसके चलते एसआईटी ने जब सीसीटीवी फुटेज को खंगालना आरंभ किया, तो हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के निखिल कुमार तक पुलिस की जांच पहुंची। पुलिस ने आरोपी को पंजाब के जीरकपुर से गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से आग्रह किया कि इस प्रकार की लापरवाही न बरते। जब भी एटीएम में जाएं, तो वह अपने कार्ड को एटीएम मशीन में न छोड़ें और अपने आसपास के व्यक्ति पर नजर रखें। साथ ही उन्होंने कहा कि साइबर अपराध के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं।

# पनोह-दानोघाट को मिलेगा नया बाईपास

## 9 करोड़ 42 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का निर्माण अंतिम चरण में

अनंत ज्ञान, बीबीएन

नालागढ़ उपमंडल के तहत पनोह-बारियां-अल्यौण-दानोघाट मार्ग पर अब एक नया बाईपास बन जाएगा।

9 करोड़ 42 लाख की लागत से बन रहे इस मार्ग पर अल्यौण खड्ड पर 24 मीटर लंबे स्पैन का पुल बनाया गया है और दानोघाट तक बनने वाली यह सड़क नालागढ़-बद्दी एनएच पर खरूणी के पास मिलेगी, जो कि एक बाईपास बन जाएगा। इससे क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। मार्ग का कार्य कंप्लीशन पर चला हुआ है और सड़क का कार्य करीब 85 फीसदी पूर्ण हो चुका है। विभाग के मुताबिक कतली से अल्योन तक 4 किमी टारिंग का कार्य शेष बचा है, जिसे जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। इस सड़क की खास बात यह रहेगी कि जो ठेकेदार इसका टेंडर लेगा, वह न केवल सड़क का निर्माण करेगा, बल्कि आगामी पांच सालों के लिए पैच वर्क का काम करेगा, जबकि पांचवें साल के अंत में एक बार फिर से टारिंग का काम करेगा। पहाड़ी क्षेत्र के ग्रामीणों को पिछले कई सालों से खस्ताहाल सड़क से हो रही परेशानी से निजात मिलने वाली है। यह सड़क अभी 3 किलोमीटर पूरी तरह से कच्ची है और आगे 10 किलोमीटर सड़क नई बनेगी, जिसे अब विभाग द्वारा इसे पक्का बनाया जा रहा है। लोनिवि के अनुसार इस सड़क में 100 एमएम की जीएसपी, जी-2 की 75 एमएम, जी-3 की 75 व 30 एमएम की बीसी की लेयर बिछाई जाएगी।

### जल्द पूरा होगा कार्य : एसडीओ

**लोनिवि** नालागढ़ डिवीजन के एसडीओ राज कुमार शर्मा ने कहा कि 9 करोड़ 42 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का निर्माण कार्य करीब 85 फीसदी पूर्ण हो चुका है। कतली से अल्योन तक चार किमी टारिंग का कार्य शेष बचा है, जिसे जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा।

# नारा लेखन से चुनाव के बारे में दिया संदेश

**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन में लोकसभा चुनाव के पर्व पर प्रातः कालीन सभा में इतिहास प्रवक्ता देशराज ने चुनाव का लोकतंत्र में महत्व विषय पर प्रकाश डाला। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संतोष बट्टू ने स्वयंसेवियों से गोद लिए गांव व बाजार धुंदन में इस संदेश को पहुंचाने की अपील की। स्वयंसेवियों ने चित्रकला व नारा लेखन के माध्यम से चुनाव पर्व का संदेश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त सोलन के तत्वाधान में विद्यार्थियों को संकल्प पत्र बांटे गए, जिसके माध्यम से हर घर को मतदान के लिए संकल्प दिलाने में हर विद्यार्थी की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किया विचार-विमर्श


अर्की विधानसभा के अंतर्गत दसेरन बूथ 44 में कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक करते हुए।

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

शिमला लोकसभा क्षेत्र की अर्की विधानसभा के अंतर्गत दसेरन बूथ 44 के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैठक की।

बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने की नीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में हर कार्यकर्ता न्याय पत्र और कांग्रेस की गारंटियों को जनता के समक्ष शालीन तरीके से रखेगा और मतदाताओं की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनकर सूचिबद्ध करके विधायक संजय अवस्थी के संज्ञान में त्वरित कार्रवाई के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में कंवर विनोद, पदम कंवर, यशवंत कंवर, भाग सिंह, वासुदेव शर्मा, जगत आदि मौजूद रहे।

# पशु अनुसंधान में 'नवाचार' के विषय पर दिया व्याख्यान


अनुसंधान राष्ट्रीय कार्यशाला में पहुंचे प्रतिभागी।

अनंत ज्ञान, सोलन

फोर्टिस अस्पताल के सहयोग से शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की ओर से आयोजित ड्रग डिस्कवरी में ब्रिजिंग प्रीक्लिनिकल और क्लिनिकल रिसर्च पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसने अपने व्यावहारिक सत्रों और प्रभावशाली चर्चाओं के लिए व्यापक प्रशंसा प्राप्त की। एनआईपीईआर, रायबरेली से डॉ. रविंदर कौंडल ने क्लिनिकल ट्रांसलेशनल गैप्स को बांटना, पशु अनुसंधान में नवाचार शीर्षक पर एक व्याख्यान दिया। डॉ. कौंडल का व्याख्यान पशु अध्ययन से आशाजनक परिणामों को नैदानिक परीक्षणों में अनुवादित करने की चुनौतियों, पशु अनुसंधान में पुनरुत्पादन संकट और नोबेल पुरस्कार विजेता अध्ययनों में जीवन रक्षक चूहों के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला।

# पर्यटकों को खूब पसंद आ रहा काफल

अनंत ज्ञान, राजगढ़

राजगढ़ क्षेत्र में इन दिनों जंगली फल काफल पकने शुरू हो गए हैं, जिन्हें यहां आने वाले पर्यटक खूब पसंद कर रहे हैं। इससे फल स्थानीय लोगों के लिए आर्थिकी का जरिया भी बन गया है। ग्रामीण परिवेश में लोग गर्मियों के मौसम में दिन में आराम करने की बजाए जंगलों में काफल फल को चुनकर घर लाए जा रहे हैं।

जनश्रुति के अनुसार भगवान राम भी अपने बनवास के दौरान भूख मिटाने के लिए काफल व अन्य जंगली फलों का इस्तेमाल किया करते थे। बता दें कि राजगढ़ तथा सीमा पर लगते शिमला जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इन दिनों काफल फल पक कर तैयार हो गए हैं। विशेषकर हाब्बन, पालू, फागू, चंबीधार, ठंडीधार आदि गांव के लोग जंगलों में काफल को चुनने में व्यस्त हैं। काफल के पेड़ काफी ऊंचे होते हैं। परंतु लोग अपनी जान को जोखिम मे डालकर काफल का एक एक दाना बड़े चाव से चुनकर बेग में भर कर घर लाते हैं। अनेक गांव में काफल लोगों की आजीविका का भी साधन बन चुका है और मार्केट में काफल को लोग बड़े चाव के साथ खरीदते हैं। वरिष्ठ नागरिक प्रीतम ठाकुर व अतर सिंह



ठाकुर का कहना है कि काफल एक जंगली फल है, जो कि सभी औषधीय गुणों से भरपूर है। यह फल हिमाचल प्रदेश सहित हिमालय के अन्य क्षेत्रों में जंगली तौर पर पाए जाने वाला एक सदाबहार पेड़ है, जो कि कई औषधीय गुणों से भरपूर होने के कारण शरीर की प्रतिशोधक क्षमता को बढ़ाने में बहुत सहायक होता है। काफल के पेड़ 1000 से 2000 मीटर की ऊंचाई में पाए जाते हैं। यह फल रस से भरपूर होता है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. विश्वबंधु जोशी के अनुसार काफल में विटामिंस, आयरन व एंटी ऑक्सीडेंटस प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

# मतदाताओं से की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

**सोलन।** अर्की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) टीम ने संवेदनशील पोलिंग बूथ जांडू में मतदाताओं को मतदान की अहमियत समझाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया। स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा और डॉ. हेमराज सूर्य ने बताया कि संवेदनशील पोलिंग बूथ जांडू में आगामी लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण ढंग से अधिक से अधिक मतदान कर अपना कर्तव्य निभाने का आग्रह किया। प्रत्येक मतदाता अपना वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मतदान केवल अधिकार ही नहीं बल्कि सभी पात्र मतदाताओं का कर्तव्य भी है।

**निरीक्षण** थोक विक्रेता भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना बनाएं सुनिश्चित

# डीसी व एसपी ने शराब इकाइयों का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिले के सभी शराब उत्पादक इकाइयों और थोक विक्रेता इकाइयों का निरीक्षण किया।

संयुक्त निरीक्षण में एसपी रमण कुमार मीणा और उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी हिमांशु आर. पंवार सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। डीसी ने जिले के सभी शराब निर्माण इकाइयों एवं थोक विक्रेताओं को एक जून को होने वाले मतदान के दृष्टिगत शराब के विक्रय के संबंध में भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। मीडिया से परिचित हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि जिला सिरमौर हरियाणा, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के साथ सटा है, ऐसे में बॉर्डर एरिया होने के चलते क्षेत्र बेहद संवेदनशील बन जाता है। लोकसभा चुनाव के दौरान शराब की चोरी की संभावना को रोकने के उद्देश्य से शराब निर्माण इकाइयों में सशस्त्र पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा शराब निर्माण इकाईयों में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है।


लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शराब उत्पादक इकाइयों का निरीक्षण करते डीसी व एसपी।

# नगर में निकाली संध्या फेरी


अर्की में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर संध्या फेरी निकालती महिलाएं।

अनंत ज्ञान, अर्की

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की तरफ से सामुदायिक भवन मेन बाजार अर्की में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस कथा का संदेश आसपास के इलाका वासियों को देने के लिए नगर में संध्या फेरी निकाली गई, जिसका शुभारंभ बलदेव भारद्वाज के निवास से प्रभु पूजन एवं नारियल तोड़कर किया गया। संस्था के संस्थापक एवं संचालक आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी धीरानंद ने बताया कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा क्षेत्रवासियों के सहयोग से अर्की नगर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह कथा 20 से लेकर 26 तक दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक सामुदायिक भवन अर्की में होगी। इस कथा का वाचन करने के लिए भागवत भास्कराचार्य साध्वी भाग्य श्री भारती संत समाज सहित पधार रही हैं।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# जून माह से नगर निगम ऑनलाइन वसूलेगा लीज मनी और संपत्ति कर

## शिमला शहर में लोगों को ऑनलाइन किराया देने की मिलेगी सुविधा, अब घर बैठे जमा होंगे बिल

**आशिमा वैरागी, शिमला**

मला शहर में नगर निगम जून माह से संपत्तियों के किराए व लीज मनी को ऑनलाइन वसूलने वाला है। इसके लिए नगर निगम द्वारा तैयारी की जा रही है। रैंट एंड लीज एप्लीकेशन को तैयार करने का कार्य जारी है। इससे लोगों को काफी फायदा पहुंचेगा। किराया ऑनलाइन होने से कोई भी व्यक्ति दुकानों, प्लॉट, स्टॉल, ज़मीन की लीज मनी के बिलों को ऑनलाइन जमा कर सकेगा।

इससे लोग अपने घर बैठे ऑनलाइन सुविधा से बिल जमा कर पाएंगे। शहर में नगर निगम की कुल 1334 संपत्तियां हैं। यह नगर निगम की कमाई का मुख्य स्रोत है। इस संपत्ति को नगर निगम ने कारोबारियों को किराए पर दिया है। इससे एमसी को हर साल 4.87 करोड़ रुपए की कमाई होती है। इसके अलावा नगर निगम अपनी कार्यप्रणाली को भी ऑनलाइन करने जा रहा है। इसके लिए निगम के वित्त शाखा के तहत फाइनांस, ऑटिड पे-रोल, पेंशन, निगम कर्मचारियों को डाटा, लैंड एंड इस्टेट प्रबंधन, संपत्ति प्रबंधन, और विधि विभाग को ऑनलाइन करने जा रहा है। इससे पहले लोग दुकानों का किराया व लीज मनी के भुगतान के लिए नगर निगम कार्यालय के चक्कर काटते नजर आते थे। इससे लोगों का काफी समय भी बर्बाद होता था। लेकिन अब ऑनलाइन सुविधा शुरू होने से समय की बचत के साथ-साथ चंद मिनटों में लोग किराया व अन्य बिलों का भुगतान कर सकेंगे। नगर निगम शिमला तैयारियां करने में जुटा हुआ है और अगले माह से लोगों को इसकी सुविधा मिल सकती है। (अनंत ज्ञान)


फाइल फोटो

### एप्लीकेशन को किया जा रहा तैयार

**नगर** निगम महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि अगले माह से ऑनलाइन व्यवस्था को शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। नगर निगम द्वारा रेंट एंड लीज एप्लीकेशन को तैयार किया जा रहा है। हर रिकॉर्ड को ऑनलाइन करने से लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

# एनडीए की परीक्षा में चमके मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के छात्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**


उदय।


अक्षिता।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी की लिखित परीक्षा में मिनर्वा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के उदय, अक्षिता ने परीक्षा में महारथ हासिल की। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा मिनर्वा संस्थान के अध्यापकों व कर्मचारी वर्ग को दिया है। चयनित उदय के पिता शिक्षा विभाग में कार्यरत है तथा माता गृहिणी हैं।

अक्षिता के पिता निजि संस्थान में सहायक अभियंता है तथा माता गृहणी है। इस सफलता के अवसर पर मिनर्वा स्कूल के प्रधानाचार्य परवेश चंदेल, मिनर्वा स्टडी सर्किल के मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल व प्रबंधक निदेशक स्वदेश चंदेल ने बच्चों तथा उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राकेश चंदेल ने कहा कि मिनर्वा संस्थान का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी का भविष्य उज्ज्वल करना है तथा इसके लिए मिनर्वा संस्थान का प्रत्येक कर्मचारी निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई नीट की परीक्षा में भी मिनर्वा के बच्चों का परिणाम उत्कृष्ट रहने की अपेक्षा है। इसमें सर्वाधिक अपेक्षित अंक 690 अंक हैं। 600 अंक से ज्यादा 40 बच्चे, 550 से ज्यादा 100 बच्चे, 500 से ज्यादा 150 बच्चों का अपेक्षित स्कोर है। उन्होंने कहा कि जेईई व नीट-2025 के विभिन्न बैच शुरू हो गए है, और पंजीकरण प्रक्रिया भी जारी है तथा सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए बैच 23 मई 2024 से शुरू कर दिया जाएगा।

# राजनीतिक दल भी मतदान के लिए करें प्रेरित: श्याम लाल

**बिलासपुर।** सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को अवश्य मतदान करने के लिए प्रेरित करें ताकि शत-प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित किया जा सके। सामान्य पर्यवेक्षक तीन हमीरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र श्यामलाल पूनिया ने शुक्रवार बिलासपुर के बचत भवन में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान यह अपील की। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना के लिए जिला प्रशासन के कार्यों के साथ-साथ राजनीतिक दलों का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समय-समय पर राजनीतिक दलों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न सूचनाएं प्रदान की जा रही हैं। दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का मतदान सुनिश्चित करने के लिए भी राजनीतिक दल सहयोगात्मक रवैया अपनाए तथा इस कार्य के लिए अधिकृत व्यक्ति को ही जिम्मेदारी दें। किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा सूचना के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी या फिर उनके मोबाइल नंबर 93172 83159 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने ईवीएम की कमिश्निंग के समय पार्टी प्रतिनिधिओं की उपस्थिति की सुनिश्चितता को कहा।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल पाठशाला घुमारवीं में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली की अध्यक्षता उपप्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने की। रैली का आयोजन विद्यालय परिसर से लेकर गांधी चौक तक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सांख्यान ने बताया कि इन रैलियों के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया गया। समाज में शत-प्रतिशत मतदान करने की जागृति पैदा की गई। छात्र एवं छात्राओं ने नारे लगाकर, बैनर और पोस्टर लेकर समाज को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागृत करने का प्रयास किया। इस रैली को सफल बनाने के लिए प्रार्थना शर्मा, आशीमा कुमारी, अंजना कुमारी, नीलम कुमारी, नरेश कुमार, अमर नाथ संधू और अन्य ने सहयोग दिया।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर की चर्चा

**जुब्बल।** उपमंडल जुब्बल में लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीएम कार्यालय जुब्बल में बैठकों का दौर जारी रहा। इसमें लोकसभा चुनाव व कानून व्यवस्था व्यवस्था की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसी विषय को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जुब्बल उपमंडल के एसडीएम राजीव सांख्यान ने की। इस अवसर पर एसडीएम जुब्बल राजीव सांख्यान ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए कम दिन ही शेष बचे हुए हैं। उन्होंनें बताया कि अभी बहुत सी तैयारियां करनी, बाकी रह गई हैं। ऐसे में हमें मिलजुल कर आगे बढ़ना होगा, ताकि इस लोकसभा चुनाव को हम मिलजुल कर सफल बना सके, ताकि जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र बाकी विधानसभा क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन सकें।

### जेजवीं स्कूल में विश्व दूरसंचार दिवस की धूम

**झंडूता।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में विश्व दूरसंचार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग कंपटीशन करवाया गया। विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से दूरसंचार का महत्व बताया। विद्यार्थियों ने बताया कि संचार के माध्यम से हम देश-विदेश से जुड़ सकते हैं और हम देश-विदेश की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं। यह हमारे विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों ने पोस्टर्स के माध्यम से भी दूरसंचार की जानकारी दी। इस अवसर पर अर्चिता शर्मा ने मंच संचालन बहुत ही जोश और व्यवस्थित ढंग से किया। वोकेशनल अध्यापक संजीव गौतम ने भविष्य में दूरसंचार में होने वाले क्रांतिकारी बदलाव और दूरसंचार के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को अमूल्य जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने वोकेशनल अध्यापक संजीव गौतम, विद्यार्थियों तथा सभी अध्यापकों को विश्व दूर संचार दिवस की बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को दूरसंचार की विस्तृत जानकारी दी और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों का संपूर्ण सहयोग रहा।

### घुमारवीं में डेंगू पर जागरूक किए छात्र

**घुमारवीं।** घुमारवीं स्वास्थ्य खंड के अंतर्गत पड़ने वाले मां संतोषी आईटीआई हारकुकाहर घुमारवीं में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल अतुल शर्मा ने की। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षक लीला शर्मा ने बताया कि यह दिवस हर वर्ष 16 मई को मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है, डेंगू संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दिन के समय कटता है तथा इसे टाइगर मच्छर के नाम से भी जाना जाता है। डेंगू होने पर रोगी को तेज बुखार, सिर दर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों का दर्द तथा कई बार नाक से तथा मसूड़े से भी रक्तस्राव हो जाता है। इसमें प्लेटलेट्स की संख्या कम हो जाती है ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल में अपना चेकअप करवाएं।

### पर्यवेक्षक श्याम लाल पुनिया ने जांचे स्ट्रांग रूम

**घुमारवीं।** हमीरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्ति सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पुनिया ने बिलासपुर के घुमारवीं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाश , पेयजल, शौचालय, रैंप आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने ईवीएम-वीवीपैट स्ट्रांग रूम्स और मतगणना केंद्रों में आवश्यक प्रबंधों, मतदान डयूटी पर तैनात होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण एवं उनके रहने-खाने के प्रबंधों, पुलिस और होमगार्ड्स की तैनाती, सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का भी जायजा लिया।

### क्रिकेट प्रेमियों के लिए रिज में लगेगी एलईडी स्क्रीन

**शिमला।** राजधानी शिमला में एक बार फिर क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। रिज मैदान पर एपीसीसीए शनिवार और रविवार को रिज मैदान पर लाइव मैच दिखाने जा रहा। मैच दिखाने के लिए रिज मैदान पर एक बड़ी एलईडी लगाई जा रही हैं। इसके लिए बुधवार से रिज मैदान पर तैयारियां शुरू हो गई है। दर्शकों के बैठने के लिए भी पुख्ता इंतजामात किए जा रहे हैं और बारिश से कोई खलल न पड़े इसके लिए पंडाल बनाए जा रहे हैं। नगर निगम शिमला ने भी इस पर हामी भर दी है और रिज मैदान पर लोगों को मैच दिखाने के लिए अनुमति दे दी है। वहीं, इस दौरान कोई अनहोनी या लड़ाई झगड़ा न हो इसके और अनुशासन बना रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन को भी सुचना दे दी गई है। मैच के दौरान रिज मैदान पर इसके पुलिस के जवान भी तैनात रहने वाले हैं। बता दें कि विश्व कप के फाइनल मुकाबल के दौरान भी नगर निगम शिमला द्वारा मालरोड पर एलईडी लगाई गई थी जिसकी हजारों पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों ने भी सहराना की थी।

बिलासपुर के सचिन भारद्वाज ने लिया

### रेस में बिलासपुर के सचित रहे नौवें स्थान पर

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में अब तक की सबसे बड़ी 11वीं फायर फॉक्स ईटीवी शिमला रेस का आयोजन किया गया। इस रेस में भारत के 45 शहरों से तथा तीन बाहरी देशों से माउंटेन बाइकिंग के शौकीन 126 प्रतियोगियों ने भाग लिया । बिलासपुर से रोड़ा सेक्टर निवासी 47 वर्षीय सचिन भारद्वाज ने भी रेसिंग इवेंट में मास्टर आयु वर्ग (40 से 55 वर्ग )में भाग लिया और अपनी कैटेगरी में नौवां स्थान प्राप्त किया। सचिन ने बताया कि इससे पहले भी वह 2021-22 और 23 में इस प्रसिद्ध रेस में भाग ले चुके हैं और हर बार रेस को पूरा किया है । उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिला से इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले वह अकेले साइकिलिस्ट थे। और सबसे अहम बात यह है कि 126 प्रतियोगियों में से 100 प्रतियोगी ही रेस को पूरी कर पाए। दो दिन की इस प्रतियोगिता में कुल 120 किलोमीटर की दूरी तय की गई। यह प्रतियोगिता शिमला के रिज से आरंभ होकर मशोबरा, ढली कैचमेंट एरिया, कुफरी, पोर्टल हिल्स क्षेत्र में समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन अक्सर होते रहने चाहिए क्योंकि नई पीढ़ी को इस तरह के आयोजनों से नशे से दूर रहने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरणा मिलती है। निश्चित तौर पर सचिन भारद्वाज लगातार युवाओं में इस तरह की प्रेरणा का संचार करते रहते हैं।

# सिद्ध-कोट व सुमाड़ में मंत्री राजेश धर्माणी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश में पहली जून को सातवें व अंतिम चरण में चार सीटों पर लोकसभा चुनाव व छह सीटों पर विधानसभा उपचुनाव आयोजित होने है। जबकि चार जून को मतगणना होनी है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश में होने वाले लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों को महज 15 दिन शेष रह गए है। इसे देखते हुए भाजपा व कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान व नुक्कड़ सभाओं के जरिए जनता से लगातार वोट की अपील कर रहे हैं।



वहीं, हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी ने बिलासपुर जिला के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की बाड़ी चौक, सुमाड़, सिद्ध, कोट व बम सहित 14 पंचायतों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में शिरकत कर हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में जनता से वोट की अपील की है। वहीं, कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उपचुनाव की छह सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत का दावा किया है। राजेश धर्माणी का कहना है कि कांग्रेस के छह बागी व निष्कासित विधायकों को भाजपा ने खरीदकर अपनी पार्टी में शामिल कर विधानसभा उपचुनावों में अपना उम्मीदवार बनाया है। इससे प्रदेश की जनता में भाजपा के प्रति खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। साथ ही राजेश धर्माणी ने केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर द्वारा प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश की पूरी मदद करने व प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा आपदा प्रभावितों पर 10 से 20 करोड़ रुपए भी खर्च न करने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि आपदा को लेकर केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक मदद तो दूर प्रदेश सरकार को मानकों के आधार पर मिलने वाला रूटीन का पैसा भी पूरा नहीं दिया गया है। जो कि 1900 करोड़ रुपए बनता है।

# शिमला में जल्द शुरू होगी रोबोटिक व प्लास्टिक सर्जरी

## सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक चमियाणा में जल्द मिलेगी सुविधा, अब मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा पीजीआई

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

प्लास्टिक व रोबोटिक सर्जरी करवाने के लिए अब हिमाचल के मरीजों को पीजीआई चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। अब सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक चमियाणा में भी जल्द रोबोटिक व प्लास्टिक सर्जरी शुरू होगी। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। इससे पहले प्लास्टिक सर्जरी की तो आईजीएमसी में सुविधा थी, लेकिन इसके डॉक्टरों की काफी कमी है। वहीं, इस विभाग को चमियाणा में शिफ्ट किया जा रहा है।

ऐसे में इसका पूरा स्टाफ भी चमियाणा में ही बैठेगा और अब डॉक्टर भी वहां पर शीघ्र ही भर्ती किए जाएंगे। इससे मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी। वहीं, आईजीएमसी से यूरोलॉजी विभाग भी शिफ्ट होगा। मरीजों को अब चमियाणा ही यूरोलॉजी व प्लास्टिक सर्जरी का उपचार करना होगा। अभी चमियाणा में जिस जगह पर सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक बना है। वहां पर सड़क का कार्य अब लगभग पूरा हो गया है। ऐसे में अब यूरोलॉजी की ओपीडी यहां पर लगनी शुरू हो जाएगी। आईजीएमसी यूरोलॉजी का स्टाफ भी यहीं पर ड्यूटी करेंगा। वहीं, प्लास्टिक सर्जरी के डॉक्टर भी सारे चमियाणा में ही बैठेंगे। इसके अलावा आईजीएमसी से अन्य कुछ ओपीडी शिफ्ट होनी है, लेकिन अभी प्रशासन धीरे-धीरे ओपीडी को शिफ्ट करने जा रहा है। वर्तमान में न्यूरोलॉजी विभाग चमियाणा में शिफ्ट हो चुका है। चमियाणा में जैसे ही सारी सुविधा शुरू हो जाएगी तो आईजीएमसी में भीड़ कम हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)


सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक चमियाणा

### साथ ही नौ ऑपरेशन थियेटर भी खुलेंगे

**इस** सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक में नौ ऑपरेशन थियेटर स्थापित होंगे। इसमें कैमरे की सुविधा होगी। इसके अलावा ब्लॉक में बेड की सुविधा भी होगी। ब्लॉक में कुल 200 के करीब बेड लगाए जाएंगे। अब मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### नौ मंजिला बनाया गया है भवन

**सुपर** स्पेशिलिटी ब्लॉक चमियाणा में कुल दस विभाग खुलेंगे। यह भवन नौ मंजिला बनाया गया है। भवन कुल 22,238 सिक्यर मीटर भूमि पर बना है। इसमें न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, सीटीबीएस, मेडिकल कार्डियोलॉजी, नेफरोलॉजी, यूरोलॉजी, पिड्रीयटिक्स सर्जरी, इंडोकरोनोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, गेस्ट्रोलॉजी आदि विभाग खुलेंगे।

**चमियाणा** में रोबोटिक व प्लास्टिक सर्जरी जल्द शुरू होगी। आईजीएमसी से इन दोनों विभाग को शिफ्ट किया जाएगा। हमारे यहां पर सड़क नहीं थी ऐसे में अब सड़क का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। जैसे ही सड़क पूरी बनकर तैयार होंगी तो यहां पर मरीजों का बेहतरीन उपचार शुरू होगा। रोबोटिक व प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा शुरू होने से काफी फायदा होगा।

**-डॉ. सुधीर शर्मा, एमएस चमियाणा।**

# नेहा-जतिन ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

जेएसडब्ल्यू की ओर से शोलतु में दो दिवसीय इंटर शिखर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें शिखर केंद्र सांगला, उरनी, निचार और शोल्टू के 40 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान 42-46 किलोग्राम भार वर्ग में सांगला केंद्र की नेहा ने गोल्ड व निचार की श्रेया ने सिल्वर जीता।

जबकि 46-48 किलोग्राम भार वर्ग में सांगला के जतिन ने गोल्ड व निचार के अभिषेक ने सिल्वर, 48-50 किलोग्राम भार वर्ग में निचार की शीतल गोल्ड, उरनी की सिमरन ने सिल्वर एवं निचार की आकांक्षा व सांगला की प्रीतिका ने ब्रांज मेडल जीत। जबकि 50-52 किलोग्राम भार वर्ग में निचार के अक्षत ने गोल्ड व उरनी के सिद्धांत ने सिल्वर मेडल जीते। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ परियोजना प्रमुख कौशिक मौलिक ने किया। परियोजना प्रमुख ने बताया कि जेएसडब्ल्यू बॉक्सिंग को उच्च स्तर तक ले जाने के प्रति तत्पर है। वहीं, जेएसडब्ल्यू द्वारा चलाए जा रहे इन चार बॉक्सिंग केंद्र के 17 बॉक्सर अभी हाल ही में तीन सप्ताह के कैंप के लिए जेएसडब्ल्यू के इंस्पॉयर इंस्टिट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स बल्लारी गए थे।



### प्रशिक्षण दिया जा रहा है

जेएसडब्ल्यू के सीएसआर विभाग प्रमुख दीपक डेविड ने अवगत करवाया कि हम अपने बॉक्सिंग प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षुओं को दिए जा रहे आहार को और बढ़ाएंगे ताकि हमारे बॉक्सर शारीरिक रूप से अधिक मजबूत बनें।

# घुमारवीं में जिला स्तरीय बैठक 21 को

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रधान एवं सेवानिवृत्त डीएसपी सीता राम कौंडल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि आगामी 21 मई को घुमारवीं के अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन होगा। बैठक में एससीएसटी कंपोनेंट के तहत स्वीकृत बजट को अन्य मदों पर व्यय करने को लेकर चर्चा की जाएगी। वहीं, आरक्षण को समाप्त करने की जो भीतरखाते मुहिम चली है। उस पर गहन चर्चा होगी।

# दसवीं के परीक्षा परिणाम में चमके धाली स्कूल के होनहार

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

जुन्गा तहसील के दूरदराज गांव धाली के राजकीय उच्च विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं की परीक्षा के परिणाम में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके स्कूल और समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मुख्याध्यापक राकेश वर्मा ने बताया कि इस विद्यालय के दसवीं कक्षा के छात्र सक्षम अत्री ने 671/700 अक और सिमरन ने 655/700 अंक प्राप्त करके उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किए है। इन विद्यार्थियों को स्कूल की ओर से पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ भव्य स्वागत किया गया तथा फल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। हैडमास्टर ने बताया कि दसवीं कक्षा में कुल 15 विद्यार्थियों में से 14 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं ।


सक्षम अत्री।


सिमरन।


कोटखाई। कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत बाघी से संबंध रखने वाले राकेश रोहटा और बृजलाल रोहटा ने परिवार सहित माननीय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली और उनके द्वारा क्षेत्र में करवाएं जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होते हुए भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। माननीय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राकेश रोहटा और बृजलाल रोहटा का माला और कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया।

# 2800 हेक्टेयर भूमि पर हो रही प्राकृतिक खेती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश मे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से प्रदेश कृषि विभाग द्वारा तरह तरह के कार्यक्रम प्रदेश भर में चलाए जा रहे है।

इसी के तहत शुक्रवार को शिमला के मशोबरा में स्थित कृषि विभाग के समिति कार्यालय में प्राकृतिक खेती प्रशिक्षुओं के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण शिवर का आयोजन किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग जिला मुख्यालय व ब्लॉकों से प्राकृतिक खेती ट्रेनरों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों ने प्रदेश भर से आए ट्रेनरों को प्राकृतिक खेती के गुर सिखाए है। हिमाचल प्रदेश कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रविंद्र जसोटिया के कहा कि हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए आज कृषि विभाग के समिति कार्यालय मशोबरा मे एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

### 2.25 लाख परिवारों को दे चुके हैं प्रशिक्षण

**उन्होंने** बताया कि हिमाचल प्रदेश के किसानी से जुड़े कुल साढ़े 9 लाख परिवारों में से 2.25 लाख परिवारों को प्रशिक्षण दे चुके हैं। वहीं, वर्तमान में प्रदेश कुल कृषि जमीन मे से 2800 हेक्टेयर पर प्राकृतिक खेती हो रही है।

**जानकारी** भावानगर स्कूल में उपायुक्त डॉ. अमित कुमार ने लोगों को किया जागरूक

# किन्नौरी नाटी प्रस्तुत कर दिया मतदान करने का संदेश

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने जिला के भावानगर परियोजना वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के प्रांगण में आयोजित मतदाता जागरूकता स्वीप गतिविधियों के तहत कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 में जनजातीय जिला किन्नौर के मतदाता पहली जून को मतदान के दिन बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चत करें।

उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों में मतदान केंद्र भावानगर-एक, भावानगर-दो, रिकांगपिओ-एक व शोल्टू में मतदान की प्रतिशत्ता कर्म दर्ज की गई थी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व पंचायत जन-प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे सभी वर्गों को मतदान के महत्व पर जागरूक करें और जनजातीय जिला किन्नौर में मतदान प्रतिशत्ता में बढ़ोतरी दर्ज करवाएं, ताकि एक सशक्त समाज का निर्माण संभव हो सके। इस अवसर पर स्थानीय महिला मंडलों ने किन्नौरी नाटी प्रस्तुत की तथा मतदान करने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नारा-लेखन व नाटक प्रस्तुति के माध्यम से मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान म्यूजिकल चेयर व मटका-फोड़ प्रतियोगिता का भी ग्रामीण महिलाओं के लिए आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के स्टेट-आइकन व साइकिलिंग चैंपियन जसप्रीत पाल ने उपस्थित लोगों, विशेषकर युवा पीढी को मतदान करने का संदेश दिया।


कार्यक्रम के दौरान नाटी डालते हुए कलाकार।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**इस** अवसर पर एसडीएम भावानगर विमला वर्मा, तहसलदार पूह कुलवंत सिंह, खंड विकास अधिकारी पूह अभिषेक बरवाल, स्वीप दल के अधिकारी व कर्मचारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों सहित विद्यार्थियों के अभिवावक उपस्थित थे।

# आहार में करें मिलेट्स का प्रयोग और समझें औषधीय पौधों का महत्व

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय मिलेट्स का आहार में प्रयोग व औषधीय पौधों का पोषण एवं स्वास्थ्य में योगदान रहा।

इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. महेंद्र भाटिया (वनस्पति विभाग) द्वारा मिलेट्स का आहार में उचित प्रयोग व वर्तमान में इसकी आवश्यकता बताया गया। इससे हम वर्तमान समय में बहुत सी बीमारियों से बच सकते हैं। इस कार्यक्रम के द्वितीय वक्ता डॉ. जीवेश नड्डा (वनस्पति विभाग) द्वारा औषधीय पौधों का महत्व विषय पर अपना वक्तव्य दिया। प्रो. नड्डा ने नियमित प्रयोग में आने वाले औषधीय पौधों का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न समितियों के समन्वयक डॉ. सुरेश शर्मा द्वारा मिलेट्स हमारी थाली में व औषधि पौधे हमारे रसोई में कैसे महत्व रखते हैं। इस विषय से उन्होंने छात्रों को जागरूक किया।

महाविद्यालय के कुछ छात्रों ने औषधीय पौधों, मिलेटस व पोस्टर मेकिंग की प्रदर्शनी के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया। कार्यशाला में हिम बाजार घुमारवीं के अध्यक्ष यशपाल चंदेल द्वारा मिलेट्स उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के कुछ छात्रों ने औषधीय पौधों, मिलेटस व पोस्टर मेकिंग की प्रदर्शनी के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया।

## न्यूज ब्रीफ

### गाजा पट्टी में सहायता पहुंचाना असंभव: संयुक्त राष्ट्र

**गाजा।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इजरायल और हमास के बीच लंबे समय से जारी संघर्ष को लेकर गाजा पट्टी में मानवीय सहायता वितरण का काम असंभव है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने 'एक्स' पर कहा कि गाजा में तीव्र लड़ाई के बीच अनियमित ईंधन आपूर्ति और बाधित संचार के कारण मानवीय सहायता वितरित करना लगभग असंभव है। गाजा में सहायता के लिए प्रमुख क्रॉसिंग कई दिनों से बंद होने के कारण फिलिस्तीनियों के लिए मानवीय सहायता पहुंचाना असुरक्षित है।

UNITED NATIONS

### ईरान में बाढ़ से सात लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के उत्तर-पूर्वी शहर मशहद में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ की चपेट में आकर सात लोगों की मौत हो गई है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में मशहद नगर पालिका के अग्निशमन और सुरक्षा सेवा संगठन के प्रबंध निदेशक हामिद्रेजा काफिनिया के हवाले से बताया गया है कि बुधवार को खुरासान रजावी प्रांत के मशहद में एनकेलाब चौक पर बाढ़ के पानी में एक कार के अंदर फंसे दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि एनकेलाब चौक पर बचाव नौकाएं तैनात की गई थीं, जबकि बचाव दल संभावित जीवित बचे लोगों और पीड़ितों के लिए बाढ़ के पानी में फंसी कारों की तलाश कर रहे हैं।

### चौथी बार फ्लोर टेस्ट का सामना करेंगे नेपाल के पीएम



**नई दिल्ली।** भारत के पड़ोसी देश नेपाल में इन दिनों सियासी भूचाल आया हुआ है। यहां पर सत्तासीन पार्टी को अब नेपाल की संसद में फ्लोर टेस्ट का सामना करना होगा। यह चौथी बार है कि नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड फ्लोर टेस्ट देंगे। आने वाले सोमवार, 20 मई को संसद में चल रहे व्यवधान और अराजकता के बीच अपना विश्वास मत हासिल करेंगे। बता दें कि यह नया विश्वास मत नेपाल की जनता समाजवादी पार्टी नेपाल के समर्थन वापस लेने और दहल के पदभार संभालने के 18 महीने के भीतर ही आया है।

### खारकीव पर कब्जा करने की कोई योजना नहीं: पुतिन



**कीव।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र में उसके हमले का उद्देश्य एक 'बफर जोन' बनाना है, लेकिन शहर पर कब्जा करने की उसकी कोई योजना नहीं है। चीन के हार्बिन के दौरे पर शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में यूक्रेनी गोलाबारी के जवाब में रूस ने खारकीव क्षेत्र में हमले किए। उन्होने कहा, 'मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि अगर यह जारी रहा तो हम एक सुरक्षा क्षेत्र, एक जोखिम मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए मजबूर होंगे।'

### हिजबुल्लाह ने इसराइल के खिलाफ बनाए नए हथियार

**बेरूत।** लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने इस सप्ताह उत्तरी इसराइल में एक सैन्य चौकी पर ड्रोन के जरिए हमला किया और दो मिसाइलें दागीं, जिसमें तीन सैनिक घायल हो गए थे। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी। हिजबुल्लाह बीते सात महीने से इसराइल पर लगातार हमले कर रहा है, लेकिन वीरवार को किए गए हमले में उसे पहली बार कामयाबी मिली, क्योंकि यह इसराइली हवाई क्षेत्र के भीतर से किया गया था। हिजबुल्लाह ने हाल के सप्ताहों में इसराइल पर अपने हमले तेज कर दिए हैं, खासकर गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर रफह में इसराइली घुसपैठ के बाद से। हिजबुल्लाह ने इसराइल के खिलाफ नए हथियार व रणनीति बनाई है।

### कोरिया में अभ्यास करेंगी तीरंदाज दीपिका



**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में अभ्यास करेंगी। पिछले महीने शंघाई में विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में फिर से शामिल किया गया है। वह भारतीय महिला टीम का हिस्सा है जो पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का प्रयास करेगी। वह 13 दिन तक किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से अंताल्या में होने वाले क्वालीफायर के लिए रवाना होंगी। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराए, रहने खाने, अभ्यास और स्थानीय आवागमन का खर्च उठाएगा।

### बांग्लादेश से एक जून को अभ्यास मैच खेलेगा भारत

**दुबई।** भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 27 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैंपियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी। पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय सीरीज खेल रहे हैं। वहीं पाकिस्तान में पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलकर कीवी टीम आठ जून को अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप का पहला मैच खेलेगी।

शारजाह मास्टर्स शतरंज

### निकोलस थियोडोरोउ से हारे अर्जुन एरिगेसी



**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में यूनान के निकोल थियोडोरोउ से हार गए। उन्होंने हालांकि तीसरे दौर में स्विट्जरलैंड के निकोलाइ काचेरावा को हराया और लाइव रेटिंग में आठवें स्थान पर बने हुए हैं। भारत के अरविंद चिदंबरम ने अजरबैजान के मुरादली मोहम्मद को हराया।

### फीफा महिला विश्व कप-2027 की मेजबानी करेगा ब्राजील

**नई दिल्ली।** ब्राजील फीफा महिला विश्व कप का 2027 का मेजबान होगा। यह इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण होगा। शुक्रवार को थाईलैंड में आयोजित 74वीं फीफा कांग्रेस में उक्त घोषणा की गई। ब्राजील ने 1950 और 2014 में पुरुष फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी की थी। अब महिलाओं का समय है। यह दक्षिण अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला महिला विश्व कप होगा। ब्राजील ने नीदरलैंड, बेल्जियम और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए मेजबानी का अधिकार हासिल किया। अप्रैल में संयुक्त राज्य अमेरिका और मेक्सिको ने अपनी बोली यह कहते हुए कि वापस ले ली कि उन्होंने इसके बजाय 2031 के लिए अपनी बोली पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई है। नवंबर में दक्षिण अफ्रीका ने भी ऐसा ही किया था।

### अंतर्मन की आवाज पर लिया संन्यास का फैसला : छेत्री



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने शुक्रवार को कहा कि अगले महीने कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के बाद सन्यास का फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया और घरेलू सर्किट पर अपने उत्तरदायित्व पूरे करने के बाद वह ब्रेक लेना चाहेंगे। 39 वर्ष के छेत्री ने कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला लिया है। इसके साथ ही 19 वर्ष के उनके सुनहरे कैरियर पर भी विराम लग जाएगा, जिसमें उन्होंने 150 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल भारत के लिए सर्वाधिक 94 गोल किए। छेत्री ने कहा,''संन्यास का फैसला शारीरिक कारणों से नहीं लिया। मैं अभी भी फिट हूं, दौड़ रहा हूं, डिफेंड कर रहा हूं, मेहनत करना मुश्किल नहीं है। यह फैसला मानसिक पहलू को ध्यान में रखकर लिया।'' छेत्री ने कहा कि एक साल बेंगलुरु एफसी के लिए खेलूंगा। घरेलू फुटबॉल कब तक खेलूंगा, पता नहीं। उसके बाद ब्रेक लूंगा।'' छेत्री का इंडियन सुपर लीग टीम के साथ अनुबंध अगले साल तक है।

निवेशकों ने कमाए 2.88 लाख करोड़

# सेंसेक्स में 253 अंक का उछाल 22,450 के पार बंद हुआ निफ्टी



**एजेंसी, मुंबई**

कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। कारोबार के आखिर में बाजार निचले स्तर से सुधरकर बंद होने में कामयाब रहा। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अच्छी खरीदारी नजर आई।

कारोबार के अंत में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 253.31 अंक या 0.34 फीसदी की तेजी के साथ 73,917.03 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 62.25 अंक या 0.28 फीसदी की बढ़त के साथ 22,466.10 के स्तर पर बंद हुआ। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 17 मई को बढ़कर 410.23 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो 16 मई को 407.35 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप शुक्रवार को 2.88 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है। इस तरह निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.88 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है

## फिर बढ़ी ब्रिटिश पीएम सुनक और पत्नी अक्षता मूर्ति की संपत्ति



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति की संपत्ति में काफी बढ़ोतरी हुई है। संडे टाइम्स रिच लिस्ट-2024 की सूची में दोनों ने पहले की तुलना में और ऊपर पहुंच गए हैं। सुनक और अक्षता 65.1 करोड़ ग्रेट ब्रिटेन पाउंड की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में 245वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पिछले साल सूची में दोनों का स्थान 275 वां था।

# चारधाम यात्रा की लगातार मॉनिटरिंग करें अधिकारी : मुख्यमंत्री धामी



**एजेंसी, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चारधाम यात्रा के इंतजामों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी लगातार यात्रा की मॉनिटरिंग करते रहें।

यात्रा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पंजीकरण के अनुसार ही श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा की अनुमति दी जाए। इसके साथ ही ठहराव स्थलों पर यात्रियों को जरूरी सुविधाएं मिलें, ताकि उन्हें यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार का अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सचिवालय में यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने चारधाम से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारियों से विभिन्न व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि यात्रा व्यवस्थाओं में सभी अधिकारी चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारी और एसपी का पूरा सहयोग करें। यात्रा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बढ़कर 644 .151 अरब डॉलर हुआ विदेशी मुद्रा भंडार



**एजेंसी, मुंबई**

देश का विदेश मुद्रा भंडार 10 मई को समाप्त हफ्ते में 2.561 अरब डॉलर बढ़कर 644.151 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 10 मई को समाप्त हफ्ते में मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गई।

### सर्राफा बाजार में तेजी जारी सोना और चांदी की बढ़ी चमक



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। सोना शुक्रवार को 700 रुपए प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। भाव में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना एक बार फिर 74 हजार रुपए के स्तर को पार कर गया है। 24 कैरेट सोने ने 74,030 रुपए से लेकर 74,410 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार किया।

# भारत को आत्मनिर्भर बनने के लिए विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार की जरूरत : निर्मला सीतारमण



**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है।

सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। वित्त मंत्री ने बताया कि कोरोना काल में पीएम मोदी ने की जनता की केयर, टैक्स बढ़ोत्तरी पर लगाया ब्रेक, वित्त मंत्री ने बताया निर्मला सीतारमण ने कहा, '' मैं कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा दी गई इस सलाह के विपरीत कुछ रेखांकित करना चाहती हूं कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए।

# स्वाति मालीवाल ने तीस हजारी कोर्ट में दर्ज कराया बयान



**एजेंसी, नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार पर कथित मारपीट का आरोप लगाकर अपना बयान दर्ज कराया।

मालीवाल का यह बयान मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कात्यायनी शर्मा कंडवाल के समक्ष अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत दर्ज किया गया है। स्वाति मालीवाल ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह 13 मई को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर गई थीं। वहां बिभव कुमार नहीं थे तो मैंने उनके मोबाइल पर मेसेज कर दिया, मुझे कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद मैं घर के अंदर चली गई जैसा कि मैं पहले भी जाती रही हूं। मैंने घर के स्टाफ को बताया कि वह सीएम को बताएं कि मैं मिलना चाहती हूं। इसके बाद मैं ड्रॉइंग रूम में बैठ गई। इसके बाद अचानक से बिभव कुमार आए और बिना किसी कारण के मुझे अपशब्द कहने लगे, मैं हैरान रह गई।

इसके बाद वह मुझसे अभद्र तरीके से बात करने लगे। मुझे मारा पीटा भी। मैं बहुत ज्यादा घबराई हुई थी और वहां से निकलने के लिए गुहार लगाती रही, लेकिन उन्होंने मेरी एक नहीं सुनी।

## मेक्सिको में नाव के पुल से टकराने से दो हजार गैलन तेल का रिसाव



**ह्यूस्टन।** अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने मेक्सिको के पूर्वी टेक्सास के पास द्वीप शहर गैलवेस्टन में एक मालवाहक नाव के पुल से टकराने की घटना के बाद मेक्सिको की खाड़ी में दो हजार गैलन तक तेल रिसाव का अनुमान जताया है। समाचार एजेंसी ने अमेरिकी कोस्ट गार्ड का हवाला देते हुए बताया कि दुर्घटना के बाद नौका से तेल रिसाव के स्रोत पर काबू पा लिया गया है।

# एलन मस्क ने एक्स का डोमेन नाम बदलकर एक्स डॉट कॉम किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर का नाम और लोगो बदलने के बाद उसके डोमेन को भी बदलकर एक्स डॉट कॉम (&.com) कर दिया है। मस्क ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि सभी कोर सिस्टम अब एक्स डॉट कॉम (&.com) पर हैं।

अमेरिका के दिग्गज कारोबारी एलन मस्क ने ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद 24 जुलाई, 2023 को इसका नाम और लोगो बदलकर एक्स (X) कर दिया था। उस समय एक्स डॉट कॉम को ट्विटर डॉट कॉम पर रीडायरेक्ट किया गया था, लेकिन अब मेन डोमेन को एक्स डॉट कॉम करने के साथ ही को इस पर रीडायरेक्ट कर दिया गया है। एक्स के लॉगिन पेज के नीचे एक मैसेज दिखाई दे रहा है, जिसमें लिखा है, 'हम आपको बता रहे हैं कि हम अपना यूआरएल बदल रहे हैं, लेकिन आपकी प्राइवेसी और डेटा प्रोटेक्शन सेटिंग्स वही रहेंगी।

# आखिरी प्लेऑफ स्थान के लिए आरसीबी और सीएसके में टक्कर, बारिश की आशंका

**एजेंसी, बेंगलुरु**

लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी, लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका भी है। हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं। बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0.528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है। इस मैदान पर वह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है।

मौसम विभाग ने कल बारिश की भविष्यवाणी की है। अगर मैच नहीं हो पाता है तो चेन्नई प्लेआफ में पहुंच जाएगी। वहीं आरसीबी को कम से कम 18 रन से या 11 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी। आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं। छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है। आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबरदस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं । कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं । महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे।



**संभावित टीमें**

**चेन्नई सुपर किंग्स**
ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), रचिन रविंद्र, अजिंक्य रहाणे, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, समीर रिजवी, एमएस धोनी, महीष तीक्षणा, तुषार देशपांडे, शार्दुल ठाकुर, शाइक रशीद, मोईन अली, निशांत सिंधू, मिचेल सेंटनेर, अजय जादव मंडल, प्रशांत सोलंकी, मुकेश चौधरी, सिमरनजीत सिंह, आर एस हंगरगेकर, अरावेली अवनीश।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**
फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 में खेल सकते हैं पाक के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ



**एजेंसी, कराची**

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के इस महीने के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चोट से वापसी की संभावना है। इससे उनके टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है।

इंग्लैंड में टीम अधिकारी के अनुसार हारिस ने 22 मई को लीड्स में होने वाले पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले पाकिस्तान टीम के साथ ट्रेनिंग शुरू कर दी है। अधिकारी ने कहा, ''वह नेट में गेंदबाजी में अच्छा दिख रहा है और लय से गेंदबाजी कर रहा है।'' हारिस फरवरी में पाकिस्तान सुपर लीग के शुरुआती हिस्से में लगी ग्रोइन चोट से जूझ रहे हैं।

## मिजुहो अमेरिका ओपन में अदिति अशोक की निराशाजनक शुरुआत



**जर्सी सिटी (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक मिजुहो अमेरिका ओपन के शुरुआती दौर में चार ओवर 76 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 99वें स्थान पर है। अदिति इस एलपीजीए प्रतियोगिता के पहले दौर में दो बर्डी के मुकाबले छह बोगी कर बैठी और इस प्रदर्शन के बाद उनके कट में जगह बनाने पर खतरा मंडरा रहा है। कोरिया की सो मी ली छह अंडर 66 के कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

# फुटबाल मैच फिक्सिंग में क्लब टीम का कप्तान और दो खिलाड़ी गिरफ्तार



**एजेंसी, सिडनी**

आस्ट्रेलियाई पेशेवर फुटबॉल में शुक्रवार को लीग क्लब मैकार्थर एफसी के कप्तान द्वारा दो युवा साथी खिलाड़ियों को जान-बूझकर पीला कार्ड हासिल करने के लिए 10,000 आस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि देने के आरोपों के बाद तहलका मच गया।

इसमें मैकार्थर एफसी के कप्तान उलीसेस डाविला तथा साथी खिलाड़ी कीरिन बाकुस और क्लेटन लुईस को मैच फिक्सिंग में कथित लिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि जीतने के लिए सैकड़ों हजार डॉलर की राशि दी गई।

शुक्रवार को सभी तीनों खिलाड़ियों को आधिकारिक रूप से आरोपित किया गया और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। डाविला 24 जून को अदालत में पेश होंगे।

## सावन बरवाल ओलंपिक तैयारी के लिए इंग्लैंड रवाना



**जोगिंद्रनगर।** सावन बरवाल 27वीं फेडरेशन प्रतियोगिता 12 से 15 मई को भुवनेश्वर में संपन्न होने के बाद दिल्ली से इंग्लैंड को फ्लाइट लेकर रवाना हो गए। तत्पश्चात 27 जून को सावन पंचकूला में इंटर स्टेट प्रतियोगिता में भाग लेंगे और 5000 मीटर दौड़ में बेहतर समय निकाल कर पेरिस ओलंपिक को क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर बताते हैं कि यह धावक बेसिक सुविधाओं से वंचित था, जो इसे प्रशिक्षण शुरुआत में 5 वर्षों मे मिलनी चाहिए थी। भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है, भारत सरकार ने उनकी प्रतिभा देखकर विदेश भेजा है। गोपाल पिछले 25 वर्ष से हिमाचल प्रदेश में एथलेटिक्स को उभारने मे काम कर रहे हैं।

खेलकूद | एफआईएच हॉकी प्रो-लीग 2023-2024

# भारतीय महिला टीम यूरोप रवाना



**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो×लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ब्रुसेल्स के लिए रवाना हुई। लीग का यह चरण बेल्जियम और इंग्लैंड में शुरू होगा, जिसमें एंटवर्प 22 मई से 26 मई तक मैचों की मेजबानी करेगा और लंदन 1 से 9 जून तक मैचों की मेजबानी करेगा। इस चरण के दौरान भारत का सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी से दो-दो बार होगा। वर्तमान में, टीम आठ मैचों में आठ अंक अर्जित करके एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 अंक तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा टेटे भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि मिडफील्डर नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी।

सलीमा टेटे ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए रवाना होने से पहले कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान के रूप में, एफआईएच हॉकी प्रो-लीग के यूरोपीय चरण में हमारी प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नवनीत कौर ने कहा कि उप-कप्तान नियुक्त होना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों हैं।

भारत एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण के अपने पहले मैच में 22 मई को अर्जेंटीना से भिड़ेगा।